हरिभूमि
रायपुर भूमि
रायपुर, शुक्रवार 15 मई 2026

तापमान

अधिकतम 41.5 डिग्री

न्यूनतम 25.9 डिग्री

कोर्ट परिसर का औचक निरीक्षण आधा दर्जन संदिग्ध दबोचे गए

रायपुर। न्यायालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने, अपराध पर अंकुश लगाने डीसीपी सेंट्रल जोन एवं क्राइम के निर्देश पर विशेष अभियान चलाकर न्यायालय परिसर में आकस्मिक जांच की गई। अभियान में मध्य जोन के विभिन्न थाना स्टाफ, एसीसीयू, पुलिस लाइन के 100 से अधिक जवान एवं बीडीएस टीम शामिल रही। चेकिंग के दौरान न्यायालय परिसर में संदिग्ध रूप से घूमते एवं उपद्रव की आशंका के चलते आशुतोष साहू, विराज सेंद्रे, भुवनेश्वर चौधरी, गोलू नेताम, पवन कोसरिया, दुन्नो कुल्हरिया के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है।

चोरी-छिपे रेव पार्टी की खुली पोल वीडियो आने के बाद पुलिस ने कराया रद्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

तेलीबांधा थाना क्षेत्र के वीआईपी रोड स्थित एक क्लब में 'रेड रूम' टैक्नो पार्टी के आयोजन को लेकर सोशल मीडिया में जमकर प्रचार हुआ। इसका आयोजन शुक्रवार को होना निर्धारित था। लेकिन वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने आयोजकों पर शिकंजा कसा और आयोजन को रद्द करवा दिया। आयोजकों को भी चिन्हिंत किया जा रहा है।

गौरतलब है, टैक्नो पार्टी रेव पार्टी का ही एक दूसरा रूप है। आयोजन के एडवर्टाइजमेंट में जिस क्लब में पार्टी होने का उल्लेख किया गया है, पुलिस ने उस क्लब संचालक से भी संपर्क कर वस्तुस्थिति स्पष्ट करने निर्देश दिए हैं। वीआईपी रोड स्थित जिस क्लब में टैक्नो पार्टी आयोजन करने का उल्लेख किया गया है, वह क्लब पूर्व में भी विवादों में रहा है। उस क्लब में पूर्व में भी देर रात पार्टी आयोजन करने की शिकायतें पुलिस को मिल चुकी हैं। टैक्नो पार्टी के प्रमोशन के लिए जो वीडियो वायरल किया गया है, उस वीडियो में कम उम्र की लड़कियों जैसे दिखने वाले चेहरों का इस्तेमाल किया गया है। इसमें तेज म्यूजिक, शराब, धुएं और डांस के जरिए पार्टी को हाई-प्रोफाइल और आकर्षक दिखाने की कोशिश की गई है। सोशल मीडिया यूजर्स ने इस पर आपत्ति जताई है।

खास खबर

पार्टी का विज्ञापन अश्लील अंदाज में पेश कर युवाओं को आकर्षित करने की कोशिश

महंगे टिकट के साथ वीआईपी एंट्री

टैक्नो पार्टी आयोजित करने सोशल मीडिया में जो पोस्टर जारी किए गए हैं, उसमें इस पार्टी के लिए अलग-अलग श्रेणियों में टिकट तय किए गए हैं। इनमें 40 हजार, 20 हजार, 15 हजार, 10 हजार और 8 हजार रुपए तक की बुकिंग फीस शामिल है। इसके अलावा कलाकारों से मिलने के लिए भी अलग से शुल्क लेने की बात सामने आई है, जिससे आयोजन की पारदर्शिता और उद्देश्य पर और सवाल खड़े हो रहे हैं।

पुलिस जांच में जुटी

इस पूरे मामले पर पुलिस ने भी संज्ञान लिया है। एडीसीपी तारकेश्वर पटेल ने बताया है, मामले में कार्रवाई की जा रही है। बजरंग दल के जिला अध्यक्ष योगेश सिह सैनी ने इस तरह के आयोजन को भारतीय संस्कृति को नष्ट करने वाला बताया। साथ ही पुलिस से ऐसे तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

पहले भी विवादों में रहा 'स्ट्रेंजर मीटअप' कार्यक्रम

राजधानी में इससे पहले भी सोशल मीडिया पर प्रचारित 'स्ट्रेंजर मीटअप' कार्यक्रम को लेकर विवाद हो चुका है। उस समय लुधियाना की संस्था युनीगैदर द्वारा आयोजित इस इवेंट का विरोध हुआ था। बजरंग दल के विरोध के बाद पुलिस ने हस्तक्षेप करते हुए तेलीबांधा तालाब के पास प्रस्तावित आयोजन को रद्द करा दिया था, जिससे मामला काफी सुर्खियों में रहा था।

म्यूजिक इतना तेज कि हृदय गति रुक जाए

टैक्नो पार्टी में युवक-युवती काफी तेज आवाज में डीजे तथा आर्केस्ट्रा के म्यूजिक में डांस करते हैं। साउंड इतना कि 120 से 150 बीट्स प्रति मिनट रहता है, जबकि सामान्य आवाज 60 से 120 बीपीएम होना चाहिए। जितने तेज आवाज में म्यूजिक बजाया जाता है, इससे दिल की धड़कन रुकने का खतरा रहता है।

पगड़ी रस्म

हमें अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि

श्रीमती मधु अग्रवाल,

पत्नी श्री नारायण अग्रवाल (हीरा ग्रुप)

का स्वर्गारोहण दिनांक 04.05.2026 को हो गया है.

विधि के विधान के आगे हम सब नतमस्तक है।

गंगा प्रसादी

दिनांक 15.05.2026 शुक्रवार, दोपहर 12 से 2 बजे तक

निवास- राम कुटीर, राम मंदिर के बगल में, वी.आई.पी. रोड, रायपुर

पगड़ी रस्म

दिनांक 15.05.2026 शुक्रवार, शाम 4 बजे

स्थान

बेबीलान इंटरनेशनल होटल, वी.आई.पी. रोड, रायपुर

॥ ॐ शांति ॥

स्व. श्रीमती मधु अग्रवाल

शोकाकुल

हीरा परिवार

Khanna

जनगणना वाले किसी महिला को पति का नाम बताने नहीं कर सकते बाध्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ की महिलाओं के बीच एक परंपरा या सामाजिक रूढ़ि ये है कि महिलाएं अपने पति का नाम पूछने पर भी नहीं बतातीं। कई बार जरूरत पड़ने पर संकेतों में नाम बताते हुए भी झिझकती हैं। अब अगर जनगणना के दौरान इन महिलाओं से पति का नाम पूछा गया, तो भला वे कैसे बताएंगी। शायद इसी बात को भांपकर जनगणना करने वालों से कहा गया है कि किसी महिला के पति का नाम या मृत पति का नाम बताने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता।

यही नहीं, किसी भी व्यक्ति को घर की महिला का नाम बताने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकेगा। राज्य सरकार के गृह विभाग ने जनगणना के संबंध में आधिकारिक रूप से यह बात कही है। खास बात ये भी है कि आम जनता से कहा गया है कि जनगणना अधिकारी को सही और स्पष्ट जानकारी दें। गृह विभाग ने स्पष्ट किया है कि जनगणना के दौरान पूछे गए सवालों के जवाब देना नागरिकों की कानूनी बाध्यता है और इसमें कोताही बरतने या गलत जानकारी देने पर कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है।

कानून और आपकी जिम्मेदारी

जनगणना अधिनियम के तहत नागरिकों के लिए कुछ विशेष नियम बनाए गए हैं। अधिसूचना के मुताबिक, हर व्यक्ति जनगणना अधिकारी द्वारा पूछे गए सवालों का अपनी सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार उत्तर देने के लिए कानूनी रूप से बाध्य है। हालांकि, इसमें कुछ सामाजिक रियायतें भी दी गई हैं। जैसे किसी भी व्यक्ति को अपने परिवार की किसी महिला सदस्य का नाम बताने के लिए मजबूर नहीं किया जाएगा। कोई भी महिला अपने पति या मृत पति का नाम बताने के लिए बाध्य नहीं होगी, यदि उनकी सामाजिक रूढ़ियों में ऐसा करना वर्जित हो।इसके अलावा, नागरिकों को अपने घरों में जनगणना अधिकारियों को प्रवेश देने और मकानों पर नंबर या चिन्ह लगाने की अनुमति देनी होगी।

जनगणना 2027 पर राज्य के गृह विभाग के निर्देश

जानबूझकर गलत जानकारी देने पर जुर्माना

फाइल फोटो

सजा और जुर्माने का प्रावधान

जनगणना के दौरान लापरवाही बरतने वालों के लिए सख्त चेतावनियां भी दी गई हैं। यदि कोई व्यक्ति जानबूझकर गलत उत्तर देता है, उत्तर देने से इंकार करता है, या जनगणना के प्रतीकों (नंबरों) को मिटाता है, तो उसे एक हजार रुपये तक का जुर्माना भरना पड़ सकता है। वहीं, यदि कोई अधिकारी या कर्मचारी अपने कर्तव्यों का पालन करने में लापरवाही बरतता है या जनगणना कार्य में बाधा डालता है, तो उसे जुर्माने के साथ-साथ तीन साल तक की जेल भी हो सकती है।

आंकड़ों की गोपनीयता

सरकार ने यह भी भरोसा दिलाया है कि जनगणना के दौरान जुटाए गए आंकड़ों को पूरी तरह गोपनीय रखा जाएगा। 'भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023' के बावजूद, जनगणना के इन रिकॉर्ड्स का उपयोग किसी भी दीवानी (सिविल) या आपराधिक कार्यवाही में साक्ष्य के रूप में नहीं किया जा सकेगा। गोपनीयता का कड़ा पहरा- जनगणना अधिनियम, के तहत, जनगणना अधिकारी द्वारा तैयार किए गए किसी भी रजिस्टर या रिकॉर्ड का निरीक्षण करने का अधिकार किसी को नहीं है । यहाँ तक कि भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 के प्रावधानों के बावजूद, इन आंकड़ों को किसी भी दीवानी या आपराधिक कार्यवाही में साक्ष्य के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जा सकता ।

खबर संक्षेप

दीनदयाल के उपन्यास 'पीरा' का विमोचन

रायपुर। सिविल लाइंस स्थित न्यू सर्किट हॉऊस के सभागार में गुरुवार को छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग द्वारा एक दिवसीय साहित्यिक आयोजन किया गया। इस अवसर पर साहित्यकार व संपादक डॉ. दीनदयाल साहू की कृति छत्तीसगढ़ी उपन्यास 'पीरा' का विमोचन किया गया। उनका यह तीसरा उपन्यास है। साथ ही दो छत्तीसगढ़ी उपन्यास अंतस के पीरा और सोनहा माटी प्रकाशनाधीन हैं। इसके अलावा छत्तीसगढ़ी और हिंदी सहित कई विधाओं में 18 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी है। विमोचन के अवसर पर विधायक सुनील सोनी, विधायक अनुज शर्मा, इतिहासकार डॉ. रमेंद्रनाथ मिश्र, राजभाषा आयोग के अध्यक्ष प्रभात मिश्रा के अलावा अरुण निगम, शशि दुबे, जोशी बहनें सहित रायपुर जिले के अलावा अन्य जिलों की भी साहित्यिक प्रतिभाएं उपस्थित रहीं।

पेट्रोल-डीजल की किल्लत, घड़ी चौक पर आज कांग्रेस का प्रदर्शन

रायपुर। पूर्व संसदीय सचिव विकास उपाध्याय के नेतृत्व में रायपुर लोकसभा के समस्त कांग्रेसी 15 मई को राजधानी रायपुर के घड़ी चौक, शहीद वीर नारायण सिंह कॉम्पलेक्स स्थित भारत पैट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड के दफ्तर में पेट्रोल-डीजल की किल्लत को लेकर प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने बताया कि राजधानी रायपुर सहित छत्तीसगढ़ में पेट्रोल डीजल को लेकर आम जनता के बीच हलचल मची हुई है। लोग एक से दूसरी जगह जाने के लिए घबरा रहे हैं। पेट्रोल पंपों में घंटों लंबी-लंबी लाइन लगी हुई है। मरीज परेशान हैं, व्यापार की स्थिति खराब हो रही है, छात्र परीक्षा देने जा रहे हैं, उससे वंचित हो जा रहे हैं या समय पर नहीं पहुंच पा रहे हैं। बीजेपी सरकार मस्त है, जनता की तकलीफों से इनका कोई सरोकार नहीं है।

ईंधन संकट के बीच आई राहत की एक खबर

अब रिहायशी इलाकों से लेकर हाईवे तक नजर आएंगे ईवी चार्जिंग स्टेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में इस समय पेट्रोल डीजल की समस्या से लोग जूझ रहे हैं, इसी समय लोगों को ईवी यानी इलेक्ट्रिक व्हीकल की भी याद आ रही है। हालांकि राज्य में इन वाहनों के लिए चार्जिंग स्टेशनों की संख्या बेहद कम है, लेकिन राज्य सरकार ने लोगों को अब इस चिंता से उबार दिया है। छत्तीसगढ़ में अब रिहायशी कॉलोनी से लेकर हाईवे तक ईवी चार्जिंग स्टेशन नजर आएंगे। दरअसल राज्य सरकार ने पहली बार इस संबंध में नियम बनाकर इसे लागू भी कर दिया है।

हरिभूमि सरोकार

जारी हुए नए नियम

ये है मामला

छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य में इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए 'भूमि विकास नियम' में बड़े बदलाव किए हैं। नए नियमों के तहत अब रिहायशी इलाकों से लेकर नेशनल हाईवे तक पर चार्जिंग स्टेशन और सर्विस सेंटर खोलना आसान हो जाएगा। इस काम के लिए आवास एवं पर्यावरण विभाग ने छत्तीसगढ़ भूमि विकास नियम, 1984 में संशोधन करते हुए इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए नए विकास मानदंड निर्धारित किए हैं।

चार्जिंग स्टेशनों के लिए तय हुए मानक

सरकार द्वारा जारी नई गाइडलाइंस के अनुसार, इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग और सर्विस सेंटर के लिए जमीन और सुविधाओं की श्रेणियां तय कर दी गई हैं। न्यूनतम स्थान- पब्लिक चार्जिंग स्टेशन (पीसीएस) के लिए कम से कम 13.5 मीटर x 5.5 मीटर जगह अनिवार्य होगी। फ्लूइड कूल्ड स्टेशन- भारी वाहनों और लंबी दूरी की यात्रा के लिए बनने वाले फ्लूइड कूल्ड बैटरी चार्जिंग स्टेशन (एफसीबी सीएस के लिए कम से कम 15 मीटर x 7 मीटर जगह की जरूरत होगी। पार्किंग का नियम- स्टैंडअलोन चार्जिंग स्टेशनों के लिए कुल पार्किंग क्षमता का केवल 20 प्रतिशत हिस्सा ही इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए माना जाएगा और इसी आधार पर चार्जिंग पॉइंट्स का अनुपात तय होगा।

कहां-कहां खुल सकेंगे ये केंद्र

सरकार के मुताबिक उन क्षेत्रों को भी चिन्हित किया गया है जहां ये केंद्र स्थापित किए जा सकते हैं। इनमें मध्य क्षेत्र, जिला केंद्र, सामुदायिक केंद्र, शहरी क्षेत्रों में आवासीय और औद्योगिक क्षेत्र, नेशनल और स्टेट हाईवे के किनारे, और माल परिवहन कॉम्प्लेक्स शामिल हैं। हालांकि, सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह शर्त रखी गई है कि ये केंद्र ऐसी सड़कों पर नहीं बनाए जा सकेंगे जिनका 'राइट ऑफ वे' (सड़क की चौड़ाई) 30 मीटर से कम हो। पुराने शहरी क्षेत्रों में विशेष मामलों में ही अनुमति दी जाएगी। हाईवे के दोनों ओर हर 25 किलोमीटर पर एक पब्लिक चार्जिंग स्टेशन होगा। हर 100 किलोमीटर पर फास्ट चार्जिंग की सुविधा या फ्लूइड कूल्ड बैटरी चार्जिंग स्टेशन उपलब्ध कराया जाएगा। बैटरी स्वैपिंग स्टेशन (बैटरी बदलने की सुविधा) का विकल्प भी सेवा प्रदाताओं को दिया गया है।

बूथों की कुंडली तैयार

भाजपा का अभी से 2028 के विधानसभा चुनाव पर फोकस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश भाजपा संगठन का अभी से 2028 के विधानसभा चुनाव पर फोकस प्रारंभ हो गया है। एसआईआर के बाद प्रदेश में करीब तीन हजार बूथों का इजाफा हो गया है। भाजपा का हमेशा से ही बूथों पर बड़ा फोकस रहता है। भाजपा ने तो नए सिरे से सभी बूथों की कुंडली भी बना ली है। अब लगातार बैठकों का दौर प्रारंभ करके कमजोर बूथों को चिन्हित कर उनको मजबूत करने का काम किया जाएगा। भाजपा की कार्यसमिति में भी अभी से विधानसभा चुनाव की तैयारी करने पर मंथन किया गया है।

भाजपा की चुनावों को लेकर हमेशा से ही अलग रणनीति रहती है। भाजपा किसी भी राज्य में चुनाव की तैयारी काफी पहले से प्रारंभ कर देती है। अप्रैल और मई में पांच राज्यों के चुनाव के बाद भाजपा ने अभी से 2027 और 28 में जिन भी विधानसभाओं में चुनाव होने हैं उसकी तैयारी प्रारंभ कर दी है। अपने राज्य छत्तीसगढ़ मे 2028 में चुनाव होगा। इसके लिए अभी करीब ढाई साल का समय है, लेकिन यहां पर अभी से तैयारी करने का काम प्रारंभ कर दिया गया है।

बैठकों में कमजोर बूथों पर चर्चा के बाद इनको किया जाएगा मजबूत

बूथों पर बड़ा फोकस

भाजपा का हमेशा से ही बूथों पर बड़ा फोकस रहता है। बूथों को मजबूत करके भाजपा चुनाव जीतने का काम करती है। पिछले चुनाव में भी बूथों की पूरी कुंडली तैयार करके कमजोर बूथों पर फोकस किया गया और भाजपा एक बार फिर से सत्ता में वापस आई। अब एसआईआर के बाद प्रदेश में करीब 25 हजार बूथों के स्थान पर करीब 28 हजार बूथ हो गए हैं तो भाजपा ने उन तीन हजार नए बूथों के साथ पुराने बूथों की भी कुंडली तैयार कर ली है। अब इसी माह से भाजपा की बैठकों की दौर प्रारंभ होने वाला है। इसमें बूथों की बैठक के साथ शक्ति केंद्र, मंडल और जिलों की बैठक होगी तो इसमें बूथों को लेकर खास मंथन होगा किस मंडल और किस जिले में कितने बूथ ऐसे हैं जो कमजोर हैं। इसके बाद इन बूथों को मजबूत करने की रणनीति तैयार करके इनको मजबूत किया जाएगा। भाजपा के पास हर बूथ के लिए पन्ना और पेज प्रभारी हैं। इनको बड़ी जिम्मेदारी दी जाएगी।

पिछले सीजन में खरीदे गए धान का बारिश से पहले उठाव करने खाद्य मंत्री का फरमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पिछले खरीफ सीजन में खरीदे गए धान का उठाव बारिश के पहले करने का फरमान खाद्यमंत्री दयालदास बघेल ने दिया है। उन्होंने गुरुवार को विभागीय योजनाओं, धान उठाव, कस्टम मिलिंग तथा सार्वजनिक वितरण प्रणाली से जुड़े विभिन्न विषयों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में खरीफ वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान के निराकरण, धान खरीदी केन्द्रों एवं संग्रहण केन्द्रों से धान के उठाव, कस्टम मिलिंग एवं एफसीआई तथा नागरिक आपूर्ति निगम में चावल जमा किए जाने की प्रगति की समीक्षा की गई।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि खरीफ वर्ष 2025-26 के उपार्जन केन्द्रों एवं संग्रहण केन्द्रों में शेष धान का उठाव 31 मई तक हर हाल में पूर्ण कराया जाए। उल्लेखनीय है कि उपार्जन केंद्रों मं 144 मीट्रिक टन और संग्रहण केंद्रों में 4.50 लाख मीट्रिक टन धान उठाव के लिए शेष है। उन्होंने कस्टम मिलिंग के बाद चावल जमा करने की प्रक्रिया में तेजी लाने तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत अप्रैल, मई एवं जून के लिए तीन माह के एकमुश्त चावल भंडारण एवं वितरण की भी समीक्षा की गई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्धारित समय-सीमा में तीनों माह का राशन वितरण कार्य पूर्ण किया जाए ताकि हितग्राहियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

खाद्य मंत्री ने विभागीय समीक्षा कर धान उठाव और कस्टम मिलिंग की ली जानकारी

कर्मचारियों की भर्ती जल्द

समीक्षा बैठक में खाद्य संचालनालय, जिला कार्यालयों, नागरिक आपूर्ति निगम, राज्य भंडार गृह निगम तथा छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया की स्थिति की भी समीक्षा की गई। मंत्री श्री बघेल ने आवश्यक पदों पर शीघ्र भर्ती प्रक्रिया आगे बढ़ाने के निर्देश दिए।

पीडीएस के कमीशन का शीघ्र करें भुगतान

राज्य में खाद्यान्न भंडारण क्षमता की समीक्षा करते हुए मंत्री ने छत्तीसगढ़ राज्य भंडार गृह निगम द्वारा निर्माणाधीन गोदामों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कर उपयोग में लाने के निर्देश दिए। बैठक में विधिक माप विज्ञान के कार्यों की भी समीक्षा की गई। उन्होंने सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत खाद्यान्न वितरण, पूरक पोषण आहार एवं मध्यान्ह भोजन जैसी योजनाओं से जुड़े कमीशन का भुगतान शीघ्र करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

विधायक ने खरीदा ई-रिक्शा पेट्रोल बचाने का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपील पर आत्मनिर्भर भारत, पर्यावरण संरक्षण एवं स्वदेशी अपनाने के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए उत्तर क्षेत्र के विधायक ने नई पहल की है। इस क्रम में उन्होंने निजी उपयोग के लिए ई-रिक्शा खरीदा है।

- रायपुर उत्तर के विधायक पुरन्दर मिश्रा ने पत्रकार वार्ता में दी जानकारी

विधायक पुरंदर मिश्रा ने गुरुवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि मैंने संकल्प लिया है कि रायपुर के स्थानीय आयोजनों एवं जनसंपर्क अभियान में अधिकतर ई-रिक्शा से ही आवागमन करेंगे। इसी क्रम में विधायक पुरंदर मिश्रा आज "सुशासन तिहार गांव-गांव, द्वार-द्वार सुशासन की सरकार" के अंतर्गत आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में अपने नए ई-रिक्शा से पहुंचने की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में पेट्रोल और डीजल की बढ़ती खपत अर्थव्यवस्था पर प्रभाव डाल सकती है। किसी प्रकार ईंधन की समस्याओं का सामना न करना पड़े, इसके लिए जनप्रतिनिधि और आमजन छोटे-छोटे प्रयास करें, तो भारतीय मुद्रा की बचत के साथ प्रदूषण को भी कम किया जा सकता है। विधायक श्री मिश्रा ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक वाहन भविष्य की जरूरत हैं। इनके उपयोग से पर्यावरण संरक्षण को मजबूती मिलेगी।

पर्यावरण के लिए जरूरी

उन्होंने लोगों से भी अधिक से अधिक ई-व्हीकल और ई-रिक्शा अपनाने का आग्रह करते हुए कहा कि "देशहित और पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी को अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा आयोजित "सुशासन तिहार" का उद्देश्य एक ही छत के नीचे लोगों की समस्याओं का निराकरण करना है, ताकि लोगों को भटकना न पड़े। इस अवसर पर दक्षिण के विधायक सुनील सोनी, निगम के सभापति सूर्यकांत राठौर, निगम आयुक्त संबित मिश्रा, जोन 4 की आयुक्त दिव्या चंद्रवंशी, जोन अध्यक्ष मुरली शर्मा, शंकर नगर मंडल अध्यक्ष राम प्रजापति प्रमुख रूप से मौजूद थे।

छहमुंहा नाला की देखी सफाई, एसटीपी की अशुद्धि दूर करने आयुक्त के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा ने गुरूवार को फाफाडीह क्षेत्र के छहमुहा नाला में चल रहे सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को नाले की सफाई प्लेटफार्म बनाकर व्यवस्थित रूप से जल्द पूरा कराते हुए कचरा उठवाने के निर्देश दिए।

- निगम आयुक्त संबित मिश्रा ने स्थल समीक्षा के लिए किया निरीक्षण

आयुक्त ने ट्रांसफर स्टेशन देवेंद्र नगर का निरीक्षण कर निरंतर सफाई व्यवस्था बनाए रखने की हिदायत दी। नगर निगम जोन 2 क्षेत्र के छहमुंहा नाला जाम के चलते फाफाडीह अंडरब्रिज में पानी भरने और चूना भट्टी, पाठक गली में जलभराव से लोगों को हो रही परेशानी से उत्पन्न स्थिति जानने निगम आयुक्त संबित मिश्रा ने छहमुहा नाला के सफाई कार्य का निरीक्षण किया। इसके बाद वे सकरी के ठोस अपशिष्ट प्रसंस्करण यूनिट की व्यवस्था देखने पहुंचे। इस दौरान निगम आयुक्त ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों का पूर्ण पालन करते हुए प्लांट के संचालन सुनिश्चत करने निर्देश दिए। निमोरा में 90 एमएलडी के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लां का निरीक्षण कर जल शुद्धिकरण की प्रक्रिया से अवगत हुए। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त स्वास्थ्य विनोद पांडे, जोन 2 के जोन कमिश्नर संतोष पांडे, स्वच्छ भारत मिशन शाखा के नोडल अधिकारी योगेश कडू उपस्थित रहे।

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं, शंकर लाल सेन, पिता श्री गांधी राम सेन, निवासी 39/350, छत्तीसगढ़ नगर, टिकरापारा, वार्ड नं. 50, रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.) – 492001, ने अपना पुराना नाम त्याग कर नया नाम शंकर लाल सेन रख लिया है।

अतः भविष्य में मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय एवं अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम शंकर लाल सेन से ही जाना एवं पहचाना जाए। भविष्य में इस संबंध में किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न होने पर उसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी मेरी स्वयं की होगी।

शंकर लाल सेन
39/350, छत्तीसगढ़ नगर, टिकरापारा, वार्ड नं. 50, रायपुर (छ.ग.)- 492001

In The Court Of I Civil Judge Senior Division, Baihar Court, District Balaghat
Presiding Officer: शिवानी असाटी
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(RCS A/0000026/2019)
अरविन्द गुप्ता......................................वादी Vs
सुश्री गुरप्रीत कौर ....प्रतिवादी
Process Id-/2026
पेशी दिनांक : 15/06/2026

प्रेषिती- (1) श्रीमती अमृता होरा स्व. श्री हरचरण सिंह पता- निवासी रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)

यह कि प्रार्थी अरविन्द गुप्ता पिता स्व. गोवर्धनप्रसाद गुप्ता, निवासी वार्ड नं. 9 स्टेट बैंक के सामने बैहर, तहसील बैहर, जिला बालाघाट म.प्र. ने आप श्रीमती अम्रता होरा पिता स्व. हरिचरण सिंह, निवासी रायपुर, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के विरुद्ध वादी के हक में यह घोषित करने कि प्रतिवादी क्रमांक 6 से 12 द्वारा प्रतिवादी क्रमांक 13,14 के हक में निष्पादित वादग्रस्त संपत्ति का रजिस्टर्ड विक्रयपत्र दिनांक 22.09.2018 पूर्णतया अवैध एवं निष्प्रभावी होकर उक्त रजिस्टर्ड विक्रयपत्र के आधार पर प्रतिवादी क्रमांक 13,14 को वादग्रस्त संपत्ति में कोई हक व अधिकार प्राप्त नहीं होता तथा उक्त रजिस्टर्ड विक्रयपत्र दिनांक 22.09.2018 वादी के विधिपूर्ण हक पर बंधनकारक नहीं है एवं प्रतिवादी क्रमांक 6 से 14 को वादी के विधिपूर्ण आधिपत्य की वादग्रस्त दुकान जो संलग्न नक्शे में लाल स्याही से ए, बी, सी, डी अक्षरों से दर्शायी गई है, में किसी भी प्रकार से दखल या बाधा उत्पन्न करने एवं तोड़फोड़ करने अथवा वादी की दुकान में अवैध कब्जा करने से स्थायी निषेधाज्ञा द्वारा निषेधित करने बाबद वाद उदघोषणा एवं स्थायी निषेधाज्ञा के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें

यह आज तारीख 04 May 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

(शिवानी असाटी)
मुहर **प्रथम व्यवहार न्यायाधीश खंड बैहर, जिला-बालाघाट (म.प्र**

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता मनीषा सोनी पति एस के सोनी, पता न्यू शांति नगर, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. से उनके हक, स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि जिसका ख.नं 782/10, रकबा 0.0096 हेक्टेयर अर्थात 1119 वर्गफुट जो कि वाके मौजा ग्राम जरवाय उर्फ हीरापुर, प.ह.न. 00035, रा.नि.मं. रायपुर -02- हीरापुर, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. मे स्थित है जिसको क्रय करने का पक्का सौदा मेरे पक्षकार से कर बयाना अदा कर इकरारनामा निष्पादित किया गया है केवल पंजीयन कार्यवाही शेष है।

यह कि उक्त वर्णित संपत्ति के संव्यवहार के संबंध में किसी भी व्यक्ति बैंक, वित्तीय संस्थान, बोर्ड, निकाय, संस्था इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति या उजर दावा हो तो इस आम-सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज मेरे समक्ष उपस्थित होकर दर्ज करावें तथा म्याद पश्चात उपरोक्त भूमि के बैनामा पंजीयन की कार्यवाही मेरे पक्षकार द्वारा संपन्न करा ली जावेगी म्याद पश्चात की गई आपत्ति मान्य ना होकर विधिक रूप से शून्य होगी तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी ।

सो सूचना जाने ।

रायपुर छ.ग.
दिनांकः-14/05/2026

अरमान खान, अधिवक्ता
मोवा मस्जिद के पास,
मोवा, रायपुर छ.ग.
मो नं 9329110837

// आम सूचना //

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार कुबेर शर्मा पिता श्री पुरुषोत्तम शर्मा निवासी-ब्लाक-1, फ्लैट नं.-2 डी श्रीकृष्णा नगर, पहाड़ी चौक, गुढियारी, जिला रायपुर छ.ग. ने विक्रेता- ज्ञानचंद टाटिया, पिता-ठाकुर लाल टाटिया निवासी ऋषभ कुंज जय जरही माता मार्ग, छोटू किराना भंडार के आगे, राजीव नगर बस्ती के पीछे, मोहबा बाजार, टाटीबंध, रायपुर छ.ग. से उनकी भूमि स्वामी हक स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि जो कि वाके मौजा ग्राम डुमरतालाब, प.ह.नं.-53, रा.नि.मं.- रायपुर- 3- कोटा, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर-150/16 का भाग रकबा 20x52=1040 वर्गफुट अर्थात 96.6196 वर्गमीटर भूमि को मेरे पक्षकार द्वारा क्रय करने बाबत पक्का सौदा कर विक्रय इकरारनामा निष्पादित कर अग्रिम बयाना राशि 71,000/- रूपये दो गवाहो के समक्ष अदा कर दिया गया हैं, उक्त संपत्ति का बैनामा पंजीयन किया जाना शेष है। अतः एतद द्वारा सर्वसाधारण जनता, व्यक्ति, विक्रेता के वारिसानों, संस्था, निकाय, निगम सरकारी, गैर सरकारी संस्था, बैंक, वित्तीय संस्थाएँ इत्यादि को सूचित किया जाता है कि यदि उक्त सौदे में उन्हें कोई उजर आपत्ति या दावा हो तो इस आम सूचना प्रकाशन से 07 दिवस के भीतर में मेरे नीचे लिखे पते में दस्तावेज सहित आपत्ति दावा प्रस्तुत करें। समयावधि व्यतीत होने के पश्चात मेरा पक्षकार उक्त संपत्ति के विक्रय विलेख का निष्पादन एवं पंजीयन अपने पक्ष में करवा लेगें एवं बाद म्याद की गई कोई भी आपत्ति अवैध एवं शून्य मानी जावेगी जो मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी।

अतः सूचना जाने ।

दिनांक-14.05.2026
स्थान- रायपुर (छ.ग.)

भवदीय
वासु कौशिक (अधिवक्ता)
पता- म.नं.-67, गीतांजली नगर,
शंकर नगर, रायपुर मो.नं.- 8962360702

न्यायालय-आयुक्त कर्मकार क्षतिपूर्ति अधिनियम, श्रम न्यायालय जबलपुर म.प्र.
जिला एवं सत्र न्यायालय जबलपुर म.प्र.

सूचना पत्र

प्रति,

1 श्री संतोष अनंत पिता श्री मुकुट अनंत पता - बोरिया खुर्द चंद्रिका विहार कॉलोनी रायपुर डेवलपमेंट ऑथोरिटी के पास पुलिस थाना- टिकरापारा, रायपुर छ.ग.

विषयः- प्रकरण क्रमांक- 200/2023 / फैटल (श्री नीरज सिंह विरूद्ध संतोष अनंत, में उपस्थिति बाबत।

आपको इस सूचना पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि, आपके विरूद्ध आवेदक श्री नीरज सिंह, ने न्यायालय में प्रकरण पंजीबद्ध कराया है। प्रकरण में आगामी दिनांक 20.06.2026 को आपकी उपस्थिति व जबाबदावा तथा दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु नियत है। आप उक्त दिनांक-20.06.2026 को स्वयं या अधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर जबाबदावा तथा दस्तावेज प्रस्तुत करें आपके अनुपस्थित रहने पर विधि अनुसार आगामी कार्यवाही सुनिश्चत की जावेगी।

नोट करे।

दिनांक-07.04.2026
स्थान- जबलपुर

(जगमोहन सिंह)
आयुक्त कर्मकार क्षतिपूर्ति अधिनियम,
श्रम न्यायालय जबलपुर म.प्र.

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप

महतारी वंदन केवाइसी अपडेट कराने पार्षद कार्यालय में शिविर

रायपुर। शहीद चूड़ामणि नायक वार्ड के रामकुंड स्थित पार्षद कार्यालय में महतारी वंदन योजना अंतर्गत हितग्राहियों के लिए केवाईसी अपडेट कराने शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 15 और 16 मई को सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक लगाया जाएगा। वार्ड पार्षद एवं लोक निर्माण विभाग अध्यक्ष दीपक जायसवाल ने वार्ड के हितग्राहियों को विशेष शिविर में उपस्थित होकर महतारी वंदन योजना का लाभ उठाने केवाईसी अपडेट कराने की अपील की है।

निधन

डॉ. राधु प्रसाद पांडेय

रायपुर। समता कॉलोनी निवासी रिटायर्ड कर्नल डॉ. राधु प्रसाद पांडेय परतेवा वाले (93) का 13 मई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 14 मई को मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे शकुंतला पांडेय के पति, छग माइनिंग कॉर्पोरेशन के रिटायर्ड अधिकारी सुनील पांडेय, शहीद सेकंड लेफ्टिनेंट राजीव पांडेय एवं रंजना तिवारी के पिता, मुदित पांडेय एवं उत्कर्ष पांडेय के दादा थे। उनके निधन पर उनके परिजनों, शहर के प्रबुद्ध नागरिकों, ब्राह्मण समाज के पदाधिकारियों, भारतीय सेना के सब एरिया के अधिकारी, सैनिक कल्याण बोर्ड के डायरेक्टर व उनकी टीम व जिला प्रशासन ने देश के प्रति उनके योगदान को याद करते हुए उन्हें अपनी ससम्मान अंतिम सलामी दी। महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल रमेश बैस, विधा पुरंदर मिश्रा ने भी उन्हें स्मरण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

शकुनतला शर्मा

रायपुर। कंकालीपारा निवासी शकुनतला शर्मा (82) का 13 मई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया। वे इंजीनियर स्व. अनंतलाल शर्मा की धर्मपत्नी, शरद शर्मा, सरिता मिश्रा की माता और डॉ. सुभाष मिश्रा, अल्का शर्मा की सास थीं। उनके निधन पर बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज और शहर के नागरिकों ने श्रद्धांजलि अर्पित की है।

राजेंद्र प्रसाद शर्मा

रायपुर। शहनाई गार्डन रोहिणीपुरम निवासी बैंक ऑफ इंडिया के सेवानिवृत्त बैंक प्रबंधक राजेंद्र प्रसाद शर्मा (67) का 14 मई को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 15 मई को सुबह 11 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे डॉ. चंद्रशेखर शर्मा एवं डॉ. कृष्ण कुमार शर्मा के अनुज थे।

प्रदेश में इंजीनियरिंग की जितनी सीटें उतने छात्र भी नहीं बैठे पीईटी में, एमएससी में भी 36% नदारत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

अलग खबर

व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा गुरुवार को इंजीनियरिंग और एमएससी नर्सिंग पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए परीक्षा आयोजित की गई। प्री इंजीनियरिंग टेस्ट अर्थात पीईटी में उपस्थित छात्रों का आंकड़ा देखकर इस बार भी प्रदेश में इंजीनियरिंग कॉलेजों की सीटें रिक्त रहने की आशंका है। पीईटी के लिए प्रदेशभर से 12300 आवेदन प्राप्त हुए थे। इनमें से लगभग 77 प्रतिशत अर्थात 9400 के करीब छात्र ही परीक्षा दिलाने पहुंचे। बीते सत्र में प्रदेश में इंजीनियरिंग की करीब 11 हजार सीटों के लिए काउंसिलिंग हुई थी। सत्र 2026-27 में इंजीनियरिंग सीटों की संख्या घोषित नहीं की गई है, लेकिन इस बार भी इसके 10 हजार से अधिक रहने के अनुमान है। इस तरह से यदि प्रवेश परीक्षा में शामिल सभी छात्रों को प्रवेश दिया जाए तब भी सीटें रिक्त रह जाएंगी। पीईटी के लिए रायपुर जिले में मात्र 403 आवेदन मिले थे। इनमें से 311 परीक्षा में शामिल हुए।

राजधानी में पीईटी के लिए 7 केंद्र बनाए गए थे। पीईटी के अतिरिक्त एमएससी नर्सिंग के लिए भी प्रवेश परीक्षा 14 मई को आयोजित हुई। इसके लिए रायपुर में 142 आवेदन मिले थे। 8 केंद्रों में हुई इस परीक्षा में 88 छात्र ही पहुंचे। एमएससी के लिए प्रदेशभर से 3600 आवेदन मिले थे। एमएससी में उपस्थिति 64% रही।

उतरवाए गए मोटे तले वाले चप्पल

व्यापम द्वारा भर्ती परीक्षा के साथ ही प्रवेश परीक्षाओं में भी सख्ती बरती जा रही है। व्यापम ने स्पष्ट रूप से परीक्षार्थियों को केंद्र में चप्पल पहनकर आने कहा है। जो छात्र सादे हवाई चप्पल पहनकर आए उन्हें परीक्षा कक्ष में प्रवेश दे दिया गया, किंतु मोटे तले वाले चप्पल पहनने वाले विद्यार्थियों को चप्पल बाहर ही उतारने कहा गया। ऐसे विद्यार्थियों की संख्या विभिन्न केंद्रों में 25 से 30 प्रतिशत तक रही। इन्होंने नंगे पैर ही पर्चे हल किए। इसके अतिरिक्त ड्रेस कोड सहित सुरक्षा संबंधित अन्य दिशा-निर्देशों का भी सख्ती से पालन किया गया।

गर्मी में हलाकान होते रहे विद्यार्थी

गुरुवार से शहर में पारा फिर से 40 डिग्री के पार हो गया है। परीक्षा का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक रखा गया है। व्यापम द्वारा जिन संस्थानों को परीक्षा केंद्र के रूप में चुना गया, उनमें से अधिकतर शासकीय विद्यालय और महाविद्यालय रहे। यहां केवल पंखे की ही व्यवस्था थी। कूलर की व्यवस्था लगभग नहीं थी। भीषण गर्मी में ही छात्रों को पर्चे हल करने पड़े। केंद्र से बाहर आने के बाद छात्र अपना चेहरा धोते और सिर पर ठंडा पानी डालते हुए नजर आए।

यात्रियों के बाद पार्सल का भी बढ़ा लोड, ट्रेनों की ओर रुख कर रहे कारोबारी

ईंधन संकट के बीच रेलवे बना 'संकटमोचन' ट्रेनों-बसों में भीड़, पब्लिक ट्रांसपोर्ट को प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

देशभर में छाए तेल संकट के बीच एक बार फिर भारतीय रेलवे आम लोगों के लिए संकटमोचन बनकर उभरा है। इन दिनों पेट्रोल पंपों पर बाइक और कारों के लिए ईंधन सीमित मात्रा में मिल रहा है। इस परेशानी से बचने के लिए लोग लंबी और मध्यम दूरी की यात्रा के लिए अब ट्रेनों को अपनी प्राथमिकता बना रहे हैं। यात्रियों के इस बदले हुए रुझान का सीधा असर गुरुवार को देखने को मिला। रायपुर से बिलासपुर, भिलाई, राजनांदगांव, कोरबा, रायगढ़ सहित गोंदिया और कटनी रूट पर चलने वाली लोकल और एक्सप्रेस ट्रेनों में टिकटों की बुकिंग अचानक काफी बढ़ गई है। इसके चलते ट्रेनों में सामान्य दिनों की तुलना में भारी भीड़ नजर आ रही है। खासकर सुबह और शाम के वक्त चलने वाली लोकल ट्रेनों में यात्रियों की जबरदस्त भीड़ रही। दैनिक यात्रियों के अलावा, वे लोग भी अब ट्रेनों और पब्लिक ट्रांसपोर्ट का सहारा ले रहे हैं जो आमतौर पर अपनी निजी कारों या दोपहिया वाहनों से सफर करते थे। ट्रेनों में बढ़ती इस अचानक भीड़ को देखते हुए रेलवे प्रशासन भी अब यात्रियों की सुविधा के लिए जल्द ही कुछ नई व्यवस्थाओं पर विचार कर रहा है। इधर सड़क परिवहन के महंगे होने का असर अब माल ढुलाई पर भी साफ दिख रहा है। कारोबारी और आम लोग अब अपना सामान भेजने के लिए ट्रकों के बजाय रेलवे की पार्सल सेवा को प्राथमिकता दे रहे हैं। इसके चलते रेलवे पार्सल कार्यालयों में बुकिंग अचानक काफी बढ़ गई है।

ट्रेनों की बुकिंग बढ़ी, मुंबई और दिल्ली रूट पर लंबी वेटिंग

पेट्रोल-डीजल की किल्लत के बीच अब लोगों ने लंबी दूरी के सफर के लिए निजी वाहनों के बजाय ट्रेनों को अपनाना शुरू कर दिया है। यात्री बड़ी संख्या में ट्रेन का रिजर्वेशन कराने पहुंच रहे हैं। गुरुवार को शहर के आरक्षण केंद्रों में सामान्य दिनों की तुलना में 10 से 20 प्रतिशत अधिक बुकिंग की पूछपरख रही। काउंटर्स के अलावा, ऑनलाइन टिकट बुक कराने के लिए भी लोग ट्रैवल एजेंसियों और टिकट सेंटर्स का तेजी से रुख कर रहे हैं।इन दिनों सर्वाधिक यात्री मुंबई और दिल्ली रूट की ओर जाने वाली ट्रेनों में बुकिंग करवा रहे हैं। यात्रियों की इस अचानक बढ़ी संख्या के कारण इन दोनों प्रमुख रूट्स की ट्रेनों में लंबी वेटिंग लिस्ट शुरू हो गई है।

बसों में भी पैर रखने की जगह नहीं

ट्रेनों के अलावा सड़क यातायात पर भी इसका खासा असर पड़ा है। रायपुर से छत्तीसगढ़ के अन्य छोटे शहरों और कस्बों की ओर जाने वाली यात्री बसों में भी गुरुवार को भारी भीड़ का मंजर देखने को मिला। पेट्रोल-डीजल की किल्लत के चलते रेलवे स्टेशनों और बस स्टैंड्स पर सामान्य दिनों की तुलना में यात्रियों की उपस्थिति काफी अधिक बढ़ गई है।

जून महीने के अंत तक ही कन्फर्म टिकट की उम्मीद

यात्रियों के दबाव का आलम यह है कि हावड़ा-मुंबई एक्सप्रेस, समरसता एक्सप्रेस, गोंडवाना एक्सप्रेस और छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस जैसी प्रमुख ट्रेनों में अब जून के अंत में ही कन्फर्म टिकट मिलने की संभावना बन रही है। लंबी दूरी की यात्रा करने वाले लोगों को टिकट के लिए भारी मशक्कत करनी पड़ रही है। इन ट्रेनों में मई महीने के लिए 50 से 80 वेटिंग है। रिजर्वेशन के अलावा, लोकल और एक्सप्रेस ट्रेनों के जनरल कोच में भी सफर करने वालों की संख्या में अचानक भारी इजाफा हुआ है। पेट्रोल बचाने की कवायद में लोग अब छोटी दूरी के लिए भी लोकल ट्रेनों के सफर को प्राथमिकता दे रहे हैं।

आरोपी तीन साल से अपनी ससुराल में रह रहा था

तानों से परेशान होकर साले को मौत के घाट उतारा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

उरला थाना क्षेत्र के सरोरा, मजदूर नगर में एक युवक ने अपने साले की सिर पर चापर मारकर हत्या कर दी। हत्या का कारण अपने जीजा को साला ससुराल में लंबे अरसे से रहने की वजह से आए दिन ताना मारता था। इससे नाराज होकर जीजा ने अपने साले की हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपी ने डॉयल-112 को कॉल कर घटना की सूचना दी और खुद को पुलिस के हवाले कर दिया। घटना बुधवार रात नौ बजे की है। गिरधर गोपाल की हत्या के आरोप में पुलिस ने प्रकाश साहू को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, प्रकाश पिछले तीन साल से मजदूर नगर स्थित अपनी ससुराल में रह रहा था। प्रकाश का साला गिरधर उसे ससुराल में रहने का ताना मारा करता था। बुधवार रात को दोनों ने साथ बैठकर शराब पी। शराब पीने के दौरान ताना मारने की बात पर दोनों का विवाद हो गया। विवाद इस कदर बढ़ा कि प्रकाश ने गिरधर की चापर मारकर हत्या कर दी। हत्या करने के बाद आरोपी ने डायल 112 को कॉल किया और पुलिसकर्मियों के पहुंचने पर सरेंडर कर दिया।

योजना बनाकर की हत्या, सिर पर किया वार

आरोपी तथा मृतक दोनों सरोरा के रहने वाले हैं, वे मजदूरी करते थे, दोनों साथ में आए दिन शराब पीते थे। शराब पीने के दौरान गिरधर गोपाल अपने जीजा को ताना मारा करता था। साले के ताने से परेशान होकर प्रकाश ने गिरधर गोपाल की हत्या करने की योजना बनाई। इसके लिए वह घटना दिनांक को अपने साले को शराब पिलाने ले गया। एक जगह रास्ते में गाड़ी खड़ी कर प्रकाश ने अपने साले को और शराब पिलाई। इस दौरान साला अपने जीजा को फिर ताना मारने लगा। इस पर प्रकाश ने अपनी गाड़ी की डिक्की में पहले से छिपाकर रखा चापर निकाला और गिरधर के सिर पर वार कर मौत के घाट उतार दिया।

लूट-अपहरण के आरोप में दो गिरफ्तार

- आजाद चौक थाना क्षेत्र में चाकू की नोक पर 30 हजार देने मांग की थी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

आजाद चौक थाना क्षेत्र में चाकू की नोक पर लूट, अपहरण तथा मारपीट के आरोपियों को पुलिस ने शिकायत दर्ज कराने के 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पैसा नहीं देने पर बदमाशों ने दो युवकों का चाकू की नोक पर अपहरण कर अपने साथ देवेंद्र नगर ले गए, जहां रेलवे ट्रैक तथा खंभे से बांधकर बुरी तरह से पिटाई करने के बाद जेब में रखी नकदी, स्कूटी, चांदी के ब्रेसलेट, अंगूठी लूट कर फरार हो गए थे। पुलिस गिरफ्त में आए बदमाश आदतन अपराधी होने के साथ नशेड़ी हैं। अजय सिंह तथा लक्ष्मण सिंह परिहार की शिकायत पर पुलिस ने शाहबाज अली एवं उसके सहयोगी अमन सिक्का को गिरफ्तार किया है। अजय तथा लक्ष्मण ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि दोनों बदमाश उन्हें ब्राम्हणपारा, सुहागा मंदिर के पास से चाकू की नोक पर अपहरण कर ले गए थे। अपहरण करने के बाद बदमाश अजय तथा उसके साथी को अपने साथ मौदहापारा ले गए। वहां से उन्हें जबरन अपने साथ देवेंद्र नगर त्रिमूर्ति चौक ले गए। त्रिमूर्ति चौक के पास बदमाशों ने अजय तथा उसके साथी को छोड़ने के एवज में 30 हजार रुपए देने की मांग की। पैसा देने से इनकार करने पर दोनों युवकों को रेलवे ट्रैक के पास लिटाकर तथा खंभे से बांधकर मारपीट की और स्कूटी तथा अन्य सामान लूटकर फरार हो गए।

बिजनेस साइट

छत्तीसगढ़ पब्लिक स्कूल के छात्रों ने बोर्ड परीक्षा में लहराया सफलता का परचम

रायपुर। छत्तीसगढ़ पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई 12वीं बोर्ड परीक्षा-2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय के मेधावी छात्रों में कृष्णा साहू ने 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं माधव पंडित ने 95.8 प्रतिशत, परमीत कौर मान ने 93.4 प्रतिशत, ऋषिका नागपुरे ने 3.4 प्रतिशत, आस्था ठाकुर ने 90.2 प्रतिशत तथा रिद्धिमा जैन ने 90.2 प्रतिशत अंक अर्जित किए।

Krishna Sahu
96.4 %

Madhav Pandit
95.8%

Parmeet Kaur Mann
93.4%

Rishika Nagpure
93.4

Astha Thakur
90.2

Riddhima Jain
90.2

स्कूल प्रबंधन के अनुसार इस वर्ष परीक्षा परिणाम अत्यंत उत्कृष्ट रहा। कुल 31 विद्यार्थियों ने 81 से 97 प्रतिशत के बीच अंक प्राप्त किए, जबकि परीक्षा में शामिल 60 प्रतिशत विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी हासिल की। विद्यालय की चेयरपर्सन ज्योति अग्रवाल एवं प्रिंसिपल राकेश चतुर्वेदी ने सभी सफल विद्यार्थियों तथा शिक्षकों को उनकी मेहनत और उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

इकोनॉमिक्स में परफेक्ट 100 के साथ अनुष्का महोबिया ने बढ़ाया एनएससीसी का गौरव

रायपुर। कॉमर्स शिक्षा के क्षेत्र में अपनी मजबूत पहचान बना चुके एनएससीसी (निक्कू सर्स कॉमर्स क्लासेस) ने सीबीएसई एवं आईसीएसई बोर्ड परीक्षा 2025-26 में एक बार फिर शानदार परिणाम दर्ज किया है। डायरेक्टर नरेन्द्र सिंह गिल के मार्गदर्शन में एनएससीसी पिछले नौ वर्षों से लगातार उत्कृष्ट कॉमर्स रिजल्ट देने वाला संस्थान बना हुआ है।

इस वर्ष अनुष्का महोबिया ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संस्थान का नाम रोशन किया। उनकी उपलब्धि को खास बनाता है, इकोनॉमिक्स में 100/100 का परफेक्ट स्कोर, जबकि अकाउंट्स और बिजनेस स्टडीज में 99-99 अंक हासिल किए। वहीं, प्रितांशा अग्रवाल ने भी 97 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, जिनमें मैथ्स में 99 अंक उल्लेखनीय रहे। अन्य प्रमुख विद्यार्थियों में खुशी लढ़ा (96.25%), अर्नव अग्रवाल (96.2%), एतांश अग्रवाल (94.83%), अर्पिता जोशी (94.8%) और अरहान जैन (94.6%) शामिल रहे। इसके अलावा ईशान राठी (94.2%), हर्षिका श्रीवास्तव(94%), अवनीत कौर सलूजा (93.4%), दक्षिता जैन (93%), कशिश जैन (93%), संयम राज गर्ग(92.6%), भाव्या मेघानी (92%), बनी कौर छाबड़ा(91%), निश्चय अग्रवाल(90.6%) और अभिषेक ओझा(89.7%) ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। आईसीएसई रिजल्ट्स में श्रेष्ठ सागर ने 92.25 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल रैंक-1 प्राप्त किया। जबकि वंशिका अग्रवाल ने 85.2 प्रतिशत के साथ अपने स्कूल के टॉपर्स में स्थान बनाया, वहीं राधिका ड्रोलिया ने 84 प्रतिशत और साक्षी लालवानी ने 82.5 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

सिकलसेल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के लिए 85 करोड़ रुपए स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

सिकल सेल संस्थान छत्तीसगढ़ को 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' के रूप में विकसित करने 85 करोड़ रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। वित्त विभाग ने भी इसके लिए अपनी सहमति दे दी है। इसके तहत संस्थान में उच्च स्तरीय आधुनिक लैब का निर्माण किया जाएगा, जिससे मरीजों को त्वरित और सटीक जांच रिपोर्ट मिल सकेगी। इसके अलावा विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता, ब्लड ट्रांसफ्यूजन सुविधा और जेनेटिक काउंसलिंग जैसी सेवाएं भी एक ही छत के नीचे मिल सकेंगी। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा, नवजात शिशुओं की स्क्रीनिंग से लेकर वाहक दंपतियों की काउंसलिंग तक, यह केंद्र सिकल सेल उन्मूलन अभियान को नई गति देगा।

अधिकारियों और निर्माण एजेंसी को जल्द से जल्द काम पूर्ण करने के दिए निर्देश

कचना ओवरब्रिज जल्द होगा शुरू, साव ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव ने रायपुर में खम्हारडीह-कचना रेलवे क्रॉसिंग पर निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज के अंतिम चरण के कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर मौजूद लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों और निर्माण एजेंसी को ओवरब्रिज का काम जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने ओवरब्रिज पर पैदल चलकर अधिकारियों से इसके तकनीकी मानकों की जानकारी ली। उन्होंने यहां लाइटिंग के लिए अच्छी गुणवत्ता के पोल्स और लाइट्स का उपयोग करने को कहा।

श्री साव ने कचना ओवरब्रिज के निरीक्षण के बाद कहा, इसका 96 प्रतिशत काम पूर्ण कर लिया गया है। थोड़े से बचे कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण कर इसे यातायात के लिए खोल दिया जाएगा। इस ओवरब्रिज के चालू होने से रायपुर शहर और आसपास के गांवों के हजारों लोगों को ट्रैफिक-जॉम और रेलवे फाटक के बंद होने के कारण यातायात बाधित होने की समस्या से मुक्ति मिलेगी। श्री साव ने कहा कि राज्य शासन लगातार राजधानी के यातायात को सुदृढ़, व्यवस्थित और तेज करने में लगी हुई है। कचना का यह ओवरब्रिज भी इसमें काफी महत्वपूर्ण है, जो अब लगभग पूर्णता की ओर है।

पारा फिर 40 डिग्री पार

17 मई से ग्रीष्म लहर की चेतावनी

- *राजनांदगांव में अधिकतम तापमान 44 डिग्री*
- *पांच दिनों में 3 डिग्री तक बढ़ेगा तापमान*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

बदली-बारिश के चलते मई के शुरुआती दिनों में राहत मिलने के बाद गर्मी का प्रकोप फिर से शुरू हो गया है। कुछ दिनों पूर्व जहां प्रदेशभर में पारा 40 डिग्री के नीचे चला गया था, वहीं अब तामपान फिर से 40 डिग्री पार हो गया है। गुरुवार को रायपुर का अधिकतम तापमान 41.5 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 25.9 डिग्री रहा। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले पांच दिनों में तापमान में 2 से 3 डिग्री की और वृद्धि हो सकती है। प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 44 डिग्री राजनांदगांव में तथा सबसे कम न्यूनतम तापमान 22.8 डिग्री पेण्ड्रा रोड में दर्ज किया गया। आज एक-दो स्थानों पर गरज चमक के साथ वज्रपात होने तथा 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की संभावना है।

रायपुर में छाए रहेंगे हल्के बादल

अगले 4 दिनों में प्रदेश के एक-दो स्थानों पर मेघगर्जन के साथ तेज हवा तथा हल्की वर्षा होने की संभावना है। रायपुर शहर में आज आकाश आंशिक मेघमय रहने तथा वर्षा या गरज-चमक या अंधड़ चलने की संभावना है। इसके पश्चात 17 मई से मध्य छत्तीसगढ़ के एक-दो पॉकेट में ग्रीष्म लहर चलने की संभावना है। गुरुवार सुबह तक प्रदेश में एक दो स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा दर्ज की गई। भाटापारा, मैनपुर, मुकदेगा, कसडोल, गोबरा नवापारा, अमलीपदर, बास्तानार व लैलूंगा में 2 सेमी तथा लोहंडीगुड़ा, बड़े बचेली, ओदरी, तखतपुर, बेलगहना, बिल्हा, नगरी, लाभांडीह, सकरी, देवभोग व दंतेवाड़ा में एक-एक सेमी बारिश हुई है। पूर्व-पश्चिम द्रोणिका दक्षिणपूर्वी मध्य प्रदेश के ऊपर स्थित चक्रवाती परिसंचरण से दक्षिणपूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार होते हुए उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम तक समुद्र तल से 0.9 किलोमीटर ऊपर स्थित है।

केटीयू में विद्यार्थियों को पुरस्कार, किया सम्मानित

रायपुर। कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय के 22वें स्थापना दिवस के अवसर पर जनसंचार विभाग द्वारा गुरुवार को विभागीय सेमिनार हॉल में भव्य पुरस्कार वितरण समारोह किया गया। यह कार्यक्रम अकादमिक प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित करने के लिए किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर कुलपति प्रो. मनोज दयाल ने कहा कि अकादमिक गतिविधियां विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, रचनात्मक अभिव्यक्ति एवं बौद्धिक क्षमता को विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलसचिव ने विद्यार्थियों एवं विभागों को हर संभव प्रशासनिक सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में प्रो. केएन किशोर तथा डॉ. सोमनाथ साहू, जनसंचार विभागाध्यक्ष डॉ. राजेंद्र मोहंती, डॉ. कपिल देव प्रजापति, डॉ. चैताली पाण्डेय के अलावा विश्वविद्यालय के सभी विभागाध्यक्ष, शिक्षक, शोधार्थी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

पुलिस जवानों के लिए निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर 20 को

रायपुर। पुलिस कमिश्नरेट, सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया (छत्तीसगढ़ इकाई) और एमएमआई नारायण हॉस्पिटल्स के संयुक्त तत्वावधान में 20 से 30 मई तक रायपुर के पुलिस जवानों के लिए एक निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसका गुरुवार को रायपुर पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला ने पोस्टर विमोचन किया। इस मौके पर सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने बताया कि 600 पुलिसकर्मी इस शिविर का लाभ लेंगे और बारह प्रकार की टेस्ट निशुल्क किए जाएंगे। इस अवसर पर सतनाम सिंह, हरप्रीत सिंह के अलावा पुलिस विभाग से अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त तारकेश्वर पटेल, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त अर्चना झा, सिंधी काउंसिल टीम से विक्की लोहाना, सुनील कुकरेजा, जीतू लोहाना, निलेश तारवानी, रितेश वाधवा आदि उपस्थित रहे।

सनातन धर्म के खिलाफ बयान पर शिवसेना का प्रदर्शन, पुतला दहन

रायपुर। तमिलनाडु के नेता प्रतिपक्ष उदयनिधि स्टालिन द्वारा तमिलनाडु विधानसभा में सनातन धर्म को लेकर दिए गए विवादित बयान एवं सनातन धर्म को समाप्त करने संबंधी कथनों के विरोध में गुरुवार को शिवसेना द्वारा जोरदार प्रदर्शन किया गया। यह प्रदर्शन छत्तीसगढ़ शिवसेना प्रमुख धनंजय सिंह परिहार के नेतृत्व में किया गया, जिसमें कार्यकर्ताओं ने उदयनिधि स्टालिन के पोस्टर पर कालिख पोतते हुए उनका पुतला दहन कर कड़ा विरोध दर्ज कराया। कार्यक्रम के दौरान शिवसेना पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने कहा कि सनातन धर्म करोड़ों लोगों की आस्था का प्रतीक है और उसके विरुद्ध अपमानजनक टिप्पणी किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि ऐसे बयान समाज में वैमनस्यता फैलाने का कार्य करते हैं। शिवसेना ने मांग की कि देश की धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाले नेताओं के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए तथा भविष्य में इस प्रकार की बयानबाजी से बचा जाए।

वैश्विक ऊर्जा संकट के दौर में पीएम मोदी की अपील सराहनीय

रायपुर। वैश्विक ऊर्जा संकट और अंतर्राष्ट्रीय परिस्थितियों के बीच भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा

देशवासियों से की गई सात सूत्रीय अपील अत्यंत सराहनीय, अनुकरणीय एवं स्वागतयोग्य है। उत्कल गाड़ा महिला महामंच की प्रदेश अध्यक्ष सावित्री जगत ने कहा, अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते युद्ध जैसे हालातों के कारण पूरी दुनिया में आयातित पेट्रोल, डीजल एवं खाद्य तेलों के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, जिसका सीधा असर आम जनता की आर्थिक स्थिति पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे वैश्विक संकट के समय प्रधानमंत्री द्वारा देशहित में ऊर्जा संरक्षण, स्वदेशी संसाधनों के उपयोग, अनावश्यक खर्चों में कमी, आत्मनिर्भर भारत की भावना को मजबूत करने के लिए की गई सात सूत्रीय अपील दूरदर्शी सोच का परिचायक है। आज आवश्यकता इस बात की है कि देश का प्रत्येक नागरिक राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए यदि हम सभी मिलकर ईंधन, बिजली एवं अन्य संसाधनों का संयमित उपयोग करेंगे तो देश आर्थिक चुनौतियों का मजबूती से सामना कर सकेगा।

आप के नए प्रदेश प्रभारी करेंगे पांच दिवसीय दौरा

रायपुर। आम आदमी पार्टी के पूर्व छग प्रभारी संदीप पाठक के भाजपा ज्वॉइन करने के बाद मुकेश अहलावत को नया प्रदेश प्रभारी बनाया गया है। वे 15 मई से पांच दिनों तक छग दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे प्रदेश के चार नगर पंचायत चुनाव क्षेत्रों का दौरा कर संगठन की गतिविधियों की समीक्षा करेंगे।

आईपीएल के बाद रायपुर में जारी रहेगा क्रिकेट का खुमार, जून में सीसीपीएल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आईपीएल के रोमांच के बाद अब रायपुर के क्रिकेट फैंस के लिए एक और खुशखबरी है। रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल स्टेडियम में अक्टूबर में भारतीय महिला क्रिकेट टीम और जिम्बाब्वे के बीच तीन मैचों की टी-20 द्विपक्षीय बाइलेटरल सीरीज खेली जाएगी। जिम्बाब्वे की महिला क्रिकेट टीम पहली बार भारत दौरे पर आ रही है और इस ऐतिहासिक सीरीज का आगाज रायपुर से ही होगा। वहीं, इससे पहले जून में छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग का आयोजन किया जाएगा।

शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम में होंगे महिला क्रिकेट के 3 टी-20 इंटरनेशनल मैच, बीसीसीआई ने जारी कर दिया है शेड्यूल

रायपुर से होगी वुमेंस क्रिकेट में नई शुरुआत

बीसीसीआई ने भारत और जिम्बाब्वे के बीच 6 मैचों की सीमित ओवरों की सीरीज का शेड्यूल जारी कर दिया है। टी-20 सीरीज की शुरुआत 16 अक्टूबर से रायपुर में होगी, जबकि वनडे सीरीज का आगाज 23 अक्टूबर से बड़ौदा में होगा। यह पहला मौका होगा जब रायपुर में भारतीय महिला टीम कोई इंटरनेशनल मुकाबला खेलेगी। इसके साथ ही, यह पहली बार है जब भारत और जिम्बाब्वे की महिला टीमें किसी द्विपक्षीय (बाइलेटरल) सीरीज में आमने-सामने होंगी। इससे पहले दोनों का आमना-सामना सिर्फ आईसीसी टूर्नामेंट्स या क्वालिफायर में ही हुआ है। भारतीय महिला टीम ने भी अब तक जिम्बाब्वे का दौरा नहीं किया है। आगामी आईसीसी टूर्नामेंट्स की तैयारियों को देखते हुए यह सीरीज काफी अहम मानी जा रही है। साल 2027 में श्रीलंका में महिला टी-20 चैंपियंस ट्रॉफी खेली जानी है। ऐसे में बीसीसीआई लगातार ज्यादा से ज्यादा द्विपक्षीय सीरीज आयोजित कर रहा है, ताकि खिलाड़ियों को मैच प्रैक्टिस का भरपूर मौका मिल सके।

जून में दिखेगा सीसीपीएल का रोमांचः- *बीते दो सालों से लगातार आयोजित हो रहे सीसीपीएल का रोमांच इस बार जून में देखने को मिलेगा। इस लीग का आयोजन बिल्कुल आईपीएल की तर्ज पर किया जाता है, जिसमें आधा दर्जन से अधिक टीमें हिस्सा लेंगी। टी-20 फॉरमैट के इस टूर्नामेंट में स्थानीय दर्शकों को भरपूर मनोरंजन मिलेगा।*

रायपुर को अब नियमित रूप से मिलेंगेः- *इंटरनेशनल मैच बता दें कि स्टेडियम के बीसीसीआई के अधीन आने के बाद, रायपुर में पुरुष क्रिकेट के साथ-साथ अब महिला क्रिकेट के इंटरनेशनल मैच भी मिलने लगे हैं। बीसीसीआई अधिकारियों ने स्पष्ट कर दिया है कि रोटेशन पॉलिसी के तहत अब रायपुर में हर साल वनडे, टी-20, टेस्ट समेत आईपीएल के मैच नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे।*

चिंगरी नाला का लाइनिंग और एप्रोच मार्ग नहीं होने से गाद सफाई की समस्या

खारुन को दूषित कर रहा चिंगरी और पीहर नाला का बदबूदार गंदा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर की जीवनदायिनी खारुन नदी में चिंगरी और पीहर नाले का गंदा पानी नदी में जाने से नदी का पानी प्रदूषित हो गया है। चिंगरी नाला की लाइनिंग प्रापर नहीं होने और एप्रोच रोड अब तक नहीं बनाने से गाद के मोटी परत की सफाई एक बड़ी समस्या बनी हुई है। बियर की कम ऊंचाई और बड़ी मात्रा में प्लास्टिक थर्मोकोल, सालिड वेस्ट बहकर पिकप वियर के मुहाने को बाधित करने से बारिश के सीजन में ओवरफ्लो की स्थिति बनते देर नहीं लगती। नगर निगम की योजना शाखा ने इस कार्य के लिए 11 करोड़ का रीवाइज प्रपोजल बनाकर राज्य शासन के पास स्वीकृति के लिए भेजा है, पर एक साल बीतने के बाद भी इस प्रस्ताव को मंजूरी नहीं मिलने से यह समस्या बनी हुई है। खारुन नदी में राजधानी सहित आसपास के 17 नाले-नालियों का गंदा पानी जाने से रोकने और नदी को प्रदूषित होने से बचाने रायपुर नगर निगम ने 81 करोड़ 88 लाख खर्च कर अमृत मिशन के तहत कारा, निमोरा और चंदनीडीह में गंदे पानी को उपचारित कर वापस नदी में छोड़ने सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित कराया है। इसके बाद भी खारुन नदी में चिंगरी नाला और पीहर नाला का बदबूदार गंदा पानी मिलने से नदी का पानी प्रदूषित हो रहा है, यही नहीं नदी के एक बड़े हिस्से में जलकुंभी और जलीय वनस्पति के मकड़जाल के चलते पानी की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। यही नहीं, महादेवघाट के पास नौकाविहार के लिए आने वालों को घाट के आसपास जलकुंभी की भरमार के चलते नौकाविहार की सुविधा नहीं मिल पा रही है। नगरनिगम जोन 6 द्वारा नदी में फैले जलकुंभी सफाई के लिए अभी तक ठेका नहीं दिया गया है। हालाकि स्थानीय मछुआरों ने जलकुंभी की सफाई कराई पर बड़े स्तर पर इसके सफाई की जरूरत है।

विधानसभा में उठा था खारुन नदी में गंदे पानी जाने का मामला

खारुन नदी में नाले का गंदा पानी मिलने को लेकर छत्तीसगढ़ विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूर्व मंत्री और रायपुर पश्चिम क्षेत्र के विधायक राजेश मूणत ने सदन में सवाल किया कि खारुन नदी के पास 81.88 करोड़ खर्च कर एसटीपी लगाने के बाद भी यह स्थिति क्यों बनी, इसे रोकने क्या प्रयास किए गए? इसके जवाब में नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने जवाब दिया कि चिंगरी और पीहर नाले से आ रहे गंदा व दूषित पानी को नदी में जाने से रोकने नगर निगम रायपुर द्वारा 11 करोड़ की कार्य योजना नगरीय प्रशासन विभाग में 1 साल से लंबित है। रिवाइज प्रपोजल पर परीक्षण कर नियम अनुसार स्वीकृति दी जाएगी।

एनीकट 10 इंच हुआ खाली, नहर में चल रहा था काम

नगर निगम के जल विभाग के भाठागांव स्थित एनीकट इन दिनों 10 इंच खाली हो गया है। जल विभाग के कार्यपालन अभियंता के मुताबिक माना के पास नहर में काम चलने के कारण यह स्थिति निर्मित हुई। सिंचाई विभाग के अधिकारियों को इससे अवगत कराया गया है। एक दो दिन में स्थिति सामान्य होने की उम्मीद है। शहर के प्रतिदिन पेयजल की डिमांड को ध्यान में रखते हुए गंगरेल डेम से 250 क्यूसेक रॉ वाटर लिया जा रहा है। वहीं शहर में स्थापित नगर निगम के 43 नई व पुरानी पानी टंकियों के माध्यम से प्रतिदिन 300 एमएलडी शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जा रही है।

सफाई कर्मचारियों की हड़ताल

शहरभर में कचरा कलेक्शन ठप, दलदल सिवनी स्टेशन पर गाड़ी खड़ी कर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी में रामकी कंपनी के सफाई कर्मचारियों ने अपनी 18 सूत्रीय मांगों को लेकर काम ठप रखा। इससे शहरभर में लोगों के घरों और दुकानों से डोर-टू डोर कचरा कलेक्शन का कार्य ठप रहा। लोग गाड़ी वाला आया बाबू कचरा निकाल का भोंपू सुनने का इंतजार करते रहे, पर सफाई गाड़ी उनके घरों, गली-मोहल्लों में नजर नहीं आई। नगर निगम के 10 जोन स्थित 70 वार्डों में रामकी की 245 डोर टू डोर कचरा कलेक्शन करने वाली गाड़ियों के वाहन चालक और हेल्पर इस हड़ताल में शामिल रहे। गुरुवार को शहर की सफाई का ठेका लेने वाली रामकी कंपनी की सफाई गाड़ियों के चालक, हेल्परों ने वेतन बढ़ाने सहित 18 सूत्रीय मांगों को लेकर दलदल सिवनी डिपो में तंबू लगाकर प्रदर्शन किया। इस दौरान रामकी की सफाई गाड़ियां लाइन से सेंटर में ही खड़ी रहीं। इससे शहरभर में डोर-टू डोर कचरा कलेक्शन का कार्य बाधित रहा। सफाई कर्मचारियों की हड़ताल ऐसे समय में हुई, जब केंद्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण की टीम शहर के सफाई का सर्वे करने आने वाली है।

बातचीत करेंगे

शहर की सफाई व्यवस्था में गड़बड़ी करने वालों पर कड़ाई बरतेंगे, स्वच्छता सर्वेक्षण के समय इस तरह का विरोध समझ से परे है। सफाई कर्मचारियों से बातचीत करेंगे।

योगेश कुमार, सिटी हेड, रामकी कंपनी

विधि सम्मत लेंगे निर्णय

शहर की सफाई का विषय है, इसमें किसी तरह की कोताही बर्दास्त नहीं करेंगे। स्वच्छता सर्वेक्षण के समय इस तरह की हरकत करने वालों पर विधि सम्मत निर्णय लिया जाएगा।

मीनल चौबे, महापौर, नगर निगम रायपुर

ई-केवायसी के जरिए महतारी वंदन योजना से नाम काटने का कांग्रेस ने किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- अन्य राज्यों के तरह इसकी राशि 3 हजार किए जाने की मांग

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा केवाईसी के नाम पर माताओं-बहनों के नाम काटने के प्रयासों का कांग्रेस ने विरोध किया है। कांग्रेस ने महिला एवं बाल विकास विभाग का घेराव कर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद जिला अधिकारी शैल ठाकुर को शासन के नाम ज्ञापन सौंपा। शासन प्रशासन स्तर पर तत्काल निर्णय ना लिए जाने पर विभागीय मंत्री एवं मुख्यमंत्री कार्यालय घेराव की चेतावनी दी है।

जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन ने कहा, भाजपा ने इस प्रदेश में अपने चुनाव घोषणा पत्र में हर माता-बहनों को देने की बात कही थी, सरकार बनते ही गिरगिट की तरह रंग बदलने लगी। अपने वादे से मुकर कर महतारी वंदन योजना में कई आर्थिक पहलू को जोड़ दिया। उन्होंने कहा, अगर भाजपा सरकार यह समझती है कि महतारी वंदन योजना में केवाईसी लागू करके प्रदेश की पात्र माता बहनों का नाम काट के वह इस योजना से अपना पला झाड़ लेगी तो यह उसकी सबसे बड़ी भूल है। उन्होंने अन्य राज्य सरकार जैसे पश्चिम बंगाल में योजना में माता-बहनों को 3000 रुपया दे रही हैं। वैसे ही छत्तीसगढ़ में भी हर माह 3000 रुपए प्रदान करने की मांग की है। चुनाव के समय भाजपा ने प्रदेश की हर माता-बहनों को महतारी वंदन योजना में शामिल करने की घोषणा की थी। पिछले ढाई साल में एक भी नई बनी बहुओं को शामिल नहीं किया गया है।

ई-केवायसी के नाम पर वसूली पर लगे रोक

पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा ने कहा, महतारी वंदन ई-केवाईसी के नाम पर च्वाइस सेन्टरों में अवैध वसूली पर रोक लगाई जाये। पूर्व महापौर प्रमोद दुबे ने कहा, महतारी वंदन ईकेवायसी के आड़ में सरकार षड़यंत्र पूर्वक हजारों माता बहनों के नाम काटने की तैयारी कर रही हैं जो एक बड़ा धोखा हैं। पंकज शर्मा ने कहा, अविवाहित 25 वर्ष से उपर की सभी महिलाओं को महतारी वंदन का लाभ दिया जाये।

ये थे मौजूदः प्रदर्शन में दिनेश ठाकुर, डॉ. अन्नुराम साहू, जसबीर ढिल्लन, सचिन अग्रवाल, ममता राय, अर्जूमन ढेबर, प्रशांत ठेंगड़ी, सम्पत राजपूत, सुशांत डे, सुरेश जैन बाफना, राज देवांगन, गौरीशंकर पांडे, दीपक चौबे, ओम श्रीवास, सुधा सरोज, मनोज बंजारे, सुरेश धीवर, संदीप शर्मा, हिरेंद्र देवांगन, सुजीत सिंह, कमल धृतलहरे, मोहम्मद ताहिर, जावेद नकवी, ईश्वर चक्रधारी, जीतू भारती, मनीष शर्मा, महेन्द्र सेन, नन्दू सिन्हा, संतु सिंह, निक्की साहु, संजय सोनी, रोहित साहु, जितेन्द्र यादव,सहित कांग्रेस पार्टी के सैकड़ों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

सुशासन तिहार कोई मीना बाजार नहीं, इसकी गंभीरता समझें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी की अधिकारियों को दो टूक
- इंडोर स्टेडियम में जोन 4 के सात वार्डो के लिए जन समस्या निवारण शिविर

रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी ने अधिकारियों से कहा है कि सुशासन तिहार शिविर को गंभीरता से लेकर अपने दायित्व का निर्वहन करें। अधिकारी इसे मीनाबाजार या उत्सव न समझें। श्री सोनी ने कहा कि सफाई, पानी और स्ट्रीट लाइट जैसी समस्याओं के त्वरित निदान की प्रशासनिक व्यवस्था नगर निगम के सभी 10 जोन कार्यालयों में कायम कर आज जनता को वांछित लाभ देने कड़ाई करनी चाहिए। बूढ़ापारा के इंडोर स्टेडियम में गुरुवार को नगर निगम जोन 4 के 7 वार्डो के लिए आयोजित सुशासन तिहार में उन्होंने ये बातें कही। शिविर में रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, जोन अध्यक्ष मुरली शर्मा, एमआईसी सदस्य अमर गिदवानी, सभापति सूर्यकांत राठौर सहित वार्डो के पार्षदों की उपस्थिति रही।

रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के सुशासन तिहार में प्रधानमंत्री आवास योजना में मकान निर्माण के लिए गुरुवार को 20 आवेदकों को भवन अनुज्ञा पत्र प्रदान किए गए। इस मौके पर नोनी सुरक्षा योजना में नन्ही बालिकाओं का सम्मान किया गया, साथ ही नवजात शिशुओं का अन्न प्रासन्न कराया गया। प्रातः 11 बजे से 1 बजे तक जनसमस्या निवारण शिविर में 212 नागरिकों ने आवेदन दिये। इसमें से 17 नागरिकों ने शिकायतें दर्ज करवाई।

मर्चेंट एसोसिएशन ने गोलबाजार की समस्याओं पर ज्ञापन सौंपा

रायपुर। मर्चेंट एसोसियेशन रायपुर ने गोलबाजार से संबंधित समस्याओं को लेकर सुशासन तिहार में जोन अध्यक्ष मुरली शर्मा सभापति सूर्यकांत राठौर, एमआईसी सदस्य अमर गिदवानी की मौजूदगी में ज्ञापन सौंपा। अध्यक्ष सतीश जैन, महासचिव कलीराम साहू, संतोष रावत ने 8 बिंदुओं पर सौंपे गए ज्ञापन में अंडरग्राउंड के नाम पर खोदे गए गड्ढों को पाटने, गोलबाजार के एकमात्र कुंए की सफाई कराने, बाजार की सफाई व्यवस्था सुधारने और सुरक्षा के लिए गोलबाजार में सीसीटीवी कैमरा जाने महिलाओं के लिए पिंक टायलेट के निर्माण की मांग की है।

सुशासन तिहार में आकर आवेदन करना पड़ रहा, यह स्थिति चिंतनीय : सूर्यकांत

नगर सभापति सूर्यकान्त राठौड़ ने कहा कि सफाई, पेयजल, स्ट्रीट लाईट, राशन कार्ड बनाने की व्यवस्था नगर निगम के माध्यम से हो सकता है। सुशासन तिहार शिविर में आम जनता को इन सबके लिए आवेदन करना पड़ रहा है, यह स्थिति चिंतनीय है। इसकी व्यवस्था नगर निगम में सभी जोनों में आम जनता के लिए निरन्तर की जानी चाहिए। जन समस्या निवारण शिविर में नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा, नगरीय नियोजन एवं भवन अनुज्ञा विभाग अध्यक्ष मनोज वर्मा, संस्कृति विभाग अध्यक्ष अमर गिदवानी, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग अध्यक्ष संजना-संतोष हियाल, जोन 4 अध्यक्ष मुरली शर्मा, वार्ड पार्षद अर्जुमन-एजाज ढेबर, अजय साहू, कैलाश बेहरा, मंडल अध्यक्ष संतोष सोनी, पूर्व पार्षद प्रतिनिधि राम प्रजापति, अपर आयुक्त विनोद पांडे, जोन 4 कमिश्नर डॉ. दिव्या चंद्रवंशी, कार्यपालन अभियंता शेखर सिंह सहित जोन के अधिकारी और विभिन्न शासकीय विभागों के संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति रही।

पूछा सवाल-5 साल तक कांग्रेस सरकार के समय क्यों नहीं किया ऐतराज

टैंकर निविदा में आपत्ति को लेकर ठेकेदारों ने नेता प्रतिपक्ष को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- छवि धूमिल करने का लगाया आरोप

नगर निगम के जल विभाग द्वारा शहर के पेयजल संकट प्रभावित इलाकों में किराये के पानी टैंकर का टेंडर को लेकर नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी द्वारा की गई आपत्ति को लेकर अनुबंधित ठेकेदारों ने पत्र लिखकर इसका जवाब दिया है। अनुबंधित ठेकेदारों ने हस्ताक्षर युक्त पत्र नेता प्रतिपक्ष के नाम लिखकर यह पूछा है कि पिछले 5 साल तक नगर निगम में कांग्रेस की सरकार थी, जिसमें आप एमआईसी सदस्य थे। उस वर्षो में इसी प्रकार 5-6 ठेकेदारों द्वारा किराये के पानी टैंकर संचालित किए गए, जिस पर आपके द्वारा कभी भी प्रश्नचिन्ह नहीं लगाया गया, लेकिन वर्तमान में इस प्रक्रिया पर आपके द्वारा प्रश्न क्यों उठाया जा रहा है, यह समझ से परे है। आकाश तिवारी को संबोधित करते हुए ठेकेदारों ने कहा है कि टैंकर निविदा ऑनलाइन हुई थी, जिसमें प्रथम निविदा में किसी भी फर्म द्वारा भाग नहीं लिया गया। रीटेंडर में हमने रेट कोड किया और नगर निगम से टैंकर चलाने का कार्य मिला। सिंडिकेट बनाकर कार्य करने का आरोप लगाना गलत है, इससे हमारी छवि धूमिल हो रही है। इसीलिए आग्रह है कि 3 दिन के भीतर अन्य ठेकेदार का चयन कार्य मुक्त करें, अन्यथा अपनी बात का खंडन करें।

नेता प्रतिपक्ष का ये है कहना :

नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने टैंकर के लिए अनुबंधित ठेकेदारों के पत्र के जवाब में कहा है नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष होने के नाते सकारात्मक विपक्ष की भूमिका निभा रहा हूं, मैंने जो भी सवाल उठाए हैं पूरे साक्ष्य के साथ उठाए हैं। आम जनता के हित की मूलभूत सुविधाओं में कमियां आएगी तो उस बात को गंभीरता से उठाउंगा। यह महापौर और उनके परिषद की जिम्मेदारी है, कि रायपुर की जनता को उनकी मूलभूत सुविधा मुहैया कराए। आकाश तिवारी ने कहा है कि इसके पूर्व मैने रायपुर नगर निगम में प्रधानमंत्री आवास योजनामें जिन हितग्राहियों को लाभ नहीं मिल रहा था उस योजना के 800 हितग्राहियों की सूची सौंपी थी, जिनको आवास योजना का पैसा नहीं मिल रहा था, इसके बाद नगर निगम द्वारा 300 लोगों को आवास योजना का पैसा मिला। वीआईपी रोड स्थित नाला निर्माण कार्य को बिना सीमांकन करवाए चालू करवाया गया था, जो कि गलत था, इस बात को पूरी दमदारी से नेता प्रतिपक्ष के रूप में उठाया, इसके बाद रायपुर तहसीलदार ने उक्त स्थल का सीमांकन करवाया था। जिसमें क्वीन्स क्लब, हॉटल बेबीलान और रामस्वरूप निरंजन धर्मशाला इन सबका कब्जा होना पाया गया। इसके बाद मेरे द्वारा रायपुर नगर नगम में आम जनता को ठेके के टैंकर से पानी दिया जाने में लगातार हो रही अनियमितता का मामला उठाया है, जिस पर गड़बड़ियां सामने आई हैं। बिना जीपीएस लगाए टैंकर का संचालन नहीं किया जा सकता, फिर भी लगातार यह कार्य किया जा रहा है जो गलत है।

हरिभूमि लाइव

रायपुर, शुक्रवार 15 मई 2026

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937

04 अहमदाबाद की बयार

कोच दिनेश कार्तिक और क्रुणाल ने सोशल मीडिया पर लिखा- छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया

5 दिन बाद रायपुर से विदा हुई आरसीबी की टीम विराट ने हाथ हिलाकर फैंस का जताया आभार



अपने नए 'होम ग्राउंड' रायपुर में दो शानदार जीत दर्ज करने के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम गुरुवार को 5 दिनों के प्रवास के बाद यहां से विदा हो गई। आरसीबी की टीम 17 मई को पंजाब के खिलाफ होने वाले अपने अगले मुकाबले के लिए हिमाचल प्रदेश के लिए रवाना हुई है। वहीं, कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम भी मैच के बाद अपने होम ग्राउंड (कोलकाता) के लिए लौट गई है।

मेहमाननवाजी के मुरीद हुए आरसीबी के खिलाड़ी

गुरुवार को टीम हिमाचल प्रदेश और कोलकाता नाइट राइडर्स कोलकाता के लिए हुई रवाना





रायपुर। खिलाड़ियों को खूब भाया छत्तीसगढ़ का आतिथ्य राजधानी रायपुर में 5 दिन बिताने के बाद आरसीबी के खिलाड़ियों ने सोशल मीडिया पर छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया लिखते हुए रायपुरवासियों का आभार व्यक्त किया है। रायपुर का यह प्रवास आरसीबी की पूरी टीम को खूब भाया। इस दौरान वे न केवल छत्तीसगढ़ की लोक कला और संस्कृति से रूबरू हुए, बल्कि यहां के स्थानीय व्यंजनों के भी जमकर मुरीद हुए।

दिनेश कार्तिक और क्रुणाल पंड्या ने कहा- 'जय जोहार'

आरसीबी के कोच दिनेश कार्तिक ने सोशल मीडिया पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया लिखा, तो वहीं खिलाड़ी क्रुणाल पंड्या ने भी फैंस का अभिवादन जय जोहार कहकर किया।प्रेसवार्ता में अपने अनुभव साझा करते हुए क्रुणाल पंड्या ने कहा, मैं पहली बार रायपुर आया हूं। यहां के लोग काफी अच्छे और मिलनसार हैं। यहां के आतिथ्य सत्कार और स्वागत ने हमारा दिल जीत लिया है। उन्होंने यह भी उम्मीद जताई कि, हम चाहेंगे कि आने वाले सालों में हम फिर से रायपुर खेलने आएं और हमें रायपुर ही होम ग्राउंड के रूप में मिले।

विदाई पर 'किंग कोहली' ने हिलाया हाथ

आरसीबी के रायपुर प्रवास के दौरान विराट कोहली की एक झलक पाने के लिए क्रिकेट प्रेमी काफी बेताब नजर आए। उनके शहर में कदम रखने से लेकर विदाई तक, प्रशंसकों की भारी भीड़ होटल, स्टेडियम और एयरपोर्ट के बाहर डटी रही।गुरुवार को जब टीम वापस लौट रही थी, तब भी ढेरों फैंस अपने चहेते स्टार के लिए खास मैसेज वाले पोस्टर लेकर एयरपोर्ट पहुंचे हुए थे। विदाई बेला में जब एक फैन ने जोर से आवाज लगाते हुए कहा, जल्दी आना विराट..., तो 'किंग कोहली' ने भी अपना प्यार दिखाते हुए हाथ हिलाकर रायपुर के फैंस का आभार व्यक्त किया।

विराट के लिए लकी बन चुका है रायपुर

राजधानी रायपुर और यहां का शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल स्टेडियम' रन मशीन विराट कोहली के लिए हमेशा से बेहद खास और लकी रहा है। विराट जब भी यहां क्रिकेट खेलने पहुंचे हैं, उनका यह प्रवास हमेशा शानदार और सुर्खियों से भरा रहा है। दिसंबर में जब विराट इस मैदान पर खेलने उतरे थे, तब उनके बल्ले से एक शानदार शतक निकला था। इसके बाद अब आईपीएल के दौरान जब वे यहां पहुंचे, तो उन्होंने एक बार फिर अपनी जादुई बल्लेबाजी दिखाते हुए शतकीय पारी खेली और दर्शकों का दिल जीत लिया।इस बेहतरीन और निरंतर प्रदर्शन के साथ ही रायपुर से विराट का एक खास और अटूट लगाव जुड़ गया है। वीर नारायण सिंह स्टेडियम में जड़े गए विराट के ये दोनों शतक यहां के क्रिकेट फैंस के लिए हमेशा के लिए यादगार बन चुके हैं।

मुंबई इंडियंस और केकेआर को भी खूब भाया रायपुर का आतिथ्य

आरसीबी के अलावा मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाड़ियों ने भी अपने रायपुर प्रवास की जमकर सराहना की है। 'हिटमैन' रोहित शर्मा और पूरी मुंबई इंडियंस की टीम के लिए भी रायपुर का यह दौरा और मुकाबला बेहद खास रहा। वहीं, गुरुवार को वापसी के लिए एयरपोर्ट पहुंचे केकेआर के खिलाड़ियों ने भी वहां मौजूद फैंस का गर्मजोशी से अभिवादन स्वीकार किया और उनके शानदार प्यार व समर्थन के लिए अपना आभार व्यक्त किया।

सिटी इवेंट

आईजीकेवी में दीक्षांत से पहले किया गया रिहर्सल

रायपुर। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय का 11वां दीक्षांत समारोह शुक्रवार को आयोजित किया जाएगा। कृषि कॉलेज स्थित कृषि मंडपम में सुबह 11 बजे दीक्षांत समारोह का शुभारंभ होगा। इसमें 1 हजार 880 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की जाएंगी। समारोह की अध्यक्षता राज्यपाल एवं इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलाधिपति रमेन डेका करेंगे। मुख्य अतिथि सीएम विष्णुदेव साय होंगे। विशिष्ट अतिथि कृषि मंत्री रामविचार नेताम होंगे। दीक्षांत समारोह में भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली के पूर्व निर्देशक डॉ. अशोक कुमार सिंह दीक्षांत भाषण देंगे। वहीं कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल विद्यार्थियों को दीक्षोपदेश देंगे। दीक्षांत में मेधावी विद्यार्थियों को 13 स्वर्ण, 7 रजत एवं 2 कांस्य पदक प्रदान किए जाएंगे।

समारोह के लिए तय किया गया परिधान

इस अवसर पर भव्य दीक्षांत शोभायात्रा भी निकाली जाएगी। 11वें दीक्षांत समारोह में शैक्षणिक वर्ष 2024-25 में कृषि विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पदक एवं उपाधियां भी वितरित होंगी। स्नातक कृषि पाठ्यक्रम के 1234 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की जाएंगी। स्नातकोत्तर स्तर पर भी 518 एवं पीएचडी स्तर पर 128 पंजीकृत विद्यार्थियों को उपाधियां दी जाएंगी। उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए अकादमिक परिधान निर्धारित किया गया है। छात्र कोसे रंग या ऑफ व्हाइट रंग का कुर्ता तथा सफेद पायजामा पहनेंगे, वहीं छात्राएं कोसे रंग या ऑफ व्हाइट रंग की साड़ी में नजर आएंगी।

व्यवस्थित समारोह के लिए की तैयारी

दीक्षांत के दौरान मंचस्थ अतिथि कोसे रंग का जैकेट पहनेंगे। समारोह में प्रबंध मण्डल, विद्या परिषद तथा प्रशासनिक परिषद के सदस्यों सहित विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित सभी महाविद्यालयों के अधिष्ठाता एवं विभागाध्यक्ष भी शामिल होंगे। दीक्षांत समारोह का सुव्यवस्थित आयोजन करने के लिए सभी तैयारियां गुरुवार को पूरी की गईं। कृषि मंडपम में दीक्षांत समारोह की रिहर्सल की गई, जिसमें विश्वविद्यालय के कुलपति एवं कुलसचिव सहित सभी प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षक एवं विद्यार्थी शामिल हुए।

जूनियर्स ने सीनियर्स को विदाई देने किया नवा बिहान समारोह

रायपुर। छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन द्वारा संचालित विप्र कला कॉलेज के शिक्षा विभाग में जूनियर्स द्वारा सीनियर्स को विदाई देने के लिए नवा बिहान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि विप्र शिक्षण समिति के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा ने विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामना देते हुए कहा कि शैक्षणिक दायित्व का सदैव स्मरण रखते हुए राष्ट्र निर्माण के लिए काम करना जरूरी है। अपने दायित्व का निर्वहन समर्पण, ईमानदारी से करने का प्रयास करने से जीवन में सफलता अवश्य मिलेगी। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. मेघेश तिवारी ने कहा कि किसी विद्यार्थी की कॉलेज से विदाई नहीं हो रही है। आप सभी विप्र कॉलेज परिवार से सदैव जुड़े रहेंगे। एचओडी डॉ. दिव्या शर्मा ने छात्रों को अनुशासन एवं अपने कार्य के प्रति समर्पण की बात कहते हुए छात्रों का मार्ग दर्शन दिया।

अलग-अलग केटेगरी में सीनियर्स को मिला मेडल

इस अवसर पर प्राचार्य द्वारा छात्रों को मेडल प्रदान किया गया। बेस्ट स्टूडेंट सागर सिंह गंजीर रहे और एकेडमिक अचीवर ओमश्री, मोस्ट हेल्पफुल पर्सनालिटी कमल और सौरभ साहू, प्लीजिंग पर्सनालिटी भूपेश और जतिन, वेल डिसिप्लिन स्टूडेंट उपेंद्र साईं को उनकी सक्रिय भागीदारी के लिए ओवरऑल परफॉर्मेंस के आधार पर चुना गया। इसके बाद सीनियर विद्यार्थियों ने अपने सुझाव जूनियर विद्यार्थियों के साथ साझा किए। मनोरंजन गेम्स, डांस और सॉन्ग के साथ विदाई समारोह को यादगार व खुशनुमा बनाने में किसी ने कोई कसर नहीं छोड़ी। इसमें मिस्टर फेयरवेल कामेश्वर कुमार और मिसफेयर वेल शिव नंदा पैकरा रहीं।

रंग संस्कार महोत्सव में आज बिखरेगी कला की छटा, नाटक मैं अनिकेत हूं का होगा मंचन

भारतीय संस्कृति और रंगकर्म को समर्पित संस्था संस्कार भारती द्वारा प्रख्यात कलासाधक स्व. अशोक चंद्राकर की स्मृति में त्रिदिवसीय रंग संस्कार महोत्सव का आगाज शुक्रवार से होने जा रहा है।

रायपुर। महाराष्ट्र मंडल में आयोजित होने वाला यह महोत्सव अपने तीसरे वर्ष में प्रवेश कर रहा है। 15 से 17 मई तक चलने वाले इस महाकुंभ में नाट्य प्रस्तुतियों के साथ-साथ चित्रकला प्रदर्शनी के जरिए पूरी राजधानी कला के रंगों में सराबोर नजर आएगी। महोत्सव का औपचारिक उद्घाटन शुक्रवार शाम 6.30 बजे किया जाएगा। उद्घाटन सत्र में प्रमुख रूप से संस्कार भारती छत्तीसगढ़ के संरक्षक योगेश अग्रवाल, महोत्सव के संरक्षक व पद्मश्री अनुज शर्मा, महानगर अध्यक्ष शशांक शर्मा तथा प्रांतीय अध्यक्ष रिखी क्षत्रिय उपस्थित रहेंगे। पहले दिन की मुख्य प्रस्तुति के रूप में नाटक मैं अनिकेत हूं का मंचन किया जाएगा। प्रसिद्ध रंगकर्मी शशि वरवंडकर के निर्देशन में तैयार यह नाटक मानवीय संवेदनाओं और सामाजिक सरोकारों को मंच पर जीवंत करेगा।

चित्र प्रदर्शनी महोत्सव के तीनों दिन नाटकों के साथ-साथ राष्ट्र रंग

संघ साधना के 100 बछर नामक विशेष चित्र प्रदर्शनी भी दर्शकों के अवलोकन के लिए खुली रहेगी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर आधारित इस प्रदर्शनी में राष्ट्रजीवन, सांस्कृतिक चेतना और संगठनात्मक यात्रा के गौरवशाली आयामों को बेहद कलात्मक ढंग से प्रदर्शित किया गया है। दूसरे दिन 16 मई को नाटक सूखी डाली (निर्देशनः अर्पिता बेडेकर) और संत रविदास की शानदार प्रस्तुति होगी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कुरुद विधायक एवं पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर होंगे। 17 मई महोत्सव के अंतिम दिन नाटक राजा रवि वर्माः एक अनकही लड़ाई का मंचन किया जाएगा, जिसका निर्देशन डॉ. आनंद कुमार पाण्डेय ने किया है। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, नागपुर की निदेशक आस्था कार्लेकर मौजूद रहेंगी। समापन समारोह के दौरान रंगमंच के क्षेत्र में अपना विशेष और उत्कृष्ट योगदान देने के लिए लीना मोहन एंटी को प्रतिष्ठित "रंग साधक सम्मान" से अलंकृत किया जाएगा।

महामंगलकारी प्रतिष्ठा शुभ दिवस पर पंजाब के राज्यपाल रहे मुख्य अतिथि

केवल किताबी ज्ञान काफी नहीं, सशक्त राष्ट्र के निर्माण के लिए शिक्षा के साथ संस्कार भी जरूरी

कार्नर न्यूज

रायपुर। लालपुर स्थित नवकार नगर में चल रहे पंचदिवसीय अंजनशलाका प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतर्गत गुरुवार महामंगलकारी प्रतिष्ठा शुभ दिवस अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। प्रातःकाल से ही नवकार नगर में धार्मिक अनुष्ठानों, मंत्रोच्चार और जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर धर्मलाभ अर्जित किया। धार्मिक कार्यक्रमों की शुरुआत प्रातः 7:02 बजे "श्री अष्टोतरी स्नात्र" से हुई। इसके बाद शुभ मुहूर्त में परमात्मा, गणधर, दादा गुरुदेव, देव-देवी, ध्वजदंड एवं कलशादि की प्रतिष्ठा प्रतिष्ठाचार्य सूरिराज के वरद हस्तों से संपन्न कराई गई। समारोह के दौरान नवकार नगर संपूर्ण रूप से आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर नजर आया। दोपहर 12:36 बजे श्री बृहद शांतिस्नात्र पूजन का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना कर विश्व शांति और मंगल की कामना की। इसके पश्चात आयोजित "फल चूंदी" कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र रहा। भक्तों के लिए मीठी मधुर लापसी, मंगोड़ी एवं विभिन्न पकवानों की व्यवस्था की गई। पूरे आयोजन स्थल पर भक्ति, सेवा और समर्पण का भाव दिखाई दिया।

अच्छे संस्कारों से होता है सशक्त राष्ट्र का निर्माण

महोत्सव में पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया बतौर विशेष अतिथि शामिल हुए। उन्होंने कहा कि मैं भगवान महावीर स्वामी के जिन शासन का एक श्रावक हूं, पद तो आते और जाते रहेंगे। यह धर्म मुझे मेरे संस्कारों से मिला है। उन्होंने कहा, केवल पढ़ाई करना ही काफी नहीं, शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी होना आज के समय की आवश्यकता है, क्योंकि अच्छे संस्कारों से ही सशक्त समाज और सशक्त राष्ट्र का निर्माण होता है। उन्होंने इस भव्य आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में आध्यात्मिक चेतना, संस्कार और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करते हैं।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में दी मनमोहक प्रस्तुति

नवकार नगर में धर्मनिष्ठ स्व. वीरचंदजी डागा एवं सरोजदेवी डागा परिवार के सौजन्य से श्वेत पाषाण से निर्मित भव्य श्री मुनिसुव्रत स्वामी जिनालय तथा श्री मणिधारी जिनचंद्रसूरि दादावाड़ी की अंजनशलाका प्रतिष्ठा का पंचदिवसीय महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। यह आयोजन आचार्य भगवंत श्री जिनपीयूषसागर सूरीश्वरजी एवं आचार्य भगवंत श्री जयंतसेन सूरीश्वरजी आदि ठाणा की पावन निश्रा में संपन्न हो रहा है। महोत्सव के दौरान प्रतिदिन विविध धार्मिक अनुष्ठान, पूजा-अर्चना, प्रवचन, भक्ति संध्या एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। नवकार नगर में निर्मित यह जिनालय अपनी भव्य वास्तुकला और आध्यात्मिक गरिमा के कारण श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। आयोजन समिति ने इसे जैन समाज ही नहीं, बल्कि संपूर्ण क्षेत्र के लिए आस्था, संस्कृति और आध्यात्मिक जागरण का महाकुंभ बताया है।

सिटी इवेंट

7 जून को सजेगा रोटरी सेवा और सम्मान का मंच, 3 राज्यों के क्लब होंगे सम्मानित

रायपुर। रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3261 के अंतर्गत आने वाले 100 से अधिक रोटरी क्लबों द्वारा वर्ष 2025-26 में किए गए उत्कृष्ट सेवा कार्यों को सम्मानित करने के लिए राजधानी रायपुर में एक भव्य आयोजन होने जा रहा है। आगामी रविवार, 7 जून को आभार मित्रों का नामक इस सम्मान समारोह में सेवा, सम्मान और संस्कृति का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। इस भव्य कार्यक्रम में मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और उड़ीसा के रोटरी क्लब अध्यक्ष, सचिव और डिस्ट्रिक्ट पदाधिकारी एक ही मंच पर जुटेंगे। इस दौरान सेवा और सम्मान के साथ-साथ तीनों राज्यों की समृद्ध संस्कृति की शानदार झलक गीत-संगीत और विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के जरिए प्रस्तुत की जाएगी।

अवॉर्ड लिस्ट को दिया जा रहा अंतिम रूप

इस आयोजन को सुव्यवस्थित और यादगार बनाने के लिए डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी रोटे. सोमनाथ अग्रवाल, रोटे. अजीत खंडेलवाल और रोटे. सुशील रामदास अग्रवाल लगातार तैयारियों में जुटे हुए हैं। वहीं उत्कृष्ट सेवा कार्य करने वाले क्लबों और डिस्ट्रिक्ट में विशिष्ट पहचान बनाने वाले पदाधिकारियों के नामों की अंतिम सूची तैयार करने की जिम्मेदारी अवॉर्ड टीम संभाल रही है। इस टीम में चेयरमैन रोटे. दिलीप गोलछा के नेतृत्व में रोटे. तनुश्री अग्रवाल, रोटे. जागृति जोशी, रोटे. कमलजीत अग्रवाल, रोटे. शंकर अग्रवाल, रोटे. पूनम सचदेव और रोटे. उत्तम माहेश्वरी शामिल हैं।

उत्कृष्ट कार्यों का होगा सम्मान

यह आयोजन मुख्य रूप से रोटरी के सात प्रमुख कार्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले क्लबों और उनके पदाधिकारियों को समर्पित रहेगा। इनमें मुख्य रूप से शिक्षा और साक्षरता, स्वास्थ्य और रोग निवारण, जल संरक्षण एवं स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, सामुदायिक विकास, रोटरी की पब्लिक इमेज शामिल है।डिस्ट्रिक्ट मीडिया चेयरमैन रोटे. नितिन जैन और रोटे. पंकज माहेश्वरी ने जानकारी देते हुए बताया कि रोटरी वर्ष 2025-26 में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटे. अमित जायसवाल एवं पल्लवी जायसवाल के नेतृत्व में पूरे वर्ष कई ऐतिहासिक और प्रभावशाली कार्य हुए हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण के साथ-साथ समाज में रोटरी की छवि को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में किए गए इन कार्यों की गूंज पूरे डिस्ट्रिक्ट में सुनाई दी है।

नयापारा स्थित प्राचीन श्रीबांके बिहारी मंदिर में पुनः प्राण प्रतिष्ठा से पहले भक्तों ने निकाली शोभायात्रा

जयपुर के 11 कारीगरों ने छह महीने में मार्बल से तराशीं सात दिव्य मूर्तियां, वृंदावन जैसे स्वरूप में बांके बिहारी

'कहते हैं, भगवान के प्रति प्रगाढ़ आस्था हुनर को यादगार बना देती है। कुछ ऐसा ही दृश्य नयापारा स्थित प्राचीन श्रीबांके बिहारी मंदिर में देखने को मिला। जहां जयपुर के 11 कारीगरों द्वारा छह महीने में आकार दिए गए सात श्री विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव की धूम गुरुवार को दिनभर रही। श्रीबांके बिहारी को वृंदावन की तरह स्वरूप दिया गया है। ब्लेक मार्बल से निर्मित श्रीबांके बिहारी के साथ व्हाइट मार्बल से निर्मित राधा रानी की एक झलक पाने के लिए जहां भक्तों का तांता लगा। वहीं इससे पहले लोग शोभायात्रा में जयघोष करते हुए शामिल हुए।'

रायपुर। श्रीबांके बिहारी के पुराने मंदिर से सुबह साढ़े 8 बजे भगवान की शोभायात्रा निकाली गई। भव्य रूप से निकाली गई शोभायात्रा एडवर्ड रोड, चिकनी मंदिर, कोतवाली चौक, सदर बाजार होते हुए पेठा लाइन स्थित नवनिर्मित मंदिर में पहुंची। जहां प्रतिष्ठित यज्ञाचार्य ओमप्रकाश जोशी के सानिध्य में मंत्रोच्चारण के साथ ही भगवान श्री बांके बिहारी, शिव पंचायतन, भवानी शंकर, अष्टभुजा दुर्गा माता, बजरंगबली, लक्ष्मी माता एवं भगवान अग्रसेन और माता माधवी की मूर्तियों का जलाभिषेक तथा 56 प्रकार के द्रव्यों से अभिषेक किया गया। इसके बाद विधिवत प्राण-प्रतिष्ठा का नियम किया गया। साथ ही आराध्य देवताओं का सभी भक्तों ने दर्शन प्राप्त किया।

सालासर धाम से मंगाए गए लड्डू का भोग

सालासर धाम राजस्थान से मंगाए गए स्पेशल लड्डुओं का भगवान को भोग लगाया गया। सालासर धाम के लड्डु ड्राई फ्रूट्स एवं फल फ्रूट का प्रसाद श्रद्धालुओं में वितरित किया गया। इससे पहले प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतर्गत कलश यात्रा, बेदी पूजा, अधिवास एवं शोभायात्रा का आयोजन किया गया। वहीं दोपहर में श्री बांके बिहारी मंदिर ट्रस्ट ने भक्तों के लिए भंडारे का आयोजन किया। इसमें 1000 से अधिक श्रद्धालुओं ने भोग प्रसादी प्राप्त किया।

मंदिर पुनर्निर्माण का ऐतिहासिक महत्व

लगभग 157 वर्ष पुराने मंदिर की नींव 1870 में बैजू अग्रवाल ने रखी थी। यह मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि रायपुर की सांस्कृतिक एवं स्वतंत्रता संग्राम की गतिविधियों का केंद्र रहा है। स्वतंत्रता सेनानियों से लेकर प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता एवं निर्माता ने भी यहां दर्शन करते हुए दंडवत प्रणाम किया था। यह जानकारी देते हुए ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. अशोक अग्रवाल ने बताया कि मंदिर का जीर्णोद्धार एवं पुनर्निर्माण राजस्थानी वास्तुकला की शानदार कृति के रूप में किया गया है।

मकराना के मार्बल से निर्मित श्रीविग्रह

भगवान श्री बांके बिहारी की 5 फीट ऊंची आदमकद प्रतिमा एवं अन्य देवी-देवताओं की 3-3 फीट ऊंची मूर्तियों को मकराना के सफेद मार्बल से जयपुर के कारीगरों से बनवाने के बाद लाया गया है। पिछले दो वर्षों से सैकड़ों मजदूरों ने रात-दिन परिश्रम करके इस भव्य मंदिर के निर्माण को पूरा किया। वहीं प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव में पूजा-पाठ का प्रतिदिन विधान आचार्य नरेंद्र कौशिक के मार्गदर्शन में किया गया। प्राण-प्रतिष्ठा में वैदिक मंत्रोच्चार की गूंज रही। नेत्रोंनमिलन के बाद भगवान का श्रृंगार दर्शन भक्तों ने किया।

लाइव इवेंट

निःसंतान दंपत्ति की 17 को होगी निशुल्क जांच

रायपुर। निःसंतान दंपत्ति के लिए पूर्णतः निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन 17 मई को किया जा रहा है। यह एक दिवसीय शिविर क्षेत्रीय दंपतियों के जीवन में खुशियों के रंग भरने का प्रयास है। इस शिविर का आयोजन सुभाग हेल्थटेक संस्था और वर्मा हॉस्पिटल डुंडा के संयुक्त प्रयास से किया जा रहा है। स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ. माधवी ने बताया कि इस शिविर में महिलाओं के लिए सोनोग्रॉफी, पुरुषों के लिए वीर्य जांच की सुविधा पूर्णतः निशुल्क होंगी। सुभाग हेल्थटेक सहयोगी संस्था के रूप में जुड़ी हुई है, ताकि दंपत्ति को उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सकीय सुविधा आसानी से दी जा सके।

स्थानीय अस्पतालों के सहयोग से शिविर

इस शिविर का मुख्य उद्देश्य निःसंतान दंपति को जागरूक करना, उचित चिकित्सकीय परामर्श प्रदान करना और उनके सपनों को साकार करने में सहायता करना है। हेल्थटेक के सीएचओ सोहन साहू ने बताया कि हमारा उद्देश्य निःसंतान दंपत्ति की पीड़ा कम करना है। उनके माता-पिता बनने के सपने को साकार करना है। इसके लिए हम स्थानीय अस्पतालों के सहयोग से शहरों और कस्बों में नियमित निशुल्क शिविर आयोजित करते रहते हैं, जिससे अधिक से अधिक निःसंतान दंपत्ति को लाभ मिल सके। इस कड़ी में लोगों की सुविधा के लिए एक्सपर्ट्स की टीम उनका मार्गदर्शन भी करेगी।

एक लाख गोमाता के संरक्षण का संकल्प पूरा करने अन्न त्याग, सिर्फ दूध का सेवन

रायपुर। विद्यार्थी जीवन में एक कथा प्रसंग को सुनने के बाद गोमाता की सेवा के प्रति समर्पण का भाव आया। उसके बाद कभी पीछे मुडकर नहीं देखा। सात साल पहले संकल्प लिया कि जब तक देश में एक लाख गोवंश और नंदियों के संरक्षण का दायित्व पूरा नहीं कर लेता, तब तक अन्न स्वरूप भोजन को ग्रहण नहीं करूंगा। अभी भी सिर्फ दूध का सेवन करता हूं। उक्त बातें हरिभूमि से चर्चा के दौरान वृंदावन धाम से रायपुर प्रवास पर आए गोभक्त एवं प्रख्यात कथावाचक आचार्य कौशिक की महाराज ने कहीं। पुराण मर्मज्ञ ने बताया कि विद्यार्थी जीवन में एक कथा सुनने का अवसर मिला, जिसने मेरे जीवन की दिशा तय कर दी। इसमें भगवान कृष्ण से अर्जुन कहते हैं कि पार्थ, आप मेरे सारथी क्यों बने?

अनवरत जारी है गोसेवा का विस्तार

आचार्य ने आगे बताया कि वर्तमान में तुलसी तपोवन गोशाला वृंदावन और मंडला (मप्र) में लगभग 27,000 गोवंश का सुंदर और सुचारू रूप से पालन-पोषण किया जा रहा है। इस काम को पूरा करने में सात साल लगे। संकल्प को पूरा करने के लिए आगे भी प्रयास जारी है। इसी तारतम्य में अगला पड़ाव जगन्नाथ मंदिर रायपुर के बाद ओडिशा स्थित पुरी धाम होगा। जहां पर पूर्व से निर्धारित कार्यक्रमों में शामिल होते हुए लोगों को गोसेवा को लेकर जागरूक करना है।

विद्यार्थी जीवन से गोसेवा में बढ़ी रुचि

महाराज ने बताया कि श्रीकृष्ण ने अर्जुन को बताया कि एक बार आप यज्ञ में बैठे थे, उसी दौरान गोवंश पर हो रहे अत्याचार की जानकारी मिलने पर आपने उन्हें बचाया था। जो गोमाता की सेवा का भाव रखते हैं, उनका सारथी मैं स्वयं ही बन जाता हूं। उस प्रसंग ने मन में ऐसा स्थान बनाया कि पढ़ाई जीवन से मैं गोमाता की सेवा के प्रति संकल्पित हो गया। अब एक लाख गोमाता के संरक्षण, संवर्धन के लिए गोशाला निर्माण ही जीवन का उद्देश्य है।

आचार्य ने जगन्नाथ मंदिर में की कथा

आचार्य ने गुरुवार की शाम साढ़े सात से साढ़े नौ बजे के बीच गायत्री नगर स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर में एक विशेष धार्मिक आयोजन में भाग लिया। इस दौरान आचार्य श्री के मुखारविंद से श्री केंवट चरित्र कथा सुनने का अवसर इस बार भी श्रद्धालुओं को मिला। इस कथा प्रसंग के माध्यम से आचार्य ने भक्ति, सेवा और समर्पण के अद्भुत आदर्शों पर केंद्रित प्रसंग को सुनाते हुए बताया कि जिस प्रकार केंवट ने भगवान से आग्रह किया था, कि इस भव से मैंने पार किया, मेरे जीवन की नाव को आप पार लगाना। इस भाव से गोसेवा करने से भी भवसागर पार करने के मार्ग प्रशस्त होगा।

संभाजी महाराज की जयंती पर समाज ने लिया संकल्प

रायपुर। छत्रपति स्वराज्य रक्षक स्वातंत्र्यवीर संभाजी महाराज की 369वीं जयंती पर ओबीसी संयोजन समिति जिला रायपुर की कार्यकारिणी ने एक अहम बैठक रखी। संतोषी नगर स्थित मां कर्मा धाम में हुई बैठक में स्वातंत्र्यवीर संभाजी महाराज के अदम्य साहस, दूरदर्शिता, जीवन संघर्षों को याद किया गया। उन्होंने दक्षिण भारत में मुगलों के विस्तार को दृढ़ता से रोका और हिंदवी स्वराज्य की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। संभाजी महाराज के आदर्शों से प्रेरणा लेते हुए इस बैठक में ओबीसी समाज को सशक्त बनाने का संकल्प लिया गया। बैठक में संगठन के सात प्रमुख उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने का दृढ़ संकल्प लिया गया। इन उद्देश्यों में प्रमुख है, ओबीसी प्रोटेक्शन एक्ट को शीघ्र लागू करने की मांग प्रमुख रही।

प्रशिक्षण के माध्यम से समाज को करेंगे मजबूत

प्रदेश कार्यसमिति के अध्यक्ष टिकेश्वर साहू ने कहा कि 27% ओबीसी आरक्षण को तत्काल प्रभावी रूप से लागू किया जाए। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और सामान्य वर्ग की भांति ओबीसी वर्ग को भी सभी सार्वजनिक तथा निजी क्षेत्रों में समान अवसर और समान हिस्सेदारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने जोर देकर कहा कि अब ओबीसी समाज केवल अधिकारों की मांग नहीं, बल्कि अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए संघर्षरत है। संभागीय अध्यक्ष नारायण साहू ने अपने संबोधन में कहा कि ओबीसी समाज पूर्ण भागीदारी की लड़ाई लड़ रहा है। इस ऐतिहासिक संघर्ष में कैडरबद्ध सामाजिक प्रशिक्षण के माध्यम से संगठन को मजबूत किया जा रहा है।

शहर में ग्रीष्मकालीन रचनात्मक शिविरों में बड़ी संख्या में पहुंच रहे बच्चे-युवा

समर कैंप में प्रशिक्षुओं का मानसिक-शारीरिक विकास होने के साथ-साथ निखर रही प्रतिभा

कार्नर न्यूज

रायपुर। शहर में ग्रीष्मकालीन रचनात्मक शिविरों का आयोजन पिछले 13 दिनों से हो रहा है। इन शिविरों में छोटे स्कूली बच्चों से लेकर युवा, बुजुर्ग हर वर्ग के प्रतिभागी कला गुरुओं के मार्गदर्शन में अपनी प्रतिभा को निखार रहे हैं। तेज गर्मी के कारण शिविरों का समय सुबह 7 से 9.30 बजे तक हैं। इन शिविरों में डांस, म्यूजिक, योग, ताइक्वांडो, पेंटिंग और पॉटरी जैसी गतिविधियों के माध्यम से कौशल विकास और आत्मविश्वास बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। बच्चों और युवाओं के मानसिक व शारीरिक विकास के लिए पेंटिंग, नृत्य और भाषण कला का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वहीं, पारंपरिक कला क्षेत्रों में बच्चे पॉटरी मिट्टी के बर्तन बनाने की कला सीखकर अपनी रचनात्मकता को पंख दे रहे हैं। शिविर में प्रशिक्षकों द्वारा बच्चों में लीडरशिप और टीमवर्क की भावना विकसित की जा रही है। ये शिविर न केवल बच्चों की गर्मी की छुट्टियों को यादगार बना रहे हैं, बल्कि उन्हें मोबाइल और टीवी की दुनिया से दूर रचनात्मकता की ओर प्रेरित कर रहे हैं। इसके अलावा बड़े-बुजुर्ग भी अपनी कला के प्रति लगाव को इस शिविर के जरिए पूरा कर पा रहे हैं। बड़े-बुजुर्ग कला-संगीत, चित्रकारी में विशेष रूप से रुचि ले रहे हैं। इन शिविरों के माध्यम से बुजुर्गों को भी मनोरंजन के साथ-साथ अपने कलाओं को निखारने का अवसर मिल रहा है। समर कैंप में सभी वर्ग के प्रतिभागियों को कला गुरुओं द्वारा विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

ओडिसी डांस वर्कशॉप का ग्रैंड फिनाले कल

शहर के टाउनहाल में आयोजित 15 दिवसीय ग्रीष्मकालीन डांस कार्यशाला में बच्चे ओडिसी डांस कला में परांगत हो रहे हैं। डांस वर्कशॉप का कल ग्रैंड फिनाले होगा। इसमें प्रशिक्षित प्रतिभागी अपनी प्रस्तुति देंगे। वर्कशॉप में 100 से अधिक बालिकाओं को नृत्य कला का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आयोजक नृत्यश्री धारा छत्तीसगढ़ व नृत्यगुरु आर्या नंदे ने बताया की रोजाना सुबह 7.30 बजे से 11.30 बजे तक बच्चों को ओडिसी डांस की बारीकियां सिखाई जा रही हैं।

खेलों के साथ-साथ मार्शल आर्ट में प्रशिक्षित हो रहे

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में 31 मई तक विद्यार्थियों एवं खिलाड़ियों के लिए ग्रीष्मकालीन शिविर आयोजित किया गया है। शिविर में बच्चे, युवाओं को एथलेटिक्स, फुटबॉल, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, खो-खो, बास्केटबॉल, क्रिकेट और कबड्डी जैसे प्रमुख खेलों के साथ-साथ मार्शल आर्ट, डिफेंस सर्विस ट्रेनिंग प्रोग्राम तथा विभिन्न इनडोर एवं आउटडोर गतिविधियों का प्रशिक्षण लेने का अवसर मिल रहा है।

कैंप में 550 प्रतिभागियों ने कराया पंजीयन

कला केंद्र में समर कैंप में गायन, वादन, गिटार, की-बोर्ड, नृत्य, क्ले आर्ट, पेंटिंग, माटीकला और ताइक्वांडो में प्रशिक्षण प्राप्त कर प्रतिभा को निखार रहे हैं। इस समर कैंप में स्कूल के छुट्टी के बाद से प्रतिभागी बच्चे बड़ी संख्या में भाग ले रहे हैं। कला केंद्र के प्रबंधन टीम के सदस्य राहुल ठाकुर ने बताया कि इस बार समर कैंप को लेकर प्रतिभागियों में काफी उत्साह नजर आ रहा है। अब तक कुल 550 प्रतिभागियों ने समर कैंप क्लासेस के लिए पंजीयन कराया है।

दिव्यांग बच्चों को बांटी व्हीलचेयर

रायपुर। आकांक्षा इंस्टीट्यूट लायंस ऑफ लर्निंग एंड एम्पावरमेंट अवंती विहार में मोटिवेशन इंडिया के स्वालंबन योजना के अंतर्गत व्हीलचेयर वितरण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मोटिवेशन इंडिया द्वारा किया गया तथा रंगूनवाला फाउंडेशन के सहयोग से संपन्न हुआ। इस अवसर पर आकाश सोनकर, शहजादी बेगम शेख, शशि ठाकुर, सुरेखा खांडे एवं पद्मा चक्रधारी उपस्थित रहीं।

सिटी स्पोर्ट्स

यूथ कप में अभ्युदय रहे प्लेयर ऑफ द मैच

भिलाई। क्रिकेट फाउंडेशन अकादमी करंजा भिलाई की ओर से आयोजित यूथ कप (द्वितीय वर्ष) के अंतर्गत गुरुवार को शानदार मैच हुए। टीम पद्मनापुर क्रिकेट क्लब दुर्ग विरुद्ध आरके अकादमी हुडको के मैच में परिणाम पद्मनाभपुर क्रिकेट क्लब ने सात रन से जीता। प्लेयर ऑफ द मैच अभ्युदय वैष्णव को अंतरराष्ट्रीय अंपायर टेबल टेनिस एवं पूर्व अंतरराष्ट्रीय वेटरन्स टेबल टेनिस खिलाड़ी विनोद देवघरे के हाथों पुरस्कृत किया गया। बल्लेबाजी में पद्मनापुर क्रिकेट क्लब ने 8 विकेट पर 107 रन बनाए। आर के यादव ने 26 रन मोक्ष यादव ने 22 रन एवं ध्रुविक ने 14 रन बनाए। गेंदबाजी में आर के अकादमी मोहित ने तीन विकेट एवं हमजा हुसैन ने दो विकेट लिए। बल्लेबाजी में आर के अकादमी 100 रन पर आउट हो गई। एम सतीश ने 47 रन और अथर्व भोसले ने 17 रन बनाए। गेंदबाजी में पदनाभपुर क्रिकेट क्लब के श्रीहित खोबरागड़े एवं श्रीजन सोनी ने तीन-तीन विकेट, अभ्युदय वैष्णव एवं आर्यन मेहता ने दो-दो विकेट लिए। मैच के अंपायर नुगेश्वर डहरिया एवं ज्ञानूराव एवं स्कोरर चैतन्य बागडे थे।

अंडर-16 एलिट ग्रुप में बीएसपी की जीत, दूसरा मैच ड्रॉ

छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-16 एलिट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के चौथे राउंड के चौथे एवं अंतिम दिन गुरुवार को शानदार मैच हुए। दल्ली राजहरा में टीम बीएसपी विरुद्ध कोरबा में परिणाम स्वरूप बीएसपी ने एक पारी एवं 25 रन से जीत हासिल की और सात अंक प्राप्त किए। बल्लेबाजी में बीएसपी पहली पारी में 303 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में कोरबा पहली पारी में 129 रन पर आउट हो गई। फॉलोआन खेलते हुए कोरबा ने अपनी दूसरी पारी में 149 रन बनाएं एवं टीम ऑल आउट हो गई। धमतरी में टीम भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन विरुद्ध दुर्ग परिणाम में मैच ड्रॉ रहा। पहली पारी में बढ़त के आधार पर भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन को तीन अंक और दुर्ग को एक अंक मिला। बल्लेबाजी में दुर्ग पहली पारी में 171 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन 302 रन पर आउट हुई। बल्लेबाजी में दुर्ग ने दूसरी पारी नौ विकेट पर 338 रन बनाए।

विद्याचरण शुक्ल स्मृति प्रथम रायपुर जिला अंतर संस्थान युगल लीग टेबल टेनिस 20 से

रायपुर। राजधानी टेबल टेनिस संघ, जिला रायपुर की ओर से विद्याचरण शुक्ल स्मृति प्रथम रायपुर जिला अंतर संस्थान युगल लीग टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन 20 मई से 24 मई तक सप्रे शाला टेबल टेनिस हाल, रायपुर में किया जा रहा है। राजधानी टेबल टेनिस संघ, जिला रायपुर के सचिव सार्थक शुक्ला ने बताया कि रायपुर जिला के समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय, सार्वजनिक संस्थान, प्रतिष्ठित संस्थान, निजी संस्थान के कर्मचारियों (सेवानिवृत्त कर्मचारी भी शामिल) एवं प्रोफेशनल्स (सी.ए., डाक्टर, वकील, पत्रकार, प्रशिक्षक आदि) इस प्रतियोगिता में शामिल हो सकते हैं। पिछले दो वर्ष से ही कर्मचारियों एवं प्रोफेशनल्स के लिए युगल लीग प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता में प्रविष्टि हेतु प्रतियोगी का कर्मचारी अथवा प्रोफेशनल होना अनिवार्य है। प्रतियोगिता हेतु प्रविष्टि कि अंतिम तिथि 16 मई है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले इच्छुक खिलाड़ी अपना नाम सायं 6 से 7 बजे के मध्य सप्रे शाला टेबल टेनिस हाल, रायपुर में प्रदीप जोशी एवं पी.एन. मजूमदार के पास लिखा सकते हैं। प्रतियोगिता लीग पद्धति में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता का ओपन ड्रा 19 मई को शाम 07.00 बजे प्रतियोगिता स्थल पर निकाला जायेगा। उपरोक्त जानकारी प्रतियोगिता के आयोजन सचिव विनय बैसवाड़े ने दी।

फैट को लेकर मिथक चलन में, हकीकत को जानें

ट्रांस फैट से बढ़ता है हार्ट अटैक का खतरा हेल्थ रिस्क के साथ जानें इससे बचने के तरीके

वजन कम करने के लिए फैट फूड को खाना बंद करना होगा। यह दुनिया का सबसे बड़ा मिथक है। इसका कारण है कि अधिकतर लोगों का मानना है, कि फैट खाने से ही वजन बढ़ता है। जबकि ऐसा नहीं है, प्रोटीन और कार्ब की तरह फैट भी शरीर के लिए काफी जरूरी होता है। फैट खाने के कई फायदे हैं, जैसे टेस्टोस्टेरोन का लेवल बढ़ाता है,शरीर के विभिन्न कार्यों में मदद करता है, फैट खाने से गहरी नींद आती है, हड्डी और जोड़ों के लिए है अच्छा और स्किन के लिए महत्वपूर्ण है।

बताना चाहूंगा कि फैट खाने से वजन नहीं बढ़ता बल्कि फैट के गलत प्रकार का अधिक सेवन करने से वजन बढ़ता है। जो कि कई फैक्टर्स पर निर्भर करता है। लंबे समय तक सैचुरेटेड फैट और ट्रांस फैट के सेवन से शरीर में चर्बी का स्टोरेज होने लगता है और वजन बढ़ने लगता है।

ट्रांस फैट को अनहेल्दी फैट के रूप में जाना जाता है, जिसके सेवन से कई हेल्थ रिस्क हो सकती हैं। हालांकि पिछले कुछ सालों में ट्रांस फैट के सेवन में काफी कमी देखी गई है। लेकिन अभी भी ट्रांस फैट रोजमर्रा की चीजों में

मिल जाता है। तो आइए जानते हैं, ट्रांस फैट के बारे में वो सब जो जानना काफी जरूरी है।

ट्रांस फैट क्या है

खाद्य पदार्थों में दो प्रकार के ट्रांस फैट पाए जाते हैं, प्राकृतिक ट्रांस फैट और आर्टिफिशिअल ट्रांस फैट प्राकृतिक ट्रांस फैट कुछ जानवरों के पेट में उत्पन्न होते हैं और इन जानवरों से बने खाद्य पदार्थों (जैसे, दूध और मांस उत्पादों) में इन फैट

की मात्रा आ जाती है। वहीं आर्टिफिशिअल या कृत्रिम ट्रांस फैट (या ट्रांस फैटी एसिड) एक इंडसट्रियल प्रोसेस से बनाए जाते हैं, जो लिक्विड वनस्पति तेलों को रूम तापमान पर ठोस बनाने के लिए हाइड्रोजनीकरण विधि से बनाया जाता है और उन्हें रासायनिक रूप से बदल दिया जाता है। यह उन्हें लंबे समय तक सेल्फ लाइफ देता है। आपकी रोजाना ली जाने वाली कैलोरी का 1 प्रतिशत से अधिक ट्रांस फैट का सेवन नहीं करना चाहिए। यानी कि अगर कोई 2000 कैलोरी का सेवन कर रहा है, तो 20 कैलोरी से अधिक ट्रांस फैट से नहीं जाना चाहिए।

प्रोसेस फूड के ट्रांस फैट के लिए प्राइमरी डाइट्री सोर्स 'आंशिक रूप से हाइड्रोजनीकृत तेल' है। नवंबर 2013 में, अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) ने एक ऑर्डर निकाला था कि आंशिक रूप से हाइड्रोजनीकृत तेल को आम तौर पर मानव भोजन में प्रयोग होने के लिए सुरक्षित होने के रूप में मान्यता प्राप्त नहीं है।

वहीं भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने भी खाद्य पदार्थों में ट्रांस फैट के इस्तेमाल को कम करने के लिए कुछ नियम जारी किए थे। नियम के मुताबिक, प्राधिकरण ट्रांस फैट की मात्रा को 2021 तक 3 प्रतिशत और 2022 तक 2 प्रतिशत तक करने के लिए नियम ला चुका है। वहीं विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी 2022 तक दुनिया को ट्रांस फैट से मुक्त करने का लक्ष्य रखा है।

2003 में नॉर्वे ने फूड में ट्रांस फैट की मात्रा को पूरी तरह से बैन कर दिया था।

ट्रांस फैट हेल्थ को कैसे प्रभावित करते हैं ?

ट्रांस फैट आपके खराब कोलेस्ट्रॉल के लेवल को बढ़ाते हैं और अच्छे कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करते हैं। ट्रांस फैट खाने से हृदय रोग और स्ट्रोक होने का खतरा बढ़ जाता है। यह टाइप-2 डायबिटीज के विकास के जोखिम को भी बढ़ा देता है।

हृदय रोग के जोखिम को बढ़ाने में कृत्रिम ट्रांस फैट की भूमिका सामने आई है। रिसर्च के मुताबिक, फैट के अन्य प्रकार या कार्ब्स की बजाय ट्रांस फैट का सेवन करने वाले लोगों का एलडीएल (खराब) कोलेस्ट्रॉल में वृद्धि हुई थी।

ट्रांस फैट इतना फेमस क्यों है ?

1990 से पहले, ट्रांस फैट के बारे में बहुत कम जानकारी थी कि ट्रांस फैट आपके स्वास्थ्य को कैसे नुकसान पहुंचा सकता है। लेकिन 1990 के दशक में, रिसर्च ने ट्रांस फैट के बारे में रिसर्च शुरू की।

ऑनलाइन साथी ढूंढने से पहले हो जाएं सावधान, फ्रॉड से बचें

आज के समय में सही जीवनसाथी ढूंढ पाना काफी मुश्किलभरा काम हो चुका है। ऐसे में मेट्रिमोनियल साइट्स आपको परफेक्ट मैच का ऑप्शन दे रही हैं, लेकिन कई बार स्कैमर्स इन वेबासाइट्स पर फेक अकाउंट बनाकर धोखाधड़ी भी करते हैं। ऐसे में आपको सावधान रहने की जरूरत है। जहां पहले जमाने में रिश्तेदार या परिचित शादियां तय किया करते थे, वहीं आज के दौर में शादी के लिए जीवनसाथी ढूंढने का तरीका काफी बदल गया है। आज के डिजिटल दौर में, लोग अब मैट्रिमोनियल साइट्स के जरिए परफेक्ट मैच ढूंढ रहे हैं। ये साइट्स न केवल आपका समय बचाती हैं, बल्कि आपको देश-विदेश में रहने वाले संभावित पार्टनर्स से कॉन्टैक्ट करने का मौका भी देती हैं।

हालांकि, ये वेबसाइट्स जितनी सुविधाजनक हैं, उतनी ही इनके जरिए धोखाधड़ी भी होती है। आपने कई बार सुना होगा कि महिला को उसके परफेक्ट मैच ने लाखों का चूना लगाया या किसी इंसान को तब झटका लगा जब उसे पता चला कि उसका मंगेतर पहले से शादीशुदा है। कई ऐसे मामले



सामने आते रहते हैं और इससे बचने के लिए आपको केवल सतर्क नहीं रहना होगा, बल्कि आपको कुछ तरीकों को अपनाकर खुद को फ्रॉड से बचाना होगा।

जब भी आप किसी मेट्रिमोनियल वेबसाइट पर पार्टनर की तलाश करें, तो कोशिश करें कि ऐसी साइट को सेलेक्ट करें, जो आपको प्रोफाइल वेरिफिकेशन की सुविधा देती हो। वेरिफाइड प्रोफाइल का मतलब होता है कि उस इंसान की पहचान और जानकारी को पूरी तरह से जांचा गया है और वह असली है। अगर किसी की प्रोफाइल में जानकारी बहुत कम हो, फोटो या डिटेल्स काफी ज्यादा परफेक्ट लगे, तो सतर्क हो जाएं। अक्सर ऐसी प्रोफाइल्स नकली या फ्रॉड हो सकती हैं।

अपनी पर्सनल इन्फॉर्मेशन किसी अनजान से शेयर न करें

जब आप किसी मेट्रिमोनियल साइट पर बात कर रही होती हैं, तो आपको शुरुआत में भरोसा नहीं करना चाहिए। अपने घर का एड्रेस, बैंक डिटेल्स,आधार कार्ड या पैन कार्ड जैसी डिटेल्स किसी भी अनजान के साथ शेयर नहीं करनी चाहिए।

एशियाई मंच पर छत्तीसगढ़ की बेटी ने जीता दोहरा पदक, ज्ञानेश्वरी को मिली सराहना

रायपुर। राजनांदगांव की युवा वेटलिफ्टर ज्ञानेश्वरी यादव ने सीनियर एशियाई वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए छत्तीसगढ़ का नाम अंतरराष्ट्रीय मंच पर रोशन किया है। 53 किलोग्राम वर्ग में प्रतिस्पर्धा करते हुए उन्होंने सिल्वर और कांस्य पदक जीतकर देश और प्रदेश को गौरवान्वित किया है। उनकी इस उपलब्धि पर महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

उल्लेखनीय है कि गुजरात के गांधीनगर में जारी एशियन वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप 2026 में बुधवार 13 मई को भारत का प्रतिनिधित्व कर रही राजनांदगांव की बेटी ज्ञानेश्वरी यादव ने महिलाओं के 53 किग्रा भार वर्ग में कांस्य पदक हासिल किया। उन्होंने 194 किग्रा के कुल भार के साथ यह पदक जीता। भारतीय वेटलिफ्टर ने स्नैच में 88 किग्रा का अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और क्लीन एंड जर्क में 106 किग्रा (अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ से सिर्फ एक किग्रा कम) भार उठाकर कुल मिलाकर तीसरा स्थान हासिल किया। उनका कुल 194 किग्रा का भार उनके व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ के बराबर था। ज्ञानेश्वरी ने स्नैच में 83 किग्रा, 86 किग्रा और 88 किग्रा भार सफलतापूर्वक उठाकर दूसरा स्थान हासिल किया और इस वर्ग में रजत पदक जीता।

क्लीन एंड जर्क में उन्होंने अपने पहले प्रयास में 103 किग्रा का भार उठाया, लेकिन 106 किग्रा भार उठाने में सफल नहीं हुईं। हालांकि, उन्होंने अपने अंतिम प्रयास में सफलतापूर्वक भार उठा लिया और इस वर्ग में पांचवीं सर्वश्रेष्ठ वेटलिफ्टर रहीं। इसके साथ ही उन्होंने ओवरऑल रैंकिंग में तीसरे स्थान पर जगह बनाई। एशियन चैंपियनशिप में ओवरऑल लिफ्ट के अलावा वेटलिफ्टिंग के दोनों वर्गों के लिए अलग-अलग पदक दिए जाते हैं। पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना की झाओ जिनलान ने कुल 216 किग्रा (95 किग्रा + 121 किग्रा) भार उठाकर गोल्ड मेडल अपने नाम किया, जबकि वियतनाम की हुआंग्युएन होआई ने 195 किग्रा (87 किग्रा + 108 किग्रा) भार उठाकर सिल्वर मेडल हासिल किया। इस बीच, भारत की बिंदियारानी देवी ने महिलाओं के 58 किग्रा वर्ग में कुल 203 किग्रा भार उठाकर पांचवां स्थान प्राप्त किया। तीन साल पहले महाद्वीपीय प्रतियोगिता में रजत पदक विजेता बिंदियारानी ने स्नैच में 89 किग्रा और क्लीन एंड जर्क में 114 किग्रा भार उठाया था। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि छत्तीसगढ़ की बेटी ज्ञानेश्वरी यादव की सफलता प्रदेश की बेटियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। कठिन परिश्रम, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के बल पर उन्होंने एशियाई स्तर पर जो उपलब्धि हासिल की है। वह पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की बेटियां आज हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं और ज्ञानेश्वरी की यह उपलब्धि महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक सकारात्मक संदेश है।

नीलम रत्न पहनने के दौरान भूलकर भी न करें ये गलतियां

हमारे यहां सभी रत्नों को बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है और सभी रत्नों का संबंध ग्रहों से है। अब ऐसे में अगर आप नीलम रत्न पहनते हैं तो इस दौरान किन गलतियों को करने से बचना चाहिए। इसके बारे में आपको जरूर जानना चाहिए। सभी जातकों के लिए रत्न अलग-अलग तरह से काम करते हैं। किसी जातक के लिए रत्न शुभ भी माने जाते हैं और अशुभ भी। इसलिए अगर आप रत्न पहनते हैं तो इस सही नियम के साथ-साथ सही विधि से पहनने की मान्यता है।

गर्मियों की छुट्टी में ट्रैकिंग के दौरान इन बातों का जरूर रखें ध्यान, सुकून से पूरा होगा आपका सफर

गर्मियों के मौसम में लोग पहाड़ों में घूमने जाते हैं, लेकिन उसके लिए क्या-क्या तैयारी करनी चाहिए इसके बारे में अनजान रहते हैं।

पहाड़ों का मौसम गर्मियों में घूमने के लिए सबसे अच्छी जगह होती है, लेकिन मैदानी इलाके में रहने वाले लोग जब पहाड़ों में जाते हैं तो वहां के हिसाब से तैयार नहीं होते हैं। पहाड़ों में अगर आपको हाईकिंग या ट्रैकिंग करनी है तो आपको कुछ तैयारी करके जाना चाहिए।

पहाड़ों में दूर-दूर तक पानी और खाने-पीने की चीजें नहीं मिलती हैं। लेकिन आप अपने साथ बहुत वजन वाले सामान भी नहीं ले जाना चाहते हैं। इसलिए हम आपको 4 ऐसे आसान उपाय बता रहें हैं, जो आपकी ट्रैकिंग को बहुत आसान बना देते हैं। अगर आप ट्रैकिंग करने जा रहे हैं तो थोड़े से सूखे चावल भी साथ में ले जा सकते हैं। कच्चे चावल आपको प्यास से बचाते हैं। ट्रैकिंग के दौरान थोड़ा सा कच्चा चावल मुंह में ले लें और उसे हल्के-हल्के चबाते रहें। सूखे चावल चबाने से आपको एनर्जी तो मिलती ही है, साथ में प्यास भी बहुत कम लगती है। सूखे चावल चबाने से आपको जल्दी-जल्दी भूख भी नहीं लगती है।



फिल्म इवेंट

हॉलीवुड

'अवतार' के मेकर्स पर चेहरा चुराने का आरोप, कैमरून और डिज्नी पर मुकदमा

फिल्म 'अवतार' के निर्माता जेम्स कैमरून और वॉल्ट डिज्नी कंपनी पर एक अभिनेत्री ने मुकदमा दायर किया है। इस अभिनेत्री का आरोप है कि मेकर्स ने बिना अनुमति फिल्म 'अवतार' में उसके चेहरे से जुड़े डिजाइन का प्रयोग किया। फिल्म 'अवतार' के निर्माता जेम्स कैमरून और वॉल्ट डिज्नी कंपनी पर मुकदमा दायर किया गया है। यह आरोप एक अभिनेत्री ने फिल्म 'अवतार' में अपने चेहरे से संबंधित डिजाइन उपयोग करने के लिए लगाया। एक्ट्रेस ने मुकदमा दायर करते हुए इस मामले लाइटस्टॉर्म एंटरटेनमेंट और कई विजुअल इफेक्ट्स कंपनियों को भी आरोपी बनाया है।

अभिनेत्री क्यू'ओरियांका किल्चर ने फिल्म 'अवतार' के निर्माता जेम्स कैमरून और वॉल्ट डिज्नी कंपनी पर कई आरोप लगाए। अपनी शिकायत में उन्होंने लिखा कि फिल्म 'अवतार' में नेयतिरी का किरदार बनाने के लिए उनकी चेहरे की विशेषताओं का उपयोग, बिना उनकी सहमति लिए किया गया। एक्ट्रेस ने कहा कि वह उस वक्त मात्र 14 वर्ष की थीं और तब उन्होंने टेरेंस मैलिक की फिल्म 'द न्यू वर्ल्ड' में पोकाहोंटास की भूमिका निभाई थी। मेकर्स ने उस वक्त कहीं पब्लिश हुई उनकी फोटो से चेहरे की बारीकियां लेकर यह किरदार तैयार किया।

रिपोर्ट के मुताबिक इन आरोपों के साथ अभिनेत्री ने लाइटस्टॉर्म एंटरटेनमेंट और कई विजुअल इफेक्ट्स कंपनियों को भी शामिल किया। क्योंकि फिल्म में क्यू'ओरियांका किल्चर की छवि को प्रोडक्शन स्केच, 3डी मॉडल, लेजर-स्कैन किए गए डिजिटल मॉडल के माध्यम से बनाया गया।

टॉलीवुड

'ड्रैगन' से सामने आया जूनियर एनटीआर का शानदार लुक, दर्शकों को इंतजार

साउथ अभिनेता जूनियर एनटीआर अपनी आगामी फिल्म 'ड्रैगन' को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। फैंस को फिल्म से एनटीआर के लुक का बेसब्री से इंतजार था, जो अब जाकर खत्म हुआ। फिल्म के निर्देशक प्रशांत नील ने 'ड्रैगन' से जूनियर एनटीआर का पहला लुक जारी कर दिया है, जो काफी शानदार है। इसी के साथ निर्देशक ने फिल्म की रिलीज डेट को एक बार फिर से कंफर्म कर दी है।

अपने इस लुक में जूनियर एनटीआर किसी खास पोशाक में गुस्से में नजर आ रहे हैं। इस पोस्ट के साथ निर्देशक प्रशांत नील ने जानकारी दी है कि फिल्म 'ड्रैगन' की खास झलक 9 दिनों के बाद 20 मई को जारी की जाएगी। इसके साथ निर्देशक ने फैंस से पूछा- 'क्या आप 20 मई का इंतजार कर रहे हैं।'

कुछ समय पहले इंस्टाग्राम पर जूनियर एनटीआर ने एक खास तस्वीर शेयर की थी, जो फैंस के बीच जमकर वायरल भी हुई। इस तस्वीर में एनटीआर अपना बैक साइड फ्लॉन्ट करते नजर आए। तस्वीर के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा- 'बनाओ, खरीदो नहीं।'

फिल्म 'ड्रैगन' एक पैन इंडिया फिल्म है। इसका निर्देशन प्रशांत नील कर रहे हैं। इस फिल्म में जूनियर एनटीआर मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म को एक बड़े बजट के साथ बनाया जा रहा है। यह एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है। 'ड्रैगन' 11 जून 2027 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। बहरहाल, फैंस को 20 मई का बेसब्री से इंतजार है, जब फिल्म 'ड्रैगन' की खास झलक सामने आएगी।

भोजपुरी

खुले बाल और गोल्डन साड़ी में खूब जंची आम्रपाली, फैंस हुए कायल

भोजपुरी एक्ट्रेस आम्रपाली दुबे का लुक सोशल मीडिया पर छाया हुआ है। हाल ही में एक अवॉर्ड फंक्शन में बेस्ट एक्ट्रेस अवॉर्ड जीतने के साथ उनके स्टाइल ने फैंस का दिल जीत लिया है।

उन्होंने अपनी खूबसूरती से सबका ध्यान खींच लिया और 'मेरे हसबैंड की शादी है' फिल्म के लिए बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड भी अपने नाम किया। इस खास मौके पर उन्होंने सोशल मीडिया पर कई की तस्वीरें शेयर कीं, जिसमें आम्रपाली का अंदाज उनके फैंस को बहुत पसंद आ रहा है और हर कोई उनके स्टाइल की तारीफ कर रहा है। आम्रपाली दुबे ने इस खास मौके पर गोल्डन रंग की साड़ी पहनी, जो एलिगेंट और क्लासी लग रही थी। साड़ी का फैब्रिक रेड कार्पेट की लाइट्स में और भी ज्यादा चमक कर रहा था, जिससे उनका पूरा लुक रॉयल नजर आ रहा था। साड़ी का ब्लाउज यूनिक डिजाइन वाला था, जिसमें स्ट्रक्चर्ड और मॉडर्न टच देखने को मिला। डीप नेक डिजाइन और फाइन टेक्सचर ने उनके आउटफिट को और भी स्टाइलिश बना दिया। हेयरस्टाइल में आम्रपाली ने सॉफ्ट वेवी लुक कैरी किया। उनके खुले बाल साइड पार्टिंग के साथ बहुत नैचुरल और खूबसूरत लग रहे थे, जो उनके पूरे लुक को और ज्यादा एलिगेंट बना रहे थे। मेकअप को उन्होंने बहुत ही सटल और ग्लोइंग रखा। न्यूड टोन लिपस्टिक, हल्का आई मेकअप और फ्लॉलेस बेस ने उनके चेहरे की नैचुरल ब्यूटी को और निखार दिया। ज्वेलरी में उन्होंने गोल्डन स्टेटमेंट ईयररिंग्स और मिनिमल एक्सेसरीज पहनीं। उन्होंने सिंपल और क्लासी स्टाइल चुना, जो उनके लुक को अट्रैक्टिव बना रहा था। फैंस सोशल मीडिया पर उनके लुक की जमकर तारीफ करते नजर आए।

अहमदाबाद की बयार

हर साल होने वाले बीआरडीएस अहमदाबाद फैशन वीक में भारत के टॉप फैशन डिज़ाइनर और डिज़ाइन संस्थान शामिल होते रहे हैं। यहां जाने-माने डिज़ाइनरों, डिज़ाइन संस्थानों और फैशन इंडस्ट्री के उभरते टैलेंट के लेटेस्ट ट्रेंड्स और डिज़ाइन्स को देखने का शानदार मौका मिलता है। साथ ही नेटवर्किंग के शानदार मौके भी मिलते रहे। हर साल यह आयोजन मई के आखिरी हफ्ते और जून के पहले हफ्ते के बीच होता रहा है।

कानों में पहनने के बाद अच्छे लगेंगे ये सोने के झुमके



गहने पहनना हम सभी को पसंद होता है। इसलिए हम अक्सर अलग-अलग तरह की ज्वेलरी खरीदकर स्टाइल करते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे हमारा लुक अच्छा नजर आता है। गोल्ड के झुमके भी पहनने के बाद अच्छे लगते हैं। आप इस तरह के झुमके को कानों में पहनकर लुक को अट्रैक्टिव बना सकती हैं। चलिए आपको बताते हैं किस तरह के झुमके को पहनकर आप खूबसूरत नजर आ सकती हैं।

गोल्ड के झुमके डिजाइन

आप लुक को क्रिएटिव बनाने के लिए गोल्ड के झुमके को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के झुमके पहनने के बाद अच्छे लगते हैं। इसमें आपको ऊपर की तरफ पान की पत्ती का डिजाइन मिलेगा। इसके साथ स्टोन मिलेगा। झुमकी में छोटी-छोटी लटकन का डिजाइन मिलेगा। इससे झुमके पहनने के बाद अच्छे लगेंगे। इससे आपका लुक और भी ज्यादा सुंदर लगेगा।

मोर डिजाइन वाले गोल्ड के झुमके

आप कुछ अलग डिजाइन को ट्राई करना चाहती हैं, तो ऐसे में आप मोर डिजाइन वाले गोल्ड के झुमके को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के झुमके पहनने के बाद अच्छे लगते हैं। इसमें आपको ऊपर की तरफ जो डिजाइन मिलेगा वो आपको मोर का मिलेगा। नीचे की तरफ आपको लटकन भी मोती के डिजाइन की मिलेगी। इससे झुमके आप किसी भी एथनिक आउटफिट के साथ स्टाइल कर सकती हैं।

लेयर डिजाइन वाले झुमकी डिजाइन

आप अगर साड़ी के साथ गोल्ड के झुमके डिजाइन को सर्च कर रही हैं, तो ऐसे में आप लेयर डिजाइन वाली झुमकी को वियर कर सकती हैं। इस तरह की झुमकी पहनने के बाद अच्छी लगेगी। इसमें आपको उभरा हुआ डिजाइन मिलेगा। इसके साथ आप थोड़े से घुंघरु डिजाइन को भी लगा सकती हैं। इससे आपकी झुमकी हैवी नजर आएगी। साथ ही, इसका गोल्ड कलर और अच्छा लगेगा।

लॉन्ग डिजाइन वाली गोल्डन झुमकी

कानों में पहनने के लिए आप लॉन्ग डिजाइन वाली गोल्डन झुमकी को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह की झुमकी में आपको ऊपर की तरफ कर्व वाला डिजाइन मिलेगा। इसके बाद नीचे की तरफ लटकन और झुमकी मिलेगी। इसे आप सिंपल डिजाइन में खरीदें। इससे आपका इयररिंग्स डिजाइन अच्छा नजर आएगा। इस बार कानों में पहनने के लिए इन इयररिंग्स को ट्राई करें। इससे आपका लुक चेंज हो जाएगा।

न्यू को-ऑर्ड सेट्स आउटिंग के लिए हैं बेस्ट, नजरें टिकी रहेंगी आप पर

आउटिंग के दौरान अगर आप स्टाइलिश लुक चाहती हैं तो, आप इस तरह के न्यू डिजाइंस वाले को-ऑर्ड सेट स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के को-ऑर्ड सेट आपका लुक खूबसूरत नजर आएगा साथ ही, आप भीड़ से अलग नजर आएंगी। दोस्तों या फैमिली के साथ घूमने के दौरान महिलाएं ब्यूटीफुल लुक चाहती हैं और इसके लिए इस तरह के आउटफिट स्टाइल करती हैं। जिसमें वो खूबसूरत नजर आए साथ ही, वो कंफर्टेबल भी रहे। ऑनलाइन प्लेटफार्म साथ ही, बाजार में आपको कई तरह के आउटफिट मिल जाएंगे जिन्हें आप आउटिंग के दौरान स्टाइल कर सकती हैं। लेकिन, अगर आप कुछ न्यू ट्राई करना चाहती हैं तो, आप ये न्यू डिजाइंस वाले को-ऑर्ड सेट का चुनाव कर सकती हैं। इस तरह के को-ऑर्ड सेट में आपका लुक खूबसूरत नजर आएगा साथ ही, स्टाइलिश भी नजर आएंगी।

न्यू डिजाइंस वाले को-ऑर्ड सेट

आउटिंग के दौरन स्टाइलिश और बेस्ट नजर आने के लिए हम आपको 3 तरह के को-ऑर्ड सेट दिखा रहे हैं। इस तरह के को-ऑर्ड सेट में आप आउटिंग के दौरान भीड़ से अलग नजर आने के लिए स्टाइल कर सकती हैं।

प्रिंटेड को-ऑर्ड सेट

आउटिंग के सबसे अलग और ब्यूटीफुल लुक पाने के लिए आप इस तरह के को-ऑर्ड सेट का चुनाव कर सकती हैं। यह को-ऑर्ड सेट लाइट कलर में है साथ ही, इसमें बेहद ही खूबसूरत प्रिंट करके डिजाइन बनाया गया है। इस तरह के को-ऑर्ड सेट में आपका लुक स्टाइलिश और खूबसूरत नजर आएगा और यह आपको 700 से 800 रुपये में आसानी से मिल जाएगा।इस प्रिंटेड को-ऑर्ड सेट के साथ हील्स साथ ही, सिंपल इयररिंग्स स्टाइल कर सकती है।

वेडिंग सीजन में साड़ी-लहंगे सबके संग जचेंगे खास बन हेयर स्टाइल

कहा जाता है ऑउटफिट के बाद हेयर स्टाइल का स्टाइलिश होना बेहद जरूरी होता है। तभी जाकर हमारा लुक कंप्लीट होता है। हेयर स्टाइल स्मार्ट होने से हमारा लुक अलग ही निखर कर आता है। अधिकतर लोग ऑउटफिट का तो चयन आसानी से कर लेते हैं, लेकिन हेयर स्टाइल को लेकर काफी कन्फ्यूज रहते हैं। यदि आपके साथ भी इसी तरह की दिक्कत होती है, तो आपको कुछ सिंपल और क्लासी हेयर स्टाइल के बारे में सोचना चाहिए।

डोनट फ्लावर बन हेयर स्टाइल

इस तरह की हेयर स्टाइल अक्सर अपने ब्राइड के लुक में जरूर देखी होगी। यदि आपके बाल लंबे हैं तो आसानी से इसे बनवा या बना सकती हैं। अन्यथा आपको इसका थोड़ा लाइट नजर आएगा। इसको बाल मोड़कर राउंड शेप देकर पिन से टक किया जाता है। इसके बाद आप बन के अगल-बगल फ्लावर या गजरा लगा सकती हैं। यह हेयर स्टाइल साड़ी और लहंगे दोनों एक संग जंचती है।

ट्विस्टेड लो बन हेयर स्टाइल

यह हेयर स्टाइल काफी स्मार्ट लुक देती हैं। हालांकि इसको बनाना थोड़ा मुश्किल होता है, लेकिन बनने के बाद यह काफी सुंदर दिखती है। इस हेयर स्टाइल के फ्रंट में आप ब्रेड बनाकर ट्विस्ट भी कर सकती हैं। साथ में फ्रंट फ्लिक्स लुक भी दे सकती हैं। इस हेयर स्टाइल के बनने के बाद आप बीच में बीड्स भी लगा सकती हैं। इस तरह की हेयर स्टाइल साड़ी पर काफी ब्यूटीफुल लुक देती हैं।

छोटे कद की हैं तो वॉर्डरोब में शामिल करें इस तरह की हील्स, एलिगेंट लुक भी मिलेगा

हमारी वॉर्डरोब में कितने तरह-तरह के शूज और सैंडल्स होती हैं, जिन्हें हम लंबा दिखने के लिए पहनती हैं। लेकिन हर हील्स आपको कम्फर्ट, स्टाइल और एलिगेंस नहीं देती। सही तरह की हील्स चुनना भी बेहद जरूरी है, ताकि न सिर्फ हाइट लंबी लगे, बल्कि लुक भी ग्रेसफुल और ट्रेंडी दिखे। इस लेख में, मैं उन हील्स के बारे में बताने जा रही हूं, जो छोटे कद वाली महिलाओं के वॉर्डरोब में जरूर होनी चाहिए।

किटन हील्स

अगर आप बहुत ऊंची हील्स पहनने में सहज नहीं हैं, तो किटन हील्स आपके लिए बेस्ट ऑप्शन हैं। इनकी हील्स छोटी होती हैं। मगर यह काफी स्टाइलिश होती हैं और इससे हाइट में डिसेंट लेवल तक लंबी लगती है। किटन हील्स को लंबे समय तक पहनने पर भी थकावट महसूस नहीं होती। यह ऑफिस वियर, पार्टी लुक और ट्रेडिशनल आउटफिट्स के साथ बहुत अच्छी लगती हैं। एक न्यूड या ब्लैक कलर की किटन हील्स हर आउटफिट के साथ मैच हो सकती है।

प्लैटफॉर्म हील्स

कुछ महिलाएं वेज हील्स और प्लैटफॉर्म हील्स में कन्फ्यूज होती हैं। इनका निचला हिस्सा एक समान होता है। प्लैटफॉर्म हील्स एक बार फिर फैशन में ट्रेंड कर रही हैं। ये हील्स न केवल हाइट में इजाफा करती हैं, बल्कि स्टाइल में भी एलीगेंस और क्वर्कीनेस दोनों लेकर आती हैं। स्कर्ट्स, फ्लेयर्ड जीन्स या बोहो ड्रेसेस के साथ इनका लुक बहुत खूबसूरत आता है। जो महिलाएं स्टाइल में एक्सपेरिमेंट करना चाहती हैं, उनके लिए ये हील्स बेस्ट हैं।

कार्नर न्यूज

इन गलतियों का भुगतान पड़ सकता है खामियाजा

स्किन केयर से जुड़ी गलतियां हर दिन करते हैं पुरुष, कहीं आप भी इनमें से एक तो नहीं

क्या आप भी शेविंग क्रीम की जगह फोम का प्रयोग करते हैं? या फिर बॉडी और फेस के लिए आप भी एक ही साबुन का इस्तेमाल करते हैं? अगर हां तो ये आर्टिकल आपके लिए ही लिखा गया है। जाने अनजाने में हम ऐसी गलतियां करते हैं और हमें एहसास भी नहीं होता कि हम अपनी स्किन को कितना नुकसान पहुंचा रहे हैं। हम आपको ऐसी ही कुछ गलतियों के बारे में बताने जा रहे हैं और ये भी आप उन्हें कैसे ठीक कर सकते हैं।

हर चीज के लिए एक साबुन

चेहरे की त्वचा सबसे संवेदनशील होती है और इसकी देखभाल की कुछ अनूठी जरूरतें होती हैं। अपने शरीर और चेहरे को एक ही साबुन से धोना अच्छा विचार नहीं है। ऑर्गेनिक इंग्रीडिएंट्स वाले फेस वॉश का उपयोग पुरुषों के लिए बेस्ट है। एक्टिवेटेड चारकोल युक्त फेस वॉश एक अच्छा विकल्प है। यह कैमिकल्स के बिना बैक्टीरिया और गंदगी को हटाता है, जो आपकी त्वचा को लंबे समय तक नुकसान पहुंचा सकते हैं। इसलिए अपने पुराने साबुन को आज ही हटा दें और इसके बजाय नैचुरल

सोप या बॉडी वॉश का उपयोग करें। आपके शेव रूटीन से स्किन में जलन हो सकती है

फोमिंग शेविंग क्रीम आपकी त्वचा के लिए अच्छी नहीं है। यह आपकी त्वचा की रक्षा करने और आपके रेजर को चिकनाई देने में नाकाम रहता है। हवा के बुलबुले जिन्हें आप फोम कहते हैं, आपके चेहरे को जलन से बचाने के कुछ नहीं करते हैं। इसके बजाय पुरुषों के लिए लोशन आधारित नो-फोम शेव क्रीम बेहतर है। अगर आप इसका प्रयोग करेंगे तो आपको तुरंत फर्क नजर आने लगेगा। हाई क्वालिटी शेव क्रीम का उपयोग करने का मतलब है कम रेडनेस और कम से कम त्वचा में जलन और खुजली। शेविंग के बाद हमेशा एक नैचुरल आफ़्टरशेव का इस्तेमाल जरूर करें। इसमें अल्कोहल नहीं होना चाहिए। इसलिए सबसे बेस्ट का ही चुनाव करें।

दो बार फेस वॉश का इस्तेमाल

पुरुषों के लिए दिन में दो बार फेस वॉश का इस्तेमाल करना जरूरी है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि पुरुषों के लिए फेस मॉइस्चराइज़र उतना महत्वपूर्ण नहीं है। ज्यादातर पुरुषों को हर बार अपना चेहरा धोते समय मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल करना चाहिए।

एसपीएफ का उपयोग न करना

स्किन को ड्राई बनाने के बहुत से कारण हो हैं, लेकिन सूर्य की किरणें इसका सबसे बड़ा कारण है। हमेशा सन प्रोटेक्शन का इस्तेमाल करें। इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। अपने मॉइस्चराइजर के इस्तेमाल के बाद इसका प्रयोग करना न भूलें। एसपीएफ 15 या इससे अधिक रेटिंग वाला सनस्क्रीन चुनें।



प्रस्तुति : हेमंत वर्मा, संवाददाता, हरिभूमि / आई.एन.एच. न्यूज धरसीवां, मो. 916577445

जन्मदिन विशेष

संघर्षों की भट्टी में तपा एक व्यक्तित्व

अनुज शर्मा के जीवन के 50 गौरवशाली वसंत

हेमन्त वर्मा की कलम से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

समय की रेत पर अपने पदचिन्ह अंकित करना सरल नहीं होता, विशेषकर तब जब हवाओं का रुख आपके विपरीत हो। छत्तीसगढ़ की माटी के लाडले और धरसींवा के जनसेवक अनुज शर्मा के जीवन के पचास वर्षों का लेखा-जोखा कोई साधारण सफलता की कहानी नहीं है, बल्कि यह एक अलौकिक यात्रा है जो अभावों से शुरू होकर आत्मविश्वास के शिखर तक पहुँचती है। इन 50 वर्षों के वसंत को उन्होंने केवल जिया नहीं है, बल्कि हर एक पतझड़ से लोहा लेकर खुद को पल्लवित किया है। जब हम उनके अतीत के पन्नों को पलटते हैं, तो हमें दिखाई देता है एक ऐसा बालक जिसके भीतर अपनी संस्कृति और माटी के लिए कुछ कर गुजरने की तड़प थी। उनका शुरुआती सफर सुख-सुविधाओं की गोद में नहीं, बल्कि कड़े संघर्षों की तपिश में शुरू हुआ। सफलता की जिस चमक को आज दुनिया देखती है, उसके पीछे रातों की वह बेचेनी और पसीने की वह गंध छुपी है, जिसे केवल एक सच्चा संघर्षशील व्यक्ति ही महसूस कर सकता है।

अनुज के जीवन की इस पूरी यात्रा की धुरी यदि कोई है, तो वह है उनकी माँ का असीम दुलार और उनकी दैवीय शक्ति। जीवन के उन मोड़ों पर जहाँ बड़े-बड़े योद्धा टूट जाते हैं, अनुज को उनकी माँ की ममता ने एक अभेद्य कवच प्रदान किया। वह माँ ही थी, जिसने अपनी शक्ति से उनके भीतर के संकल्प को कभी बुझने नहीं दिया। उनके लिए माँ केवल एक शब्द नहीं, बल्कि वह प्रेरणापुंज रही हैं जिसने सिखाया कि अभावों में भी गरिमा कैसे बनाए रखी जाती है और दुखों के पहाड़ को मुस्कुराहट से कैसे जीता जाता है। माँ के उसी दुलार ने अनुज को इतना मजबूत बना दिया कि आज वे हजारों लोगों के लिए एक मसीहा और उम्मीद की किरण बनकर उभरे हैं। उनकी आँखों में दिखने वाली संवेदनशीलता और हृदय में बसा आम जन के प्रति प्रेम, वास्तव में उसी मातृशक्ति का प्रसाद है जिसे उन्होंने जीवन भर सहेज कर रखा है।

सांस्कृतिक मंचों से लेकर राजनीति के गलियारों तक का यह सफर असाधारण रहा है। जब छत्तीसगढ़ी फिल्मों को हेय दृष्टि से देखा जाता था, तब अपनी संस्कृति का झंडा उठाकर वे निकले और 'मोर छइयां भुइयां' जैसी कालजयी कृति से इतिहास रच दिया। वह सफलता महज एक इत्तेफाक नहीं थी, बल्कि अपनी जड़ों के प्रति उनकी अटूट श्रद्धा का परिणाम थी। सफलता के उस चरम पर पहुँचने के बाद भी उनके पाँव जमीन पर टिके रहे, क्योंकि उन्होंने दुखों को करीब से देखा था। कामयाबी ने उन्हें बदला नहीं, बल्कि और अधिक विनम्र बना दिया। राजनीति के अखाड़े में उतरना उनके लिए सत्ता का मोह नहीं, बल्कि

सेवा का एक अलौकिक मार्ग था। धरसींवा की गलियों में धूल फाँकते हुए जब वे लोगों के दुख सुनते हैं, तो उसमें एक कलाकार की कोमलता और एक नेता की दृढ़ता का अद्भुत संगम दिखाई देता है।

आज जब वे अपने जीवन के 50 स्वर्ण वर्ष पूरे कर रहे हैं, तो यह केवल एक व्यक्ति का जन्मदिन नहीं है, बल्कि संघर्ष की जीत का उत्सव है। इन वर्षों में उन्होंने बहुत कुछ खोया भी और बहुत कुछ पाया भी, लेकिन जो कभी नहीं खोया, वह था उनका स्वाभिमान और अपनों के प्रति समर्पण। उनका जीवन इस बात का प्रमाण है कि यदि आपके पास माँ का आशीर्वाद और खुद पर अटूट विश्वास हो, तो आप नियति की लकीरों को भी बदल सकते हैं। अनुज शर्मा के व्यक्तित्व में जो ठहराव है, जो भावुकता है और जो दूसरों के आंसुओं को पोंछने की व्याकुलता है, वही उन्हें एक साधारण जनप्रतिनिधि से ऊपर उठाकर एक असाधारण जननायक बनाती है। उनकी यह यात्रा आने वाली पीढ़ियों को सिखाती रहेगी कि कैसे दुख की कड़वाहट को कामयाबी की मिठास में बदला जाता है। जीवन के इस महत्वपूर्ण पड़ाव पर उनकी यह कहानी हर उस व्यक्ति के लिए एक मशाल है, जो संघर्षों से घबराकर रुक जाना चाहता है।

इतिहास के पन्नों से निकलकर जन-जन की धड़कन बना कुँवरगढ़

वक्त के थपेड़ों ने जिस इतिहास को धुंधला कर दिया था और जिसे सियासत की गलियों ने वर्षों तक बिसराए रखा, उस कुँवरगढ़ की माटी का कर्ज आज एक कलाकार विधायक ने चुका दिया है। नगर पंचायत कुंरा, जो कभी प्रतापी राजा कुँवर सिंह की सल्तनत थी, अपनी पहचान को मोहताज थी। दशकों तक सत्ता की कुर्सियों पर विधायक आते-जाते रहे, वादों के पुल बंधते रहे, लेकिन किसी ने भी इस ऐतिहासिक भूमि की अस्मिता को टटोलने की कोशिश नहीं की। मगर धरसींवा की तकदीर तब बदली जब यहां की कमान जन-जन के चहेते कलाकार और विधायक अनुज शर्मा के हाथों में आई। कुँवरगढ़ की धरा पर कदम रखते ही अनुज शर्मा ने इसकी ऐतिहासिक महत्ता को पहचाना और यह संकल्प लिया कि कुँवरगढ़ का वैभव अब अंधेरे में नहीं रहेगा।

31 मार्च से 2 अप्रैल 2026 तक आयोजित तीन दिवसीय 'कुँवरगढ़ महोत्सव' न केवल एक उत्सव बना, बल्कि यह विधायक अनुज शर्मा के विजन की एक बड़ी जीत के रूप में दर्ज हुआ। इस पूरे आयोजन के दौरान विधायक अनुज शर्मा एक सांस्कृतिक धुरंधर बनकर उभरे, जिन्होंने राजनीति और कला के अनूठे संगम से इतिहास को जीवंत कर दिया। उनकी इस पहल ने कुंरा के हर नागरिक के भीतर अपनी विरासत के प्रति स्वाभिमान का संचार किया है। महोत्सव के इन तीन दिनों में कुँवरगढ़ की मिट्टी की खुशबू दूर-दूर तक फैली और लोगों ने जाना कि यह भूमि कितनी महान रही है।

अनुज शर्मा ने अपनी अटूट संकल्पशक्ति से यह साबित कर दिया कि एक सच्चा जननायक वही है जो अपनी जड़ों का सम्मान करना जानता हो। महोत्सव की सफलता और जनसैलाब की उपस्थिति इस बात की गवाह है कि कुँवरगढ़ अब इतिहास के पन्नों में कैद नहीं रहेगा, बल्कि विकास और गौरव की नई इबारत लिखेगा। विधायक अनुज शर्मा ने जिस शिद्दत से इस महोत्सव को मूर्त रूप दिया, उसने क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा का एक नया अध्याय जोड़ दिया है। आज कुँवरगढ़ महोत्सव केवल एक आयोजन मात्र नहीं है, बल्कि यह एक कलाकार की अपनी मिट्टी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि और एक विधायक का जनता के स्वाभिमान के प्रति समर्पण है।

कला, संस्कार और सियासत का त्रिवेणी संगम अनुज शर्मा और 'आरुग' की पावन यात्रा

छत्तीसगढ़ की माटी की सोंधी खुशबू जब सुरों में ढलती है, तो वह 'आरुग' बन जाती है। आज प्रदेश के किसी भी गांव की पगडंडी हो या शहर की चकाचौंध वाली गलियां, माता की सेवा में गूंजता 'आरुग हे कलसा दाई' जस गीत केवल एक भजन नहीं, बल्कि हर छत्तीसगढ़िया की आस्था का पर्याय बन चुका है। इस सुमधुर रचना के पीछे जिस शख्सियत का विजन और स्वर है, वे हैं प्रदेश के चहेते कलाकार और विधायक अनुज शर्मा। अनुज शर्मा ने कला और राजनीति के बीच जिस तरह का संतुलन साधा है, वह आज की युवा पीढ़ी के लिए एक उत्कृष्ट उदाहरण है। उनके लिए 'आरुग' शब्द केवल एक विशेषण नहीं, बल्कि उनके जीवन का मूलमंत्र है, जिसका अर्थ होता है—पवित्र और निर्मल।

अनुज शर्मा की अपनी जड़ों के प्रति अगाध श्रद्धा का प्रमाण इस बात से मिलता है कि उन्होंने अपनी बिटिया का नाम भी 'आरुग' रखा है। यह दर्शाता है कि एक पिता के रूप में वे अपनी संतान में वही पवित्रता और लोक संस्कृति के मूल्य देखना चाहते हैं, जिसे उन्होंने अपने गीतों के माध्यम से समाज में रोपा है। उनकी कला साधना यहीं नहीं रुकती; 'आरुग बैंड' और 'आरुग स्टूडियो' के माध्यम से उन्होंने छत्तीसगढ़ी संगीत को आधुनिक कलेवर और नई ऊंचाई प्रदान की है। उनके स्टूडियो को केवल एक कार्यस्थल कहना कमतर होगा, यह वास्तव में वह मंदिर है जहां साक्षात माता सरस्वती का वास है। यहीं से निकले सुर छत्तीसगढ़ की अस्मिता को वैश्विक पहचान दिला रहे हैं। एक कलाकार जब जनप्रतिनिधि की भूमिका में आता है, तो अक्सर कला पीछे छूट जाती है, लेकिन अनुज शर्मा ने साबित किया कि संवेदनशीलता और सृजन का मेल जनसेवा को और अधिक प्रभावी बनाता है। उनके व्यक्तित्व की यह चमक हमें सिखाती है कि सफलता के शिखर पर पहुंचकर भी अपनी संस्कृति, भाषा और संस्कारों को कभी नहीं भूलना चाहिए। आज जब पूरा छत्तीसगढ़ उनके जस गीतों पर झूमता है, तो वह केवल एक धुन नहीं होती, बल्कि हमारी साझा विरासत का उत्सव होता है। अनुज शर्मा का जीवन सफर हमें प्रेरणा देता है कि हम चाहे जिस भी क्षेत्र में रहें, हमारी आत्मा हमेशा 'आरुग' यानी पवित्र बनी रहनी चाहिए।

विधायक अनुज शर्मा ने रचा नया कीर्तिमान

छत्तीसगढ़ी सिनेमा के युगपुरुष अनुज शर्मा

25 वर्षों का अटूट विश्वास और नवागत निर्देशकों के सारथी

छत्तीसगढ़ी सिनेमा के इतिहास में जब भी 'परिवर्तन' और 'प्रतिष्ठा' की बात होगी, तो नायक अनुज शर्मा का नाम सबसे अग्रिम पंक्ति में खड़ा नजर आएगा। यह महज इत्तेफाक नहीं है कि एक कलाकार अपनी पहली ही फिल्म 'मोर छइयाँ भुइयाँ' से सफलता का ऐसा कीर्तिमान स्थापित करता है, जो आने वाले ढाई दशकों तक क्षेत्रीय सिनेमा की दिशा और दशा तय कर देता है। आज जब अनुज शर्मा अपने अभिनय करियर के 25वें वर्ष में खड़े हैं, तो यह सफर केवल एक अभिनेता की कामयाबी की दास्तां नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ी माटी के उस संघर्ष और साख की कहानी है, जिसने अपनी संस्कृति को सात समंदर पार पहचान दिलाई। इस लंबी यात्रा का सबसे अद्भुत और प्रेरक पहलू अनुज शर्मा का वह उदार व्यक्तित्व है, जिसने सुपरस्टारडम के ऊंचे शिखर पर होने के बावजूद अपनी जड़ें कभी नहीं छोड़ीं और हमेशा नए विजन वाले निर्देशकों के लिए एक ढाल बनकर खड़े रहे।

सिनेमा जगत में अक्सर देखा जाता है कि बड़े सितारे केवल स्थापित और अनुभवी निर्देशकों के साथ ही काम करना पसंद करते हैं, ताकि उनका करियर सुरक्षित रहे।

छॉलीवुड की धड़कन

लेकिन अनुज शर्मा ने इस धारणा को पूरी तरह बदल दिया। उन्होंने अपने पूरे करियर में दर्जनों ऐसे नए निर्देशकों का हाथ थामा, जिनके पास सिर्फ एक अच्छी कहानी और अपनी संस्कृति के लिए कुछ कर गुजरने का जज्बा था। अनुज जी का यह मानना रहा है कि अनुभव के बिना प्रतिभा अधूरी हो सकती है, लेकिन एक नए निर्देशक की आंखों में जो भूख और नयापन होता है, वही सिनेमा को संजीवनी देता है। यही कारण है कि आज छॉलीवुड के कई सफल निर्देशकों की पहली फिल्म के नायक अनुज शर्मा ही रहे हैं। उन्होंने कभी निर्देशक का कद नहीं नापा, बल्कि हमेशा कहानी की गहराई और मेहनत पर भरोसा किया। सेट पर एक बड़े स्टार की चमक को किनारे रखकर एक अनुशासित छात्र की तरह नए निर्देशकों के विजन को जीवंत करना उनकी महानता का परिचायक है।

वर्तमान में उनकी फिल्म 'सुहाग' की जबरदस्त सफलता इस बात का जीवंत प्रमाण है कि दर्शकों के दिलों में उनके प्रति प्यार और भरोसा आज भी उतना ही गहरा है, जितना 25 साल पहले था। 'सुहाग' ने यह साबित कर दिया कि लोकप्रियता का राज केवल स्क्रीन पर दिखना नहीं, बल्कि दर्शकों की भावनाओं के साथ जुड़ना है। अनुज शर्मा ने हमेशा ऐसी फिल्मों को प्राथमिकता दी, जो छत्तीसगढ़ के लोक-जीवन, रिश्तों की गरिमा और यहाँ की माटी की खुशबू को समेटे हुए हों। 25 सालों का यह भरोसा ही है कि आज की युवा पीढ़ी भी उन्हें अपना सबसे बड़ा आइकन मानती है। उनके अभिनय में जो सहजता और संवादों में जो छत्तीसगढ़िया मिठास है, वही उन्हें एक कलाकार से ऊपर उठाकर एक जन-नायक बनाती है।

एक अभिनेता से लेकर जनसेवक (विधायक) बनने तक का उनका सफर असल में 'संघर्ष और साथ' की एक अनूठी मिसाल है। उन्होंने उस दौर में छत्तीसगढ़ी सिनेमा की कमान संभाली जब संसाधन बेहद कम थे और चुनौतियां पहाड़ जैसी। लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी और अपने साथ-साथ पूरी इंडस्ट्री को आगे लेकर बढ़े। नए निर्देशकों को मौका देकर उन्होंने वास्तव में छत्तीसगढ़ी फिल्म उद्योग का एक ऐसा ईकोसिस्टम तैयार किया, जहाँ आज हजारों लोगों को रोजगार मिल रहा है। उनके लिए सिनेमा केवल ग्लेमर का क्षेत्र नहीं, बल्कि अपनी संस्कृति के संवर्धन का एक सशक्त माध्यम रहा है।

चंद शब्दों की इस मर्यादा में अनुज शर्मा के विराट व्यक्तित्व को समेटना कठिन है, लेकिन 'सुहाग' की सफलता और 25 वर्षों की यह निरंतरता यह संदेश देती है कि जब नीयत साफ हो और अपनी माटी के प्रति समर्पण हो, तो सफलता स्थायी हो जाती है। अनुज शर्मा ने अपनी उदारता से न केवल नए निर्देशकों के भविष्य संवारे, बल्कि छत्तीसगढ़ी सिनेमा को वह सम्मान भी दिलाया जिसके वह हकदार था। आने वाले समय में भी उनका यह मार्गदर्शक स्वरूप नवागंतुकों के लिए एक प्रकाश स्तंभ की तरह कार्य करता रहेगा। यह 25 साल का सफर तो महज एक पड़ाव है, अनुज शर्मा का सिनेमाई और सामाजिक नेतृत्व अभी और भी कई नए कीर्तिमान रचने के लिए तैयार है।

ADVT

तिवरैया के सुशासन शिविर में विधायक व कलेक्टर नहीं पहुंचे लोग हुए निराश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कूंरा

छत्तीसगढ़ में चल रहे सुशासन तिहार कार्यक्रम के तहत 22 गांवों के ग्रामीणों की समस्याओं के निराकरण के लिए आयोजित ग्राम तिवरैया मे जनसुनवाई कार्यक्रम उस समय चर्चा का विषय बन गया, जब निर्धारित कार्यक्रम में कलेक्टर एवं क्षेत्रीय विधायक दोनों ही उपस्थित नहीं हो सके। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में ग्रामीण अपनी समस्याएं और मांगें लेकर पहुंचे थे, लेकिन जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों की अनुपस्थिति ने लोगों को निराश किया। सुबह से ही दूरदराज गांवों से ग्रामीण कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने लगे थे। कई लोग अपनी व्यक्तिगत, सामाजिक एवं राजस्व संबंधी समस्याओं के समाधान की उम्मीद लेकर आए थे। ग्रामीणों का कहना रहा कि वे सीधे कलेक्टर और विधायक के समक्ष अपनी बात रखना चाहते थे, ताकि समस्याओं का जल्द समाधान निकल सके। हालांकि लंबे इंतजार के बाद भी दोनों जनप्रतिनिधि कार्यक्रम में नहीं पहुंचे।

कलेक्टर एवं विधायक के अन्य शासकीय कार्यक्रमों में व्यस्त रहने की जानकारी प्रशासन की ओर से दी गई।

प्रशासनिक अधिकारियों एवं विभागीय कर्मचारियों ने संभाला मोर्चा

इसके बाद जनसुनवाई की जिम्मेदारी प्रशासनिक अधिकारियों एवं विभागीय कर्मचारियों ने संभाली। अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और प्राप्त आवेदनों का पंजीयन कर संबंधित विभागों को भेजने की प्रक्रिया शुरू की। जनसुनवाई के दौरान पेयजल संकट, सड़क निर्माण, बिजली आपूर्ति, राशन कार्ड, पेंशन तथा राजस्व प्रकरणों से जुड़ी शिकायतें प्रमुख रूप से सामने आईं। कुछ मामलों में मौके पर ही समाधान किया गया, जबकि अन्य मामलों में जांच कर शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। ग्रामीणों में यह चर्चा भी रही कि यदि कलेक्टर एवं विधायक स्वयं उपस्थित होते तो कई मामलों का तत्काल निर्णय संभव हो सकता था। कई लोग न्याय की उम्मीद में घंटों इंतजार करते रहे और कार्यक्रम समाप्त होने तक अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए।

खबर संक्षेप

श्री शनिदेव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव कल से

अभनपुर। ग्राम पी. जामगांव में भगवान शनि देव महाराज मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन 16 मई शनिवार को किया जाएगा। यह आयोजन समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से संपन्न कराया जा रहा है, जिसे लेकर गांव में उत्साह का माहौल बना हुआ है। कार्यक्रम के तहत 15 मई को कलश यात्रा एवं वेदी पूजन का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पूजा-अर्चना की। वहीं 16 मई को विधि-विधान के साथ मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा संपन्न होगी तथा इसके पश्चात महाप्रसाद वितरण किया जाएगा।समिति सदस्य दिनेश साहू ने बताया कि आयोजन को सफल बनाने के लिए ग्रामीणों द्वारा विशेष तैयारियां की जा रही हैं।

वृद्ध ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, मर्ग कायम

आरंग । थाना आरंग क्षेत्र के रविदास नगर में एक 67 वर्षीय वृद्ध ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान साधु राम रात्रे पिता स्व. कालूराम, उम्र 67 वर्ष, निवासी रविदास नगर आरंग के रूप में हुई है। घटना 12-13 मई 2026 की दरमियानी रात रविदास नगर स्थित सतीश अग्रवाल के प्लॉट में हुई, जहां मृतक ने नीम के पेड़ में प्लास्टिक की रस्सी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मृतक के पुत्र ओमप्रकाश रात्रे ने 13 मई को सुबह 9 बजे थाना आरंग में दी। आत्महत्या के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

अरुंधति विद्यालय में चयन प्रक्रिया पूरी, सूची जारी

आरंग। पीएमश्री अरुंधति देवी उत्कृष्ट विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु कक्षा पहली एवं अन्य कक्षाओं में प्रवेश के लिए लॉटरी प्रक्रिया का आयोजन बुधवार को पारदर्शिता एवं निर्धारित नियमों के अनुरूप संपन्न हुआ। प्रवेश प्रक्रिया में शासन द्वारा निर्धारित सभी दिशा-निर्देशों एवं नियमों का पूर्णतः पालन किया गया। लॉटरी प्रक्रिया के दौरान अभिभावकों एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में विद्यार्थियों के नामों का चयन निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से किया गया। कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री दिनेश शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा नियुक्त प्रतिनिधि श्री शैलेन्द्र कुमार पटले, एसएमडीसी अध्यक्ष श्री खिलेश धुरंधर सहित विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे। उपस्थित अधिकारियों ने विद्यालय प्रशासन द्वारा अपनाई गई पारदर्शी प्रक्रिया की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की निष्पक्ष व्यवस्था से अभिभावकों का विश्वास मजबूत होता है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय, तहसील कार्यालय, नगरपालिका एवं जनपद पंचायत कार्यालय सहित अन्य कार्यालयों में प्रवेश सूची चस्पा करने हेतु भेजी जा चुकी है।

ईंधन संकट के बीच आई राहत की एक खबर

अब रिहायशी इलाकों से लेकर हाईवे तक नजर आएंगे ईवी चार्जिंग स्टेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में इस समय पेट्रोल डीजल की समस्या से लोग जूझ रहे हैं, इसी समय लोगों को ईवी यानी इलेक्ट्रिक व्हीकल की भी याद आ रही है। हालांकि राज्य में इन वाहनों के लिए चार्जिंग स्टेशनों की संख्या बेहद कम है, लेकिन राज्य सरकार ने लोगों को अब इस चिंता से उबार दिया है। छत्तीसगढ़ में अब रिहायशी कॉलोनी से लेकर हाईवे तक ईवी चार्जिंग स्टेशन नजर आएंगे। दरअसल राज्य सरकार ने पहली बार इस संबंध में नियम बनाकर इसे लागू भी कर दिया है।

हरिभूमि सरोकार

ये है मामला

छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य में इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए 'भूमि विकास नियम' में बड़े बदलाव किए हैं। नए नियमों के तहत अब रिहायशी इलाकों से लेकर नेशनल हाईवे तक पर चार्जिंग स्टेशन और सर्विस सेंटर खोलना आसान हो जाएगा। इस काम के लिए आवास एवं पर्यावरण विभाग ने छत्तीसगढ़ भूमि विकास नियम, 1984 में संशोधन करते हुए इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए नए विकास मानदंड निर्धारित किए हैं।

जारी हुए नए नियम

चार्जिंग स्टेशनों के लिए तय हुए मानक

सरकार द्वारा जारी नई गाइडलाइंस के अनुसार, इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग और सर्विस सेंटर के लिए जमीन और सुविधाओं की श्रेणियां तय कर दी गई हैं। न्यूनतम स्थान- पब्लिक चार्जिंग स्टेशन (पीसीएस) के लिए कम से कम 13.5 मीटर x 5.5 मीटर जगह अनिवार्य होगी। फ्लूइड कूल्ड स्टेशन- भारी वाहनों और लंबी दूरी की यात्रा के लिए बनने वाले फ्लूइड कूल्ड बैटरी चार्जिंग स्टेशन (एफसीबी सीएस के लिए कम से कम 15 मीटर x 7 मीटर जगह की जरूरत होगी। पार्किंग का नियम- स्टैंडअलोन चार्जिंग स्टेशनों के लिए कुल पार्किंग क्षमता का केवल 20 प्रतिशत हिस्सा ही इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए माना जाएगा और इसी आधार पर चार्जिंग पॉइंट्स का अनुपात तय होगा।

कहां-कहां खुल सकेंगे ये केंद्र

सरकार के मुताबिक उन क्षेत्रों को भी चिन्हित किया गया है जहां ये केंद्र स्थापित किए जा सकते हैं। इनमें मध्य क्षेत्र, जिला केंद्र, सामुदायिक केंद्र, शहरी क्षेत्रों में आवासीय और औद्योगिक क्षेत्र, नेशनल और स्टेट हाईवे के किनारे, और माल परिवहन कॉम्प्लेक्स शामिल हैं। हालांकि, सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह शर्त रखी गई है कि ये केंद्र ऐसी सड़कों पर नहीं बनाए जा सकेंगे जिनका 'राइट ऑफ वे' (सड़क की चौड़ाई) 30 मीटर से कम हो। पुराने शहरी क्षेत्रों में विशेष मामलों में ही अनुमति दी जाएगी। हाईवे के दोनों ओर हर 25 किलोमीटर पर एक पब्लिक चार्जिंग स्टेशन होगा। हर 100 किलोमीटर पर फास्ट चार्जिंग की सुविधा या फ्लूइड कूल्ड बैटरी चार्जिंग स्टेशन उपलब्ध कराया जाएगा। बैटरी स्वैपिंग स्टेशन (बैटरी बदलने की सुविधा) का विकल्प भी सेवा प्रदाताओं को दिया गया है।

बूथों की कुंडली तैयार

भाजपा का अभी से 2028 के विधानसभा चुनाव पर फोकस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश भाजपा संगठन का अभी से 2028 के विधानसभा चुनाव पर फोकस प्रारंभ हो गया है। एसआईआर के बाद प्रदेश में करीब तीन हजार बूथों का इजाफा हो गया है। भाजपा का हमेशा से ही बूथों पर बड़ा फोकस रहता है। भाजपा ने तो नए सिरे से सभी बूथों की कुंडली भी बना ली है। अब लगातार बैठकों का दौर प्रारंभ करके कमजोर बूथों को चिन्हित कर उनको मजबूत करने का काम किया जाएगा। भाजपा की कार्यसमिति में भी अभी से विधानसभा चुनाव की तैयारी करने पर मंथन किया गया है।

भाजपा की चुनावों को लेकर हमेशा से ही अलग रणनीति रहती है। भाजपा किसी भी राज्य में चुनाव की तैयारी काफी पहले से प्रारंभ कर देती है। अप्रैल और मई में पांच राज्यों के चुनाव के बाद भाजपा ने अभी से 2027 और 28 में जिन भी विधानसभाओं में चुनाव होने हैं उसकी तैयारी प्रारंभ कर दी है। अपने राज्य छत्तीसगढ़ मे 2028 में चुनाव होगा। इसके लिए अभी करीब ढाई साल का समय है, लेकिन यहां पर अभी से तैयारी करने का काम प्रारंभ कर दिया गया है।

बैठकों में कमजोर बूथों पर चर्चा के बाद इनको किया जाएगा मजबूत

बूथों पर बड़ा फोकस

भाजपा का हमेशा से ही बूथों पर बड़ा फोकस रहता है। बूथों को मजबूत करके भाजपा चुनाव जीतने का काम करती है। पिछले चुनाव में भी बूथों की पूरी कुंडली तैयार करके कमजोर बूथों पर फोकस किया गया और भाजपा एक बार फिर से सत्ता में वापस आई। अब एसआईआर के बाद प्रदेश में करीब 25 हजार बूथों के स्थान पर करीब 28 हजार बूथ हो गए हैं तो भाजपा ने उन तीन हजार नए बूथों के साथ पुराने बूथों की भी कुंडली तैयार कर ली है। अब इसी माह से भाजपा की बैठकों की दौर प्रारंभ होने वाला है। इसमें बूथों की बैठक के साथ शक्ति केंद्र, मंडल और जिलों की बैठक होगी तो इसमें बूथों को लेकर खास मंथन होगा किस मंडल और किस जिले में कितने बूथ ऐसे हैं जो कमजोर हैं। इसके बाद इन बूथों को मजबूत करने की रणनीति तैयार करके इनको मजबूत किया जाएगा। भाजपा के पास हर बूथ के लिए पन्ना और पेज प्रभारी हैं। इनको बड़ी जिम्मेदारी दी जाएगी।

पेट्रोल बचत की अपील भाजपा की नाकमी व महंगाई का गिफ्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंदिर हसौद

पूर्व कैबिनेट मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. शिवकुमार डहरिया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया 'बचत अपीलों' और देश भर में हो रही पेट्रोल-डीजल की किल्लत पर केंद्र सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। डॉ. डहरिया ने इसे सरकार के आर्थिक दिवालियापन का 'आधिकारिक दस्तावेज' करार देते हुए कहा कि अपनी विफलताओं का बोझ आम जनता पर डालना बेहद शर्मनाक है।

■ पूर्व मंत्री डा. शिवकुमार डहरिया ने भाजपा सरकार की आलोचना की

डॉ. डहरिया ने राहुल गांधी के बयानों का पुरजोर समर्थन करते हुए कहा कि पीएम की अपीलें कोई मार्गदर्शन नहीं बल्कि इस बात का सबूत हैं कि देश की अर्थव्यवस्था सरकार के नियंत्रण से बाहर हो चुकी है। उन्होंने कहा कि /"जो सरकार 'अच्छे दिन' का वादा करके सत्ता में आई थी, वह आज युद्ध और संकट का बहाना बनाकर जनता को बुनियादी जरूरतों—ईंधन, सोना और यात्रा—में कटौती करने का उपदेश दे रही है। यह सीधे तौर पर आम नागरिकों के अधिकारों और उनकी खुशियों पर प्रहार है।"

पेट्रोल पंपों पर तेल की कमी का मुद्दा उठाते हुए डॉ. डहरिया ने एक गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि पाँच राज्यों के चुनाव नतीजे आने के बाद अब सरकार पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ाने की तैयारी में है। पूरे देश में 'स्टॉक की कमी' का झूठा बहाना बनाकर जनता को परेशान किया जा रहा है। जैसे ही तेल कंपनियां दाम बढ़ा देंगी, पेट्रोल पंपों पर स्टॉक जादुई रूप से वापस आ जाएगा। यह जनता की जेब काटने का सुनियोजित खेल है।

दीनदयाल के उपन्यास 'पीरा' का विमोचन

रायपुर। सिविल लाइंस स्थित न्यू सर्किट हॉऊस के सभागार में गुरुवार को छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग द्वारा एक दिवसीय साहित्यिक आयोजन किया गया। इस अवसर पर साहित्यकार व संपादक डॉ. दीनदयाल साहू की कृति छत्तीसगढ़ी उपन्यास 'पीरा' का विमोचन किया गया। उनका यह तीसरा उपन्यास है। साथ ही दो छत्तीसगढ़ी उपन्यास अंतस के पीरा और सोनहा माटी प्रकाशनाधीन हैं। इसके अलावा छत्तीसगढ़ी और हिंदी सहित कई विधाओं में 18 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी है। विमोचन के अवसर पर विधायक सुनील सोनी, विधायक अनुज शर्मा, इतिहासकार डॉ. रमेंद्रनाथ मिश्र, राजभाषा आयोग के अध्यक्ष प्रभात मिश्रा के अलावा अरुण निगम, शशि दुबे, जोशी बहनें सहित रायपुर जिले के अलावा अन्य जिलों की भी साहित्यिक प्रतिभाएं उपस्थित रहीं।

सुशासन तिहार के विरोध में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन, किसानों के मुद्दे उठाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिलयारी\आरंग

ब्लॉक कॉंग्रेस कमेटी धरसीवा द्वारा ग्राम तिवरैया में भारतीय जनता पार्टी के "सुशासन तिहार" कार्यक्रम का जोरदार विरोध किया गया। यह विरोध प्रदर्शन जिला कॉंग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के अध्यक्ष श्री राजेंद्र "पप्पू" बंजारे के नेतृत्व तथा ब्लॉक कॉंग्रेस के अध्यक्ष आशीष वर्मा के नेतृत्व में जमकर विरोध किया गया। जिला कॉंग्रेस अध्यक्ष श्री राजेंद्र "पप्पू" बंजारे ने कहा कि भाजपा सरकार केवल दिखावटी कार्यक्रमों के जरिए सुशासन का भ्रम फैलाने का प्रयास कर रही है, जबकि जमीनी स्तर पर किसान बदहाल हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को खाद के लिए लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है और सरकार इसे उपलब्धि बताकर जनता को गुमराह कर रही है। कॉंग्रेस पार्टी किसानों के साथ हो रहे अन्याय को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं करेगी। प्रदेश कार्यकारिणी ओबीसी विभाग के अध्यक्ष श्री भावेश बघेल ने कहा कि जब किसान संकट से जूझ रहे हों, युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा हो और महँगाई लगातार बढ़ रही हो, तब सरकार द्वारा उत्सव मनाना जनता की भावनाओं के साथ मजाक है।

■ तिवरैया शिविर में किया विरोध-प्रदर्शन

कार्यक्रम में पूर्व जिला कॉंग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्री उधोराम वर्मा, पूर्व ब्लॉक कॉंग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्री दुर्गेश वर्मा, मंडल अध्यक्ष श्री साहिल खान, नगर पंचायत कुंरा कॉंग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्री सुरेश साहू, ब्लॉक कॉंग्रेस कमेटी महामंत्री श्री देवेंद्र खेलवार, मंडल उपाध्यक्ष श्री कमल साहू, ब्लॉक कॉंग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष श्री मोहन साहू, ब्लॉक कॉंग्रेस कमेटी सचिव श्री नारद साहू, श्री दीपक साहू, एनएसयूआई सचिव श्री राकेश निषाद सहित बड़ी संख्या में कॉंग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

जैविक खेती के लिए किसानों को दें प्रोत्साहन राशि : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरपोंगी

किसान नेता व पूर्व जिला पंचायत सभापति राजू शर्मा ने कहा कि रासायनिक खाद का उपयोग नहीं करने से उत्पादन घटेगा और किसानो का आर्थिक भार बढ़ेगा। देश के प्रधानमंत्री ने रासायनिक एवं उर्वरकों का उपयोग कम करने की किसानों को दी गई नसीहत को किसान नेता राजू शर्मा ने चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि जैविक खेती करने के लिए कम से कम 4 साल समय लगेगा ऐसे में किसानों को उत्पादन का फसलों का प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि दे। क्योंकि अब देश जैविक खाद की उपलब्धता नहीं के बराबर है जैविक खेती करने से किसान कर्ज में डूब जाएगा। डीजल पेट्रोल के बिना खेती संभव नहीं है छोटी किसान सीमांत एवं लघु कृषक अब बैल एवं बैलगाड़ी के भरोसे खेती नहीं कर सकता। ट्रैक्टर के अलावा किसानों के पास कोई विकल्प नहीं है। वर्तमान में जैविक खाद के लिए पर्याप्त मात्रा में गोबर भी उपलब्ध नहीं है क्योंकि किसानों के पास या पशु पालक पशु भी नहीं रख रहा है। बिना रासायनिक उर्वरक खाद की खेती खत्म होने की आशंका है।

पीएम श्री माना कैम्प विद्यालय में पारदर्शिता के साथ बच्चों का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पीएम श्री माना कैम्प विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा पहली में प्रवेश के लिए लॉटरी प्रक्रिया का आयोजन दिनांक 13 मई को पूर्ण पारदर्शिता एवं निर्धारित नियमों के अनुरूप सम्पन्न हुआ। प्रवेश प्रक्रिया में शासन द्वारा निर्धारित सभी दिशा निर्देशों एवं नियमों का पूर्णतः पालन किया गया। लाटरी प्रक्रिया के दौरान अभिभावकों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में विद्यार्थियों के नामों का चयन निषक्ष एवं पारदर्शी तरीके से किया गया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा नियुक्त प्रतिनिधि प्राचार्य श्रीमती कीर्ति सोनी (सेजेस रायपुरा), प्राचार्य श्रीमती सुशीला तिवारी (पीएम श्री सेजेस माना कैम्प) एस.एम.डी.सी अध्यक्ष श्री नंद लाल बर्मन, समस्त विद्यालयीन स्टॉफ एवं अभिभावकगण उपस्थित रहे।

दिव्य मुस्कान समर कैंप में नैतिक मूल्यों की सीख दी

आरंग। ब्रह्माकुमारीज अमर ज्योति भवन गुढियारी पारा आरंग में 8 मई से 14 मई तक आयोजित "दिव्य मुस्कान समर कैंप" का समापन सत्र गुरुवार को आयोजित किया गया है। सात दिनों तक चले इस शिविर में बच्चों को सनातन संस्कृति, नैतिक मूल्यों एवं आध्यात्मिक ज्ञान का प्रशिक्षण दिया गया, जिसका बच्चों ने भरपूर लाभ लिया। समापन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कार वितरण कर सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में बच्चों के माता-पिता एवं पालकों की भी विशेष उपस्थिति रहेगी। शिविर के दौरान बच्चों को राजयोग, ध्यान, व्यक्तित्व विकास, अनुशासन एवं सकारात्मक सोच से जुड़ी गतिविधियों के माध्यम से संस्कारवान बनने की प्रेरणा दी गई। ब्रह्माकुमारीज आरंग की मुख्य संचालिका लता दीदी ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि जीवन में हमेशा अपने से बड़े और छोटे सभी लोगों को प्रेम एवं सम्मान देना चाहिए। जब हम दूसरों को सम्मान देते हैं, तो बदले में हमें कई गुना अधिक प्यार और सम्मान प्राप्त होता है।

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं, शंकर लाल सेन, पिता श्री गांधी राम सेन, निवासी 39/350, छत्तीसगढ़ नगर, टिकरापारा, वार्ड नं. 50, रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.) – 492001, ने अपना पुराना नाम त्याग कर नया नाम शंकर लाल सेन रख लिया है।

अतः भविष्य में मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय एवं अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम शंकर लाल सेन से ही जाना एवं पहचाना जाए। भविष्य में इस संबंध में किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न होने पर उसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी मेरी स्वयं की होगी।

शंकर लाल सेन
39/350, छत्तीसगढ़ नगर,
टिकरापारा, वार्ड नं. 50,
रायपुर (छ.ग.)- 492001

In The Court Of I Civil Judge Senior Division, Baihar Court, District Balaghat
Presiding Officer: **शिवानी असाटी**
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(RCS A/0000026/2019)

अरविन्द गुप्ता.................................वादी Vs
सुश्री गुरप्रीत कौर ....प्रतिवादी

Process Id-/2026
पेशी दिनांक : 15/06/2026

प्रेषिती- (1) श्रीमती अमृता होरा स्व. श्री हरचरण सिंह पता- निवासी रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)

यह कि प्रार्थी अरविन्द गुप्ता पिता स्व. गोवर्धनप्रसाद गुप्ता, निवासी वार्ड नं. 9 स्टेट बैंक के सामने बैहर, तहसील बैहर, जिला बालाघाट म.प्र. ने आप श्रीमती अम्रता होरा पिता स्व. हरिचरण सिंह, निवासी रायपुर, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के विरुद्ध वादी के हक में यह घोषित करने कि प्रतिवादी क्रमांक 6 से 12 द्वारा प्रतिवादी क्रमांक 13,14 के हक में निष्पादित वादग्रस्त संपत्ति का रजिस्टर्ड विक्रयपत्र दिनांक 22.09.2018 पूर्णतया अवैध एवं निष्प्रभावी होकर उक्त रजिस्टर्ड विक्रयपत्र के आधार पर प्रतिवादी क्रमांक 13,14 को वादग्रस्त संपत्ति में कोई हक व अधिकार प्राप्त नहीं होता तथा उक्त रजिस्टर्ड विक्रयपत्र दिनांक 22.09.2018 वादी के विधिपूर्ण हक पर बंधनकारक नहीं है एवं प्रतिवादी क्रमांक 6 से 14 को वादी के विधिपूर्ण आधिपत्य की वादग्रस्त दुकान जो संलग्न नक्शे में लाल स्याही से ए, बी, सी, डी अक्षरों से दर्शायी गई है, में किसी भी प्रकार से दखल या बाधा उत्पन्न करने एवं तोड़फोड़ करने अथवा वादी की दुकान में अवैध कब्जा करने से स्थायी निषेधाज्ञा द्वारा निषेधित करने बाबद वाद उदघोषणा एवं स्थायी निषेधाज्ञा के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें

यह आज तारीख 04 May 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

(शिवानी असाटी)
मुहर **प्रथम व्यवहार न्यायाधीश खंड बैहर, जिला-बालाघाट (म.प्र**

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता मनीषा सोनी पति एस के सोनी, पता न्यू शांति नगर, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. से उनके हक, स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि जिसका ख.नं 782/10, रकबा 0.0096 हेक्टेयर अर्थात 1119 वर्गफुट जो कि वाके मौजा ग्राम जरवाय उर्फ हीरापुर, प.ह.न. 00035, रा.नि.मं. रायपुर -02- हीरापुर, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. मे स्थित है जिसको क्रय करने का पक्का सौदा मेरे पक्षकार से कर बयाना अदा कर इकरारनामा निष्पादित किया गया है केवल पंजीयन कार्यवाही शेष है।

यह कि उक्त वर्णित संपत्ति के संव्यवहार के संबंध में किसी भी व्यक्ति बैंक, वित्तीय संस्थान, बोर्ड, निकाय, संस्था इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति या उजर दावा हो तो इस आम-सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज मेरे समक्ष उपस्थित होकर दर्ज करावें तथा म्याद पश्चात उपरोक्त भूमि के बैनामा पंजीयन की कार्यवाही मेरे पक्षकार द्वारा संपन्न करा ली जावेगी म्याद पश्चात की गई आपत्ति मान्य ना होकर विधिक रूप से शून्य होगी तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी ।

सो सूचना जाने ।

रायपुर छ.ग.
दिनांकः-14/05/2026

अरमान खान, अधिवक्ता
मोवा मस्जिद के पास,
मोवा, रायपुर छ.ग.
मो नं 9329110837

// आम सूचना //

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार कुबेर शर्मा पिता श्री पुरुषोत्तम शर्मा निवासी-ब्लाक-1, फ्लैट नं.-2 डी श्रीकृष्णा नगर, पहाड़ी चौक, गुढियारी, जिला रायपुर छ.ग. ने विक्रेता- ज्ञानचंद टाटिया, पिता-ठाकुर लाल टाटिया निवासी ऋषभ कुंज जय जरही माता मार्ग, छोटू किराना भंडार के आगे, राजीव नगर बस्ती के पीछे, मोहबा बाजार, टाटीबंध, रायपुर छ.ग. से उनकी भूमि स्वामी हक स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि जो कि वाके मौजा ग्राम डुमरतालाब, प.ह.नं.-53, रा.नि.मं.- रायपुर- 3- कोटा, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर-150/16 का भाग रकबा 20x52=1040 वर्गफुट अर्थात 96.6196 वर्गमीटर भूमि को मेरे पक्षकार द्वारा क्रय करने बाबत पक्का सौदा कर विक्रय इकरारनामा निष्पादित कर अग्रिम बयाना राशि 71,000/- रूपये दो गवाहो के समक्ष अदा कर दिया गया हैं, उक्त संपत्ति का बैनामा पंजीयन किया जाना शेष है। अतः एतद द्वारा सर्वसाधारण जनता, व्यक्ति, विक्रेता के वारिसानों, संस्था, निकाय, निगम सरकारी, गैर सरकारी संस्था, बैंक, वित्तीय संस्थाएँ इत्यादि को सूचित किया जाता है कि यदि उक्त सौदे में उन्हें कोई उजर आपत्ति या दावा हो तो इस आम सूचना प्रकाशन से 07 दिवस के भीतर में मेरे नीचे लिखे पते में दस्तावेज सहित आपत्ति दावा प्रस्तुत करें। समयावधि व्यतीत होने के पश्चात मेरा पक्षकार उक्त संपत्ति के विक्रय विलेख का निष्पादन एवं पंजीयन अपने पक्ष में करवा लेगें एवं बाद म्याद की गई कोई भी आपत्ति अवैध एवं शून्य मानी जावेगी जो मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी। अतः सूचना जाने ।

दिनांक-14.05.2026
स्थान- रायपुर (छ.ग.) **भवदीय**
वासु कौशिक (अधिवक्ता)
पता- म.नं.-67, गीतांजली नगर,
शंकर नगर, रायपुर मो.नं.- 8962360702

न्यायालय-आयुक्त कर्मकार क्षतिपूर्ति अधिनियम, श्रम न्यायालय जबलपुर म.प्र. जिला एवं सत्र न्यायालय जबलपुर म.प्र.

सूचना पत्र

प्रति,

1 श्री संतोष अनंत पिता श्री मुकुट अनंत पता - बोरिया खुर्द चंद्रिका विहार कॉलोनी रायपुर डेवलपमेंट ऑथोरिटी के पास पुलिस थाना- टिकरापारा, रायपुर छ.ग.

विषयः- प्रकरण क्रमांक- 200/2023 / फैटल (श्री नीरज सिंह विरूद्ध संतोष अनंत, में उपस्थिति बाबत।

आपको इस सूचना पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि, आपके विरूद्ध आवेदक श्री नीरज सिंह, ने न्यायालय में प्रकरण पंजीबद्ध कराया है। प्रकरण में आगामी दिनांक 20.06.2026 को आपकी उपस्थिति व जबाबदावा तथा दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु नियत है। आप उक्त दिनांक-20.06.2026 को स्वयं या अधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर जबाबदावा तथा दस्तावेज प्रस्तुत करें आपके अनुपस्थित रहने पर विधि अनुसार आगामी कार्यवाही सुनिश्चत की जावेगी।

नोट करे।

दिनांक-07.04.2026
स्थान- जबलपुर
(जगमोहन सिंह)
आयुक्त कर्मकार क्षतिपूर्ति अधिनियम, श्रम न्यायालय जबलपुर म.प्र.

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

प्रस्तुति : हेमंत वर्मा, संवाददाता, हरिभूमि / आई.एन.एच. न्यूज धरसीवां, मो. 916577445

प्रस्तुति : हेमंत वर्मा, संवाददाता, हरिभूमि / आई.एन.एच. न्यूज धरसींवां, मो. 9165774445